हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शनिवार ● 04.01.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 163 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## कोहरे का कहर : एनएच पर बस और ट्रक में टक्कर, दो की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया के कसियाडीह मोड़ पर शुक्रवार सुबह 7.15 बजे घने कोहरे के कारण दर्दनाक घटना हो गई। जेपीएस यात्री बस और एक ट्रक में आमने-सामने की टक्कर हो गयी, जिससे ट्रक ड्राइवर और बस में सवार एक यात्री की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायलों को नवजीवन हॉस्पिटल तुंबागड़ा में भर्ती कराया गया। बाद में वहां से छह यात्रियों की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। 12 अन्य जख्मी यात्रियों का इलाज स्थानीय स्तर पर करने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

दुर्घटना की सूचना मिलने पर बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, प्रभारी थाना प्रभारी एसआई विश्वनाथ कुमार राणा, सुधीर सिंह, एसआई रामकुमार उपाध्याय, एएसआई राजीव रंजन, योगेश चंद्र वोपाई, एएसआई गणेश मुंडा, बसंत महतो पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से सभी यात्रियों को इलाज के लिए भेजा गया।

मृत ट्रक ड्राइवर की पहचान उत्तर प्रदेश के एटा जिले के कलुवा थाना अंतर्गत टोलो गांव निवासी पुष्पेंद्र कुमार (35) और सतबरवा थाना क्षेत्र के मुक्ता गांव के रियायत मियां (52) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

बकोरिया के मो. अकबर, सुबोध कुमार, विपिन रवि ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद एएसआई राजीव रंजन दल बल के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर बस चालक को बाहर निकाला। चालक स्टेयरिंग में बुरी तरह फंसा हुआ था, उसे सबल के सहयोग से निकाला गया। ट्रक खलासी अंकित कुमार का पैर कटकर अलग हो गया था। रियासत मियां अपनी पत्नी के साथ ताबर गांव से सवार होकर रांची इलाज कराने जा रहे थे।

पुलिस ने बताया कि बस मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही थी। एक वाहन से ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। सवारियों में चीख पुकार मचने पर ग्रामीण दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे। एंबुलेंस के अभाव में टेंपो पर लादकर सभी घायलों को पुलिस की मदद से इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा गया। इस क्रम में दोनों ओर से करीब ढाई घंटे तक सड़क जाम रहा।

सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने हॉस्पिटल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और गंभीर रूप से घायलों को सरकारी एंबुलेंस से रांची तथा डालटनगंज इलाज के लिए भेजवाया। उन्होंने बताया कि घटना दुखद है। गंभीर रूप से घायल छह लोगों को अच्छे इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है। इनमें रोजनी बीबी, फिरोज अंसारी, जेपीएस बस चालक शशि पांडेय, अंकित कुमार सहित अन्य दो शामिल हैं।

प्रभारी थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि अधिक कोहरा होने के कारण बस और ट्रक मे जोरदार टक्कर हुई। दुर्घटना के बाद दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये। दोनों ड्राइवर वाहन में फंस गए थे, जिन्हे मुश्किल से बाहर निकाला गया। ट्रक ड्राइवर की मौके पर मौत हुई। एक बस यात्री ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### एक नजर

### पुलिस मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**गरियाबंद :** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित सोरनामाल जंगल में सुरक्षाबलों ने तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ के बाद तीन नक्सलियों के पास से कई ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए गए हैं। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और स्पेशल टास्क फोर्स की टीम के साथ नक्सलियों की शुक्रवार सुबह मुठभेड़ हुई है। इसमें छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों के लगभग 300 जवान मौके पर मौजूद हैं। ओडिशा के नवरंगपुर की ओर से भी जवानों ने घेराबंदी की थी, जिससे नक्सलियों को भागने का मौका नहीं मिला। हालांकि शुरूआती जानकारी के अनुसार मारे गए नक्सली बस्तर से भागकर इस क्षेत्र में सक्रिय थे। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग अभियान जारी है। इस अभियान में कई नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है। जवानों के लौटने के बाद ही इसकी विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।

### अर्जुन अवॉर्ड के लिए चयन होने पर सलीमा टेटे को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**रांची :** झारखंड की बेटी सलीमा टेटे का चयन अर्जुन अवॉर्ड के लिए किया गया है। देश के 32 खिलाड़ियों को इस अवार्ड से नवाजा जाएगा उसमें झारखंड के सिमडेगा की बेटी सलीमा टेटे का भी नाम है। सभी खिलाड़ियों को 17 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस खबर के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्री चमरा लिंडी ने सलीमा टेट के बधाई दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड की बेटी अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, ओलंपियन और भारतीय महिला हॉकी टीम के कैप्टन सिमडेगा निवासी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार की लिए चयन किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह सम्पूर्ण झारखंड के लिए गौरव का क्षण है। हम सभी आपके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। बता दें कि झारखंड की सिमडेगा जिले के बड़की छापर की गांव की रहने वाली सलीमा टेटे वर्तमान में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान भी है।

### मुख्यमंत्री से मंत्री, सांसद, विधायक और अधिकारियों ने की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को मंत्री, सांसद, विधायक, आईएएस और आईपीएस सहित अन्य ने मुलाकात की। सभी ने मुख्यमंत्री को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दी। मुलाकात करने वालों में मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, राजमहल सांसद विजय हांसदा, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह, चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक, कांके विधायक सुरेश बैठा, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल थे। इसी प्रकार मुख्यमंत्री से खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय एवं पूर्व मंत्री बेबी देवी ने भेंट कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दी।

### मुख्यमंत्री ने जयपाल सिंह मुंडा और सावित्रीबाई फुले को जयंती पर किया याद

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जयपाल सिंह मुंडा और सावित्रीबाई फुले को उनकी जयंती पर याद किया। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में शुक्रवार को लिखा है कि झारखंड की माटी के लाल, संविधान सभा के सदस्य और पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर शत-शत नमन। सोरेन ने लिखा कि जयपाल सिंह मुंडा को सम्मान देते हुए अबुआ सरकार के जरिये ओवरसीज स्कॉलरशिप योजनाओं को चलाया जाता है, जिसमें वंचित समाज के युवा हर वर्ष विदेश में सौ प्रतिशत स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा लेते हैं। हेमंत सोरेन ने दूसरे पोस्ट में लिखा कि देश की पहली महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती पर शत-शत नमन। झारखंड की लाखों बेटियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़कर उनके सपनों को पंख देने का काम कर रही है अबुआ सरकार।

## झारखंड में लगातार चल रही हवा से बढ़ी कनकनी, छाया रहेगा कोहरा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में लगातार चल रही हवा ने कंपकंपी बढ़ा दी है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर झारखंड में भी दिख रहा है। हवाओं ने झारखंड में ठंड बढ़ा दी है। राजधानी रांची के कांके में पारा लुढ़क कर 3.3 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, चार, पांच और छह जनवरी को सुबह कोहरा छाया रहेगा। साथ ही आंशिक रूप से बादल छाये रहने की भी संभावना है। राजधानी रांची में शुक्रवार को सुबह में हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहा लेकिन बाद में धीरे-धीरे आसमान साफ हो गया। हालांकि, चल रही हवाओं की वजह से लोगों को काफी ठंड का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 08.0 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेंटीग्रेड खूंटी में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 26.8 डिग्री सेंटीग्रेड सिमडेगा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर झारखंड में भी दिख रहा है। हवाओं ने झारखंड में ठंड बढ़ा दी है। राजधानी रांची के कांके में पारा लुढ़क कर 3.3 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गया है। वहीं खूंटी का न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार से अगले दो दिन तक न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेंटीग्रेड तक वृद्धि हो सकती है।

### मंत्री ने चान्हो में बैंक की कम शाखाओं पर जताई चिंता

**रांची :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान शुक्रवार को चान्हो में बैंक की कम शाखाओं पर चिंता जाहिर की। मंत्री ने पंजाब नेशनल बैंक में क्षेत्र के लोगों को आ रही परेशानियों को लेकर बैठक की। साथ ही राज्य सरकार के जरिये किसानों के लिए चलाई जा रही दो लाख रुपये तक की ऋण माफी योजना में आ रही अड़चनों को लेकर बैंक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी केवाईसी को लेकर हो रही है। केवाईसी नहीं होने से क्षेत्र के लोग सरकार की योजना का समय पर लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इस दौरान बैंक की शाखाओं में कैसे इजाफा हो इस पर भी बैंक अधिकारियों के साथ चर्चा की। बैंक की शाखा चान्हों में कम होने से ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। इस दौरान मंत्री ने चान्हों प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया।

## समन की अवहेलना मामले में हेमन्त को जवाब देने के लिए कोर्ट ने दिया चार सप्ताह का समय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे मामले को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से ईडी के जवाब (प्रतिशपथ पत्र) पर प्रति उत्तर दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय देने का आग्रह किया। कोर्ट ने आग्रह स्वीकार करते हुए चार सप्ताह का समय हेमन्त सोरेन को प्रदान किया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से ईडी के जरिये दर्ज शिकायतवाद को निरस्त करने का आग्रह हाई कोर्ट से किया गया है। इसमें हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया है कि ईडी के जिस समन पर नहीं गए थे उसका उन्होंने जवाब दे दिया था। इसके बाद वह समन लैप्स कर गया था। नए समन पर हेमन्त सोरेन के ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे और समन का अनुपालन किया था। ईडी ने दुर्भावना से प्रेरित होकर उन्हें बार-बार समन जारी किया था।

दरअसल, ईडी की ओर से समन की अवहेलना मामले में शिकायतवाद सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई थी। सीजेएम कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए हेमंत सोरेन को हाजिर होने का आदेश दिया था लेकिन वे चार तिथियों पर सीजेएम कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए थे। हालांकि, अब यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट स्थानांतरित हो चुका है लेकिन हेमंत सोरेन पिछली कई तिथि को भी एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। इसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित पिटीशन को खारिज कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई थी। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी के वरिष्ठ अधिकारी देवव्रत झा की ओर से बताया गया है कि हेमंत को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही वह उपस्थित हुए थे।

## पीएलएफआइ के तीन नक्सली गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** कर्रा, तोरपा, कमडारा जरियागढ़ आदि थानों में पुलिस के लिए परेशानी का सबब बन चुके प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के तीन सक्रिय नक्सलियों को पुलिस ने गुरुवार को जरियागढ़ थाना के बकसपुर जंगल से गिरफ्तार कर लिया। है। गिरफ्तार नक्सलियों में कुख्यात नक्सली प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू, कमलेश गोप उर्फ लंबू और राम दयाल सिंह शामिल है। पकड़े गये नक्सलियों के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, पीएलएफाआइ के 14 पर्चे और चार मोबाइल बरामद किये गये हैं। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। बताया गया कि प्रशांत कामडारा थाना क्षेत्र के कुली गांव का रहनेवाला है, जबकि कमलेश गोप बकसपुर किनुटोली और राम दयाल सिंह बड़का रेगरे गांव का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि प्रशांत एक साल तक जेल में रहने के बाद हाल में जमानत पर बाहर निकला है और नक्सली गतिविधियों में संलिप्त हो गया।

एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआइ के कुछ नक्सली किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं और बकसपुर जंगल में जमा हैं। सूचना के आलोक में एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर जंगल में छापामारी की गई और तीनों नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम में एसडीपीओ के अलावा पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, जरियागढ़ के थाना प्रभारी राजू कुमार, रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जयसवाल, कमडारा के थाना प्रभारी शशि कुमार, कमडारा थाना के एसआई नीरज कुमार, जरियागढ़ थाना के एसआई मनीष कुमार के अलावा सशस्त्र बल शामिल थे।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ तोरपा थाने में चार मामले दर्ज हैं, जबकि जरियागढ़ थाने में भी एक मामला दर्ज है। कमलेश कुमार के खिलाफ भी जरियागढ़ थाने में उग्रवादी गतिविधियां को लेकर एक मामला दर्ज है।

## चंदन गुप्ता हत्याकांड में एनआइए कोर्ट का बड़ा फैसला, सभी 28 दोषियों को उम्रकैद की सजा

एजेंसी

**लखनऊ :** चंदन गुप्ता हत्याकांड मामले में सभी 28 दोषियों को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। उत्तर प्रदेश के कासगंज में 26 जनवरी 2018 को निकाली गई तिरंगा यात्रा के दौरान चंदन गुप्ता की हत्या कर दी गई थी। करीब सात साल चले मुकदमे के बाद कोर्ट ने सभी दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। चंदन गुप्ता मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की विशेष कोर्ट ने फैसला सुनाया है। इससे पहले कोर्ट ने कल यानी गुरुवार (2 जनवरी 2025) को 28 आरोपियों को दोषी करार दिया था।

### केस को लेकर सरकारी वकील का आया बयान

चंदन गुप्ता हत्याकांड मामले में जिला सरकारी वकील मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। दो लोगों को बरी कर दिया गया है। हम उनके बरी होने के खिलाफ अपील करेंगे। मुख्य आरोपी सलीम को अतिरिक्त 7 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है।

### चंदन गुप्ता के भाई करेंगे फांसी की मांग

कोर्ट को फैसले को लेकर चंदन गुप्ता के भाई विवेक गुप्ता ने कहा है कि मेरे भाई की हत्या कर दी गई और आरोपियों को आजीवन कारावास और 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। उन्होंने कहा कि मैं वकीलों को धन्यवाद देता हूं। विवेक गुप्ता ने कहा कि हाई कोर्ट में हम मांग करेंगे कि मुख्य दोषी को फांसी दी जाए और जो दो लोग बरी हो गए हैं उन्हें भी सजा दी जाए।



### तिरंगा यात्रा के दौरान हुई थी हत्या

चंदन गुप्ता हत्या का मामला 2018 में कासगंज में हुई तिरंगा यात्रा से जुड़ा हुआ है। यात्रा में शामिल चंदन गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद यूपी में कासगंज में हिंसा भड़क गई थी। कई जगहों पर आगजनी और हिंसक प्रदर्शन हुए थे। चंदन गुप्ता हत्याकांड में उनके पिता सुशील गुप्ता सलीम नाम के शख्स को मुख्य आरोपी बनाते हुए करीब दो दर्जन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### 28 दोषी करार, दो बरी

चंदन गुप्ता हत्याकांड मामले में पुलिस ने 30 आरोपियों पर चार्जशीट लगाई थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान 28 आरोपियों को हत्याकांड का दोषी करार दिया है। जबकि, दो आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया है।

### चंदन के परिवार ने लड़ी लंबी कानूनी लड़ाई

चंदन के पिता सुशील गुप्ता ने हत्याकांड मामले में लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। मामले को लेकर आरोपी पक्ष ने हाई कोर्ट में अपील कर मामले की सुनवाई पर रोक भी लगवाई थी। जिसके बाद पीड़ित पिता लखनऊ के हजरतगंज में गांधी प्रतिमा के नीचे धरना पर बैठ गये थे। चंदन के परिवार की ओर से लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद चंदन को न्याय मिल सका। हत्याकांड के करीब सात साल बाद कोर्ट ने दोषियों को सजा सुनाई है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का महत्वपूर्ण कदम है संजीवनी सेवा कुटीर : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने संजीवनी सेवा कुटीर के भव्य उद्घाटन से ठीक एक दिन पूर्व सदर अस्पताल प्रांगण का दौरा कर तैयारियों का निरीक्षण किया। विधायक ने सुनिश्चित किया कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और भव्य हों, ताकि जनता और अतिथियों को एक उत्कृष्ट अनुभव मिल सके। कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था हेतु विधायक ने आयोजन स्थल की साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि स्थल को आकर्षक और आयोजन के उद्देश्य के अनुरूप सजाया जाए। जनता और अतिथियों की सुविधा हेतु उन्होंने जनता और विशिष्ट



अतिथियों के लिए बैठने और स्वागत की व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिए। संजीवनी सेवा कुटीर का अवलोकन कर प्रसाद ने सेवा कुटीर की स्थिति की समीक्षा की और इसे उद्घाटन के लिए पूरी तरह तैयार पाया। सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था हेतु विधायक ने जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक के साथ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की संजीवनी सेवा कुटीर का उद्घाटन हमारे क्षेत्र के लिए एक अहम कदम है। यह पहल उन लोगों के लिए एक बड़ी राहत होगी, जो खासकर ग्रामीण इलाकों से अस्पताल आते हैं और उन्हें अस्पताल की प्रक्रियाओं को समझने में कठिनाई होती है। मेरा उद्देश्य है कि हर मरीज को समय पर सही इलाज और मार्गदर्शन मिल सके। इस कुटीर से न केवल स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, बल्कि मरीजों को एक सहायक और सम्मानजनक वातावरण भी मिलेगा। मैं विश्वास दिलाता हूं कि यह कुटीर चौबीसों घंटे मरीजों की सेवा में तत्पर रहेगा और कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने आगे कहा यह कुटीर सिर्फ एक हेल्प डेस्क नहीं है, बल्कि यह एक मानवीय दृष्टिकोण पर आधारित पहल है। हमें उम्मीद है कि यह पहल बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ेंगी और समाज के हर वर्ग को लाभ मिलेगा। विधायक ने मीडिया को भी इस पहल के महत्व को उजागर करने और इसके लाभ को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम 4 जनवरी 2025 को समय सुबह 12 बजे स्थानः सदर अस्पताल प्रांगण हजारीबाग में होना सुनिश्चित हुआ है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, विशिष्ट अतिथि हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय,पुलिस अधीक्षक अरविंद सिंह मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर हजारीबाग की जनता के साथ-साथ सभी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम को और अधिक गौरवान्वित करेगी।

## अधिकारी जनता का काम प्राथमिकता के साथ करें : रोशन लाल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड कार्यालय स्थित विधायक कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। बीडीओ सीओ के समक्ष बड़कागांव प्रखंड की जनता की समस्याओं को सुनी और त्वरित कार्रवाई करते हुए बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ मनोज कुमार एवं अंचल निरीक्षक नवल किशोर को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की हर काम को प्राथमिकता के साथ करें। ताकि आम जनता को किसी भी तरह के कठिनाई न हो ,जो संवैधानिक तरीके से जो कार्य होता हो उसे किसी भी कीमत में टालने का प्रयास न करें। शिकायत आने पर हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। विधायक रोशन लाल चौधरी ने नए साल 2025 के शुभ अवसर कार्यकताओं एवं ग्रामीण को भरोसा दिलाया है, कि जनता की हर समस्याओं का समाधान करना हमारा पहली प्राथमिकता होगी।



केंद्र एवं राज्य सरकार की विकास योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी को निस्वार्थ भाव कम करने की जरूरत है। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्प ,सबका साथ सबका विकास एजेंडा सफल होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री रामपति राम, बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, केंद्रीय कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, दिनेश महतो, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## छिन्नमस्तिका के दरबार में माथा टेक सांसद ने विभिन्न गांवों की जानी समस्याएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अंग्रेजी नववर्ष की शुरूआत शुक्रवार रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका के मंदिर में रामगढ़ जिले के सभी मंडलों के बीजेपी मंडल अध्यक्षों और अपने शुभचिंतकों संग पूजा- अर्चना कर किया। यहां उन्होंने मां छिन्नमस्तिके से समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात बीते दिनों सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट के सेक्शन एक खदान के समीप परमेश्वर महतो का घर और खेत प्रशासन द्वारा डोजरिंग कर गिरा दिया गया था। जहां पहुंचकर उक्त आवासीय परिसर में भुक्तभोगी परिवार से मिले और इस मामले का उचित समाधान निकालने का उन्हें। आश्वासन दिया। मौके पर पहुंचे प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट ऑफिसर से प्रशासन के इस कुकृत्य का उचित



समाधान निकालने का सख़्त दिशा-निर्देश भी दिया। रामगढ जिले के भ्रमण के दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत निमार्णाधीन रांची- धनबाद एक्सप्रेसवे के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंधित पदाधिकारियों के साथ की एवं निमार्णाधीन परियोजना से स्थानीय ग्रामीणों को हो रहे समस्याओं को जाना और देखा इसमें विशेषरूप से सोसो में ग्राम सोसो, महलीडीह, जांगी और हिसिमदाग के स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं जानी जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के लिए सर्विस रोड और पानी की व्यवस्था को तत्काल बहाल करने के दिशा-निर्देश मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को दिया। वहीं बरियातू पंचायत के अलगडीहा पहुंचकर यहां अलगडीहा और बारघुटु सहित कई गांव को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे अंडरपास का निरीक्षण किया एवं स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर अंडरपास की चौड़ाई 2 फीट तक बढ़ाने का दिशा- निर्देश मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को दिया।

## सावित्रीबाई ने शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित कर दिया था जीवन : संदीप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बीएम मेमोरियल स्कूल में देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य कैलाश कुमार व संचालन आनंद कुमार पासवान ने किया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों के द्वारा सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि किया। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान ने उनके जीवन पर आधारित विद्यार्थियों के बीच कहा कि सावित्रीबाई फुले शिक्षक होने के साथ भारत के नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता, समाज सुधारक और मराठी कवयित्री भी थीं। इन्हें बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए समाज का कड़ा विरोध झेलना पड़ा था। उन्होंने छुआछूत, सती प्रथा, बाल विवाह तथा विधवा विवाह जैसी कुरीतियों के विरुद्ध काम किया। वह एक कवियत्री भी थी, उन्हें मराठी की आदि कवियत्री के रूप में भी जाना जाता है। निदेशक संदीप कुशवाह ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने सामाजिक एकता, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वह आज सभी देशवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। सावित्रीबाई फुले की सहायता से भारत में स्त्रियों के लिए पहले विद्यालय की स्थापना हुई, सावित्रीबाई फुले ने लड़कियों और समाज के बहिष्कृत हिस्सों के लोगों को शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई। वह भारत की पहली महिला अध्यापिका बनीं थी। मौके पर निर्देशक सन्दीप कुशवाहा, उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा दिनकर, प्राचार्य कैलाश कुमार, विद्यालय के शिक्षक चेयरमैन रंजीत कुमार, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, आनंद कुमार पासवान, आशीष कुमार, महेंद्र कुमार, सुमित कुमार, सोनू कुमार, मुकेश कुमार, ऋषभ अग्रवाल, रवि कांत कुमार, अंजली कुमारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से मिला





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी की पत्नी अनीता देवी के घर में संदिग्ध मौत का जांच कर आरोपी तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार के गिरफ्तारी की मांग को लेकर हजारीबाग जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय तिवारी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली खान के उपस्थित में स्वर्गीय अनीता देवी के भाई राजू कुमार गुप्ता और जिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से प्रदेश कार्यालय में मुलाकात कर विस्तृत घटना की जानकारी और ज्ञापन दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने तत्काल हजारीबाग एसपी से दूरभाष पर बात की, जिस पर हजारीबाग एसपी ने तीन दिनों के अंदर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## हजारीबाग के गोंडुलपारा कोयला खदान में डोजर पुश माइनिंग तकनीक से जल्द शुरू होगा खनन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : राष्ट्रीय वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) एवं केंद्रीय खनन तथा ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआईएमएफआर) के मार्गदर्शन में भारतीय खनन उद्योग में एक अभूतपूर्व विकास हुआ है। देश में पहली बार डिजिटल तकनीक पर आधारित डोजर पुश माइनिंग तकनीक का परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया है। अदाणी नेचुरल रिसोर्सेस को झारखंड के हजारीबाग स्थित बड़कागांव में गोंडुलपारा कोयला खदान आवंटित है, जहां इस तकनीक से जल्द ही खनन कार्य शुरू होने की उम्मीद है। खनन क्षेत्र में अग्रणी निजी कंपनी अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज ने परसा ईस्ट केते बासेन (पीईकेबी) खदान में इस तकनीक का सफलतापूर्वक परीक्षण बीते सप्ताह किया। यह परीक्षण खनन तकनीक में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसमें कोयला निष्कर्षण प्रक्रिया के लिए मानवरहित मशीनों का उपयोग किया गया है। डिजिटल स्वायत्त खनन की दिशा में यह तकनीक बेहतर उत्पादन और सलामती के लिए मील का पत्थर साबित होगी। डोजर पुश माइनिंग परीक्षण में एक स्वचालित, (मानवरहित) ड्रिल मशीन द्वारा ड्रिल करके कास्ट ब्लास्टिंग किया जाता है। ब्लास्टिंग के बाद ब्लास्ट की गई सामग्री को



इस प्रक्रिया के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई एक स्वचालित, बड़े आकार की डोजर मशीन का उपयोग करके उसे डीकोल किए गए क्षेत्र में स्थापित करते हैं। डोजर पुश माइनिंग विधि को पारंपरिक ट्रक-शॉवल खनन द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों के संभावित समाधान के रूप में देखा जा रहा है। खासकर बरसात के मौसम में जब ढुलाई वाली सड़कें कीचड़ से भर जाती हैं, जिससे सुरक्षा और उत्पादकता प्रभावित होती है। ट्रकों और उत्खनक मशीन पर निर्भरता को कम करके यह विधि उत्खनन कार्यों को अनुकूलित कर सकती है और इकाई की लागत को कम कर सकती है, जिससे खनन के लिए अधिक टिकाऊ और कुशल दृष्टिकोण प्रदान किया जा सकता है। यही नहीं चूंकि इस तकनीक में ट्रकों का उपयोग नहीं होता है इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से भी यह डोजर पुश तकनीक पांच सितारा पीईकेबी खदान को सुरक्षा के मापदंडों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती है। देश में पहली बार अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा कोयला खनन में उपयोग में ली जा रही इस डोजर पुश तकनीक के परीक्षण की सफलता को सीएसआईआर और सीआईएमएफआर के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एमपी रॉय ने भी सराहना की और कहा कि यह नई तकनीक भारत में ओपनकास्ट खनन कार्यों में क्रांति ला सकती है। डोजर पुश माइनिंग विधि पारंपरिक ड्रैगलाइन और ट्रक-शॉवल उत्खनन का एक आधुनिक विकल्प है। यह न केवल खनन प्रक्रिया की गति और दक्षता को बढ़ाता है, बल्कि परिचालन लागत को भी कम करता है।

## एक नजर

### मुखिया ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल का वितरण



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला पंचायत के ग्राम हुदवा में जरूरतमंदों महिला पुरुष असहाय मजदूर तबके के लोगों के बीच लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए चेपाकला मुखिया अनिकेत कुमार नायक द्वारा कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि गरीब असहाय मजदूरों को उपहार स्वरूप कंबल देकर काफी सुकून मिल रहा है। आगे उन्होंने बढ़ते ठंड को देखते हुए बुजुर्ग लोगों को कहा कि ठंड में ज्यादा इधर-उधर मत घूमिए क्योंकि यह बढ़ाते कोंकणी ठंड कभी भी बुद्धि बुजुर्गों के लिए बहुत नुकसान पहुंचा सकता है।

### जोरदाग में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई

**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड के जोरदाग गांव में माली समाज द्वारा सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महात्मा सावित्री बाई फुले के तस्वीरे में लोगो ने बारी बारी से माल्यार्पण किया। इस मौके पर उपस्थित माली समाज के सदस्यों द्वारा उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा महिलाओ के उत्थान के लिए किये गए कार्यो पर चर्चा की की गई और बताया की किस तरह उन्होंने अपना पूरा जीवन महिलाओ के शिक्षा के न्योछावर कर दिया। इस कार्यक्रम में माली मालाकार कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र माली,उपाध्यक्ष अनिल माली(उप मुखिया प्रतिनिधि),सचिव अजीत माली,पूर्व कोषाध्यक्ष कन्हाई माली (वार्ड सदस्य),उपाध्यक्ष बजरंगी माली,नारायण माली, सिकन्दर माली,अमित कुमार माली,सुधीर माली,धीरज माली,जागेश्वर माली,दीपक माली,माधुरी देवी,सरोज देवी,सरिता देवी,सुबी देवी सहित माली समाज की महिलाये शामिल हुए।

### बीडीओ ने बिरहोर परिवारों के बीच बांटे कंबल

**चौपारण** : प्रखंड में बढ़ते ठंढ को देखते हुए जिला कल्याण विभाग द्वारा बिरहोर परिवार को स्वस्थ व सुरक्षित रहने के लिए कंबल मुहैया करवाया है। जिसे बीडीओ नितेश भास्कर, मुखिया सुनीता देवी, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी मुकेश राम, लिपिक अभिषेक ओझा ने रामपुर पंचायत के ग्राम नावागढ़ बिरहोर टोला के 25 बिरहोर परिवारों को कंबल दिया गया। मौके पर ललिता बिरहोर, शिबू बिरहोर, जितेंद्र बिरहोर, बाबुलाल बिरहोर, अमृत बिरहोर, मुनिता बिरहोर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

**चौपारण** : बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला चुनाव हारने के बाद भी क्षेत्र में सक्रिय हैं। शुक्रवार को प्रखण्ड के विभिन्न कार्यक्रमों में पूर्व विधायक शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने चौपारण के बेला पंचायत के ग्राम टांडीह निवासी बिनोद सिंह के आवास पहुंचकर उनके निधन पर गहरा शोक ब्यक्त किया और उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उसके बाद उन्होंने पंचायत दादपुर के ग्राम छतरपुरा निवासी डॉ अमन सिंह के पिताजी का श्राद्ध कार्यक्रम (दसवां )में शामिल हुए। इस दौरान अकेला ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन की। मौके पर लव सिंह, भुनेश्वर यादव, रामफल सिंह एवं अन्य लोग उपस्तिथ थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो नेता संजीव बेदिया ने बुजुर्गों के बीच किया कंबल वितरण



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पोटंगा पंचायत तेतरिया बरवा टोला में झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने कड़कती ठंड को देखते हुए गरीब महिलाओं एवं बुजुर्गों को कंबल देकर ठंड से बचने का अपील किया। वहीं पर उपस्थित लोगों को बेदिया ने कहा अभी के समय में ठंड बहुत ही ज्यादा पड़ रहा है मौसम परिवर्तन होने के कारण ठंड बढ़ गया है। आप सभी लोग सुबह में घर से बाहर न निकले सूर्य निकलने के बाद ही घर से बाहर निकले ताकि आप सभी को तबीयत खराब ना हो इसका भी ध्यान आप सभी लोग रखे। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, संजय करमाली, राम प्रसाद, रीना देवी, मो बुधनी रेणु देवीउर्मिला देवी, आकांक्षा देवी, सुमित्रा देवी, यशोदा देवी, अशोक कुमार, शंकर साव, मनोज कुमार, राजकुमार, फुलेश्वर कुमार, भुनेश्वर कुमार, छोटेलाल बेदिया, सुभाष कुमार, दीपक कुमार, सूरज कुमार इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित हैं।

### आईटीआई के 23 प्रशिक्षुओं का विभिन्न कंपनियों में हुआ चयन



**बड़कागांव** : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के तत्वाधान से संचालित एनटीपीसी मैती आईटीआई बड़कागांव के 23 प्रशिक्षुओं का नौकरी से पूर्व प्रशिक्षण के लिए चयनित विभिन्न कम्पनीयों में किया गया है। जिसमें 07 प्रशिक्षुओं को बैद्यनाथ वैधिग मशीन गिरिडीह मानदेय प्रतिमाह 9500/- 04 प्रशिक्षुओं का सिभिक्स इंडस्ट्रीज राँची मानदेय प्रतिमाह 8000/- और 11 प्रशिक्षुओं का वन इंडिया सर्विस प्रा० लि० पुणे मानदेय प्रतिमाह 16000/- और 01 प्रशिक्षु का एभर ग्रीन सर्विसेस रॉची मानदेय प्रतिमाह 12000/- में तीन महीनों के लिए नौकरी से पूर्व प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया है, जो एनसीभीटी के गाईडलाइंस के अनुसार प्रशिक्षण के दौरान तीन महीनों के लिए किसी भी कम्पनी में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। जिसमें प्रशिक्षुओं को मानदेय स्वरूप रहने खाने का प्रबंध किया जाता है। इस उपलब्धि की सराहना एवं छात्रों के मनोबल एवं आत्मविश्वास के बढ़ाने के लिए आईटीआई के प्राचार्य मिथिलेश कुमार उपाध्याय ने छात्रों के उज्जवल भविष्य कि शुभकामनाएं दी एवं छात्रों के यात्रा के दौरान शुभ एवं सफल मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। उक्त आशय की जानकारी एनटीपीसी आईटीआई के प्लेसमेंट इंचार्ज मो. इरफान अंसारी ने दिया। मौके पर प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, शिवलाल महतो, विकास कुमार चौरसिया, अमरेश कुमार विद्यार्थी, मो० शाहिद अख्तर, संजित मेहता, प्रदीप कुमार, उपेन्द्र कुमार, सुनिल कुमार सिंह, रवि कुमार उपस्थित थें।

### प्रवासी मजदूर नरेश गंझू की राजस्थान में हुई आकस्मिक मृत्यु

**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत नरकी पंचायत के अलकिलवा बस्ती के नरेश गंझू की नए साल की रात अंतिम रात रही। अलकिलवा बस्ती के झमन गंझू के 36 वर्षीय पुत्र नरेश गंझू 1 जनवरी को राजस्थान में देर रात सोते सोते ही इस दुनिया से चल बसे । मौत की सूचना मिलते ही परिजन सदमे में हैं, तो वहीं गांव वाले शोक में हैं । चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के कैलाश महतो द्वारा नरेश गंझू पिछले 3 माह पूर्व रोजगार के लिए राजस्थान निकले थे । मृतक नरेश गंझू टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी में फिटिंग मास्टर पद पर कार्यरत थे। अचानक 1 जनवरी को देर रात सोते सोते ही उनकी मौत हो गई।मृतक अपने पीछे बूढ़े माता पिता,पत्नी बासो देवी, पुत्र सूरज कुमार 12 वर्ष,प्रकाश कुमार 9 वर्ष,सुजीत कुमार 6 वर्ष,राजेंद्र कुमार 2 वर्ष को छोड़ गए। परिवार में मृतक नरेश गंझू अकेला घर चलाने वाले व्यक्ति थे । पूरा परिवार इन्ही पर आश्रित थे । गुरुवार को इस घटना की जानकारी मिलते ही जेएलकेएम नेता मुकेश कुमार महतो, प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ,भारतीय युवा संसद सह जेएलकेएम प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, नरकी पंचायत अध्यक्ष निर्मल महतो, संतोष महतो, जोगन महतो, नेमचन्द कुमार मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को संवेदना प्रकट करते हुए हिम्मत बंधाए। मुकेश कुमार महतो कंपनी प्रबंधन से वार्ता कर मृत शरीर को उनके निवास स्थान तक लाने एवं उचित मुआवजा मुहैया के साथ हर संभव मदद करने का आश्वासन दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने घर परिवार को छोड़कर रोजी रोटी की तलाश में प्रदेश गए प्रवासी मजदूरों का मौत का सिलसिला लगातार जारी है।हर रोज झारखंड के किसी न किसी न किसी इलाके के प्रवासी मजदूरों की दूसरे राज्यों या विदेशों से मौत की खबरे आ रही है। पलायन रोकने के लिए ऐसे में सरकार को अपने राज्य में रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिए । प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने कहा की झारखंड राज्य इतना खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के बावजूद यहां के लोग रोजी रोटी के लिए दूसरे राज्यों या विदेशों में जाकर मजदूरी कर रहे हैं।यह कोई पहली घटना नहीं है, ऐसी घटनाएं दिन प्रतिदिन होते आ रही है। सरकार को पलायन रोकने के लिए, हर जिले ,हर प्रखंड में यहां की जनता के लिए रोजगार उपलब्ध करवाना चाहिए । प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद हजारीबाग ,गिरिडीह, बोकारो जिले से है ।

### आज होगी विश्वविद्यालय के अभिषद की बैठक, कुलपति करेंगे अध्यक्षता

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अभिशद की 196वीं बैठक का आयोजन शनिवार दिनांक 4 जनवरी 2024 को अपराह्न 3 :00 बजे निर्धारित है। इसमें कुल 6 बिंदुओं पर विचार विमर्श करने की अनुमति राज भवन से प्राप्त हुई है। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार करेंगे। इसमें मद संख्या 1301, 1302 और 1303 के तहत क्रमश: 18.11.2024 को अभिषद की 195वे बैठक में लिए गए प्रस्तावों की संपुष्टि, 16.12.2024 को आयोजित वित्त समिति की 126वीं बैठक में लिए गए प्रस्तावों का अनुमोदन, 17.12.2024 को आयोजित नव शिक्षण एवं नव संबंधन समिति के बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुमोदन के विषय सम्मिलित है। इसी प्रकार मद संख्या 1304 के तहत उच्च एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय, झारखंड सरकार से प्राप्त tatute for Finance & Account Management in the State Universities of Jharkhand के प्रारूप के अनुमोदन का प्रस्ताव है। मद संख्या 1305 के तहत उच्च एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय झारखंड सरकार से प्राप्त नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गतDuel Degree Programmes, Four Years Undergraduate Programmes, Multiple Entry Multiple Exit Academic Bank of Credits की व्यवस्था को लागू करने संबंधी विषय को सम्मिलित किया गया है।

## एक नजर

### रांची ग्रामीण एसपी ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**रांची** : रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को संगठित अपराधी गिरोह अमन साहू सहित अन्य के विरुद्ध भारतमाला प्रोजेक्ट में अंकित कांडों का समीक्षा की। एसपी ने अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा के दौरान कांडों के अनुसंधान में तेजी लाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को कई निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान डीएसपी बेड़ो अशोक राम और ओरमांझी अनिल कुमार तिवारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चन्द्रमौली सिंह ने प्रधान महालेखाकार का पदभार किया ग्रहण

**रांची** : 1994 बैच के भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा के अधिकारी चन्द्रमौली सिंह ने प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) झारखण्ड, रांची के रूप में 3 जनवरी 2025 को पदभार ग्रहण किया है। उन्होंने राज कुमार अग्रवाल प्रधान महालेखाकार का स्थान लिया है, जिन्हें पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर बिहार में महानिदेशक लेखापरीक्षा के रूप में स्थानान्तरित किया गया है।

### डीआईजी में प्रोन्नत हुए चंदन सिन्हा को डीजीपी ने बैज लगाकर किया सम्मानित

**रांची** : डीआईजी में प्रोन्नत हुए चंदन सिन्हा को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बैच लगाकर शुक्रवार को सम्मानित किया है। झारखंड पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीजीपी ने बैज लगाकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि 31 दिसंबर, 2024 को सरकार ने रांची एसएसपी के पद पर पदस्थापित चन्दन कुमार सिन्हा को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति प्रदान करते हुए एसएसपी रांची के पद को डीआईजी में उत्क्रमित करते हुए उन्हें उस पद पर पदस्थापित किया गया है।

### भाजपा नेताओं ने दिवंगत गुरविंदर के परिजनों से मिलकर व्यक्त की शोक संवेदना

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शुक्रवार को दिवंगत भाजपा नेता गुरविंदर सिंह सेठी के आवास पर पहुंचे। इस दौरान भाजपा नेताओं ने परिजनों से मुलाकात की। साथ ही शोक संवेदना प्रकट की। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। नेताओं ने कहा कि दुख की घड़ी में प्रदेश भाजपा परिजनों के साथ खड़ी है। पार्टी ने एक समर्पित कार्यकर्ता खोया है। मुलाकात करने वालों में योगेन्द्र प्रताप सिंह और अशोक शर्मा सहित अन्य शामिल थे।

### आरपीएफ ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

**रांची** : 1 जनवरी की रात करीब 21:30 बजे जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले साहिल लकड़ा ने आरपीएफ के ड्यूटी पर तैनात स्टाफ को सूचित किया कि जब वह रांची रेलवे स्टेशन से अपने परिवार को विदा कर लौट रहा थे, तभी तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसे घेर लिया और धमका कर उसका मोबाइल फोन और पैसे छीनने की कोशिश की। जब उसने विरोध किया, तो उन्होंने उसके साथ मारपीट की और उसका मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। कुछ समय बाद, उसने देखा कि वही अपराधी एक दूसरे यात्री, जियाउल हक जो मुंबई जाने के लिए ट्रेन पकड़ने वाले थे, उनका मोबाइल फोन और पैसे भी छीनकर स्कूटी (जिसका आंशिक नंबर 7427 था) से फरार हो गए।

# वादे के अनुरूप 3,200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदे हेमन्त सरकार : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से धान खरीद में किसानों को इंसाफ देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने वादे पर अमल करते हुए 3,200 रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीद करे, कटौती बंद करे और किसानों को इंसाफ दे।




मरांडी ने शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार में शामिल दलों ने चुनाव से पूर्व 3,200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद करने का आश्वासन दिया था लेकिन राज्य सरकार अपने वादे से उलट गई। आज राज्य में 2,300 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद और 100 रुपये बोनस के साथ 2,400 रुपये प्रति क्विंटल से खरीद हो रही है। मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार ने 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा है लेकिन स्थिति ऐसी है कि अभी तक पूरी तरह जिलों में धान क्रय केंद्र ही नहीं खोले गए हैं। अफसरशाही इतनी हावी है कि वित्त मंत्री अपने क्षेत्र से धान क्रय केंद्र का बिना उद्घाटन किए ही बैरंग वापस लौटने को मजबूर हैं। राज्य में जहां केंद्र खुले भी हैं, उसमें कई स्थानों पर ताले लटके मिल रहे हैं। मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार लक्ष्य का 15 फीसदी धान भी अबतक नहीं खरीद सकी है। राज्य सरकार इसमें भी धान को गीला बताकर प्रति क्विंटल 10 से 15 किलो की कटौती कर रही है। राज्य सरकार ने धान खरीद की प्रक्रिया को जटिल बना दिया है। राज्य सरकार की उदासीनता के कारण किसान दलाल और बिचौलियों के चंगुल में आने को मजबूर हैं। किसान अपनी मेहनत से उपजाई फसल को 1800 से 1900 रुपये प्रति क्विंटल बेचने को मजबूर हैं। मरांडी ने कहा कि बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ के दलाल, बिचौलिए धान खरीद के लिए बाइक से गांव-गांव घूम रहे हैं। दलाल, बिचौलिए सीधे ट्रक लेकर गांव तक पहुंच जा रहे हैं। किसानों से कम कीमत पर धान खरीद ले रहे। राज्य सरकार का दायित्व है, किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का। किसानों को मजबूती प्रदान करने का ताकि वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

मरांडी ने कहा कि झारखंड के किसान खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं हैं। यहां केवल एक फसल धान ही है, जिसे एमएसपी पर बेचकर किसान कुछ रुपये कमाते हैं, बाकी दलहन आदि का उत्पादन यहां बड़े पैमाने पर नहीं होता है। ऐसे में किसानों को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है लेकिन राज्य सरकार लगातार किसानों को निराश करने में लगी है। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। भाजपा शासित प्रदेशों में अपने घोषित दर पर राज्य सरकार धान की खरीद कर रही जबकि हेमन्त सरकार फिर से धोखा देने में जुट गई है।

## जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर आदिवासी समुदाय ने की भारत रत्न देने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : नवा टोली स्थित सरना अखड़ा स्थल पर मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पवन तिर्की की अगुवाई में मनाई गई। इस मौके पर सैकड़ों आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मरांग गोमके के कटआउट के साथ की गई, जहां गेंदा फूलों की माला अर्पित कर अगरबत्ती जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के रांची महानगर अध्यक्ष पवन तिर्की ने कहा कि 3 जनवरी 1903 को जन्मे मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ने बहुत कम उम्र में आदिवासियों की आवाज को संविधान सभा में उठाया था। इसके साथ ही वे संविधान सभा के सदस्य भी रहे। उन्होंने सभी को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया और इसके लिए आदिवासी महासभा का गठन किया। वे राजनीति के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी महारथी थे। हॉकी में भारत को पहला गोल्ड मेडल दिलाया और झारखंड का नाम रोशन किया। आज आदिवासी और दलित को संविधान में स्थान मिला है और आदिवासी आरक्षित वर्ग में शामिल हैं। उन्हें भारत रत्न से नवाजा जाना चाहिए था। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी सुधीर मुंडू ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ने आदिवासी और दलितों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई थी। युवाओं को आज भी अपनी आवाज बुलंद करने की जरूरत है। पेसा कानून को प्रभावी रूप से लागू किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में पवन तिर्की, पितरूस एक्का, अभय तिग्गा, फेडरिक तिग्गा, सुधीर मुंडू, आकाश तिर्की सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## रिश्वतखोरों की अब खैर नहीं, दफ्तरों में लगेगा हेल्पलाइन नंबर, आसानी से कर पाएंगे शिकायत




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आम लोगों से एक अपील की है। उन्होंने कहा है कि आम लोग भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मियों की शिकायत करें। जिसके बाद पीड़ित का नाम गोपनीय रखकर भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। झारखंड के वैसे सरकारी दफ्तर जहां रिश्वत लेने देने की आशंका ज्यादा होती है उन दफ्तरों में एसीबी के द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन बोर्ड लगाए जाएंगे।

अगले एक सप्ताह के अंदर हेल्पलाइन बोर्ड लगा दिए जाएंगे। बोर्ड पर हेल्पलाइन नंबर लिखा रहेगा जिस पर आम लोग रिश्वतखोरी की शिकायत कर पाएंगे। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया की कोई भी आम इंसान घूसखोर की जानकारी बिना किसी डर के फोन पर दे सकता है। इसके लिए 9431105678, 06512710001 या 1064 पर कॉल कर शिकायत की जा सकती है।

अवैध संपत्ति की भी जानकारी दें डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि आम लोग न सिर्फ भ्रष्ट अधिकारियों के द्वारा रिश्वत मांगने की सूचना दें, बल्कि अगर उनके पास यह भी जानकारी है कि किसी अधिकारी ने रिश्वत के पैसे से अवैध संपत्ति इकट्ठा की है तो वह उसकी भी जानकारी दे सकते हैं। डीजीपी ने बताया कि झारखंड में एसीबी के पांच थाने हैं, किसी भी थाने में पीड़ित आकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं या फिर हेल्पलाइन नंबर के जरिए अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## धर्मांतरण कर चुके आदिवासी समाज को पेसा कानून में शामिल करने पर होगा विरोध : सोमा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : आदिवासी जनजाति सुरक्षा मंच के सामाजिक कार्यकताओं की धुर्वा में बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पेसा कानून को लेकर आदिवासी समाज के बीच खुला चर्चा किया जाएगा। इस बैठक में पक्ष, विपक्ष, विधायक और पूर्व प्रशासनिक पदाधिकारी को शामिल किया जाएगा। परिचर्चा की घोषणा जल्द की जाएगी।

इस दौरान लोगों ने कहा कि पेसा कानून आदिवासियों के सुरक्षा कवच के रूप में है। झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव ने कहा कि जो लोग धर्मांतरण कर ईसाई बन चुके हैं, उन्हें पेसा कानून से बाहर रखा गया है। ऐसे लोग पेसा कानून एवं उसके अधिकार से वंचित हो चुके हैं। आदिवासियों की परंपरागत पूजा पद्धति पुरखों से चली आ रही है। जो लोग रूढ़िवादी प्रथाओं को मानते हैं, वही पेसा कानून का लाभ उठा सकते हैं। धर्मांतरण कर चुके लोगों को पेसा कानून में स्थान नहीं मिलना चाहिए। यदि ऐसा हुआ, तो जनजाति सुरक्षा मंच इसका जोरदार विरोध करेगा, क्योंकि पेसा कानून में केवल रूढ़िवादी प्रथाओं को ही शामिल किया गया है।

## सामाजिक बदलाव में एनसीसी कैडेट्स की भूमिका सराहनीय : रक्षा राज्य मंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज शुक्रवार को उज्जैन में राष्ट्र सर्वोपरि के भाव से राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले एनसीसी कैडेट्स के साथ संवाद किया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि अभी भारत में 17 लाख एनसीसी कैडेट हैं, जल्द ही यह संख्या बढ़ाकर 20 लाख की जायेगी।

### एनसीसी वर्दीधारी राष्ट्रप्रेमी युवाओं का सबसे बड़ा संगठन

संजय सेठ ने कहा, एनसीसी वर्दीधारी राष्ट्रप्रेमी युवाओं का सबसे बड़ा संगठन है। कहा कि सोशल सर्विस एवं कम्युनिटी डेवलपमेंट के कार्यों में इनकी भूमिका सराहनीय होती है। सामाजिक बदलाव में भी एनसीसी कैडेट सराहनीय कार्य करते हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलते हैं। पर्यावरण संरक्षण की बात हो या कोरोना संक्रमण काल में सेवा की, हर क्षेत्र में इनका योगदान सराहनीय रहा है।

68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता की मेजबानी को लेकर हुई प्रेस वार्ता

# नेशनल स्कूल गेम्स का थीम सॉन्ग 'खेलेगा इंडिया-जीतेगा इंडिया' लांच, दिखेगी अबतक हुए खेलों की झलक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : 68वी राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता की मेजबानी को लेकर शुक्रवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के प्रेक्षागृह में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान जेईपीसी के प्रशासनिक पदाधिकारी सच्चिदानंद दि. तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेन्द्रनाथ दुबे उपस्थित थे। इस दौरान पत्रकारों को खेल आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने आयोजन की सफलता में पत्रकारों की भूमिका को अतुलनीय बताया। उन्होंने कहा कि दिनांक 5 जनवरी को शाम 4 बजे मोरहाबादी स्थित भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन द्वारा खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मंत्री के अलावा विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, खेल निदेशक संदीप कुमार समेत शिक्षा एवं खेल विभाग के अन्य पदाधिकारी और खेल संघो के पदाधिकारी शामिल होंगे। इस आयोजन को लेकर टीमों का रांची आना शुरू हो गया है आज और कल देश की 35 टीमें रांची आ रही है। उनके लिए आवासन और चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था पूरी कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था संभालने के लिए 17 समितियों को जिम्मेदारी दी गयी है। इन समितियों के कार्यो को लगातार मॉनिटर किया जाएगा।




### थीम गीत लांच

राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने रांची में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का थीम सॉन्ग "खेलेगा इंडिया-जीतेगा इंडिया" को लॉन्च किया। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देशानुसार बने थीम सॉन्ग के बोल एम मोदस्सर ने लिखा है, वहीं इस गीत को संगीतकार रोहन देव पाठक ने अपने सुरों से सजाया है। थीम सॉन्ग के विजुअल में अब तक राज्य में आयोजित हुए राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय स्कूली खेल के दृश्य दिखाई देंगे। शुक्रवार को जिन टीमों का आगमन हुआ उनमे तेलंगाना, लक्ष्यद्वीप, आंध्र प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, विद्याभारती, डीएवी, हरियाणा, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर, त्रिपुरा, केरल, दादर एंड नगर हवेली दमन, बिहार, पंजाब, ओडिशा की टीम शामिल है।

### टीमों का हुआ परंपरागत स्वागत

रांची पहुंची देश की अन्य टीमों का परंपरागत स्वागत किया गया। लोटा पानी और झारखंड के ट्राइबल गमछे के साथ टीमों का अभिनंदन किया गया। टीम में शामिल खिलाड़ियों को पुष्प माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त ने ठंड को देखते हुए शहरी क्षेत्र का किया भ्रमण, दिए कई निर्देश



**रांची** : उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने गुरुवार देर रात ठंड को देखते हुए रांची शहरी क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने खादगढ़ा बस स्टैंड स्थित आश्रय गृह का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बढ़ते ठंड को देखते हुए निगम के सभी आश्रय गृहों में बेड, कंबल, पेयजल इत्यादि की बेहतर इंतजाम के साथ तमाम व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निर्देश दिए। साथ ही सड़कों पर रात्रि में गुजर बसर कर रहे व्यक्तियों को चिह्नित करते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन वृहद स्तर पर चलाते हुए निकटतम आश्रय गृह में शिफ्ट करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण भी किया। इस दौरान अपर प्रशासक रांची नगर निगम संजय कुमार एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हाई कोर्ट ने निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन के मामले में ईडी से मांगा जवाब




**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की ओर से रांची की निचली अदालत के संज्ञान आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट ने ईडी से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। मामले में छवि रंजन की ओर से ईडी कोर्ट के जरिये लिए गए संज्ञान आदेश को चुनौती देते हुए केस को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। साथ ही छवि रंजन की ओर से अपनी गिरफ्तारी को भी अवैध बताया गया है। दरअसल, बरियातू में सेना की जमीन के कागजात की हेराफेरी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को ईडी टीम ने चार मई, 2023 को गिरफ्तार किया था, उसी समय से वे जेल में हैं। इस मामले में उनकी जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से भी खारिज हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि मामले में ईडी के जरिये छवि रंजन के खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन और अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। जमीन खरीद-बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में अमित अग्रवाल और छवि रंजन सहित अन्य के खिलाफ कांड संख्या 141/2022 दर्ज किया गया है।

### यात्रियों से मोबाईल और पैसे लूटने वाले गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार



**रांची** : शहर की चुटिया थाना पुलिस ने साउथ रेलवे गेट के बाहर प्लेटफार्म नंबर पांच के सामने से यात्रियों के मोबाईल और पैसे लूटने वाले गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार स्मार्ट मोबाईल, एक स्कूटी (जेए 0 ईडब्ल्यू-7427) और 510 रुपये नकद बरामद किया गया है। थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने शुक्रवार को बताया कि दो जनवरी की रात रांची की आरपीएफ थाने ने सूचना दी कि रेलवे यात्रियों से मोबाईल एवं पैसे की लूट की घटना का अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना तुरंत वरीय पुलिस अधीक्षक को दिया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक नगर और पुलिस उपाधीक्षक नगर के निर्देशन में गठित टीम ने आरपीएफ थाने के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो अपराधियों को पकड़ा। गिरफ्तार अपराधियों में रोशन महतो और प्रीतम ठाकुर शामिल हैं। इनके पास से लूटा गया सामान भी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि फरार एक अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है, उसकी पहचान कर ली गई है।

### नगर आयुक्त के निर्देश पर राजधानी के 7 वार्डों में गरीबों के बीच बांटे गये कंबल

**रांची** : राजधानी में कड़ाके की ठंड और शीत लहर को देखते हुए रांची नगर निगम के आयुक्त ने निगम क्षेत्र में वार्डवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के बीच नि:शुल्क कंबल बांटने का निर्देश दिया है। इस क्रम में शुक्रवार को वार्ड 11, 15, 29, 30, 37, 40 और 45 में रहने वाले गरीब-जरुरतमंदों के बीच ठंड से राहत के लिए कंबल बांटे गये। नगर आयुक्त ने रात्रि में मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर शहर में गुजर बसर कर रहे बेघर लोगों को कंबल देने के साथ-साथ उन्हें आश्रय गृहों में स्थानांतरित करने के निर्देश दिया है। इस कार्य में वार्ड सुपरवाइजर, सामुदायिक संगठनकर्ताओं, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक एवं सहायक प्रशासकों को लगाया गया है।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

निविदा सूचना सं.: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/01, दिनांक: 03.01.2025 "ई"-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के लिए निविदा, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डेन रीच रोड, कोलकाता-700043 के द्वारा खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निम्नानुसार अपलोड कर दी गई हैं। सभी निविदाएं 14.00 बजे बंद की जाएंगी। क्रम सं., निविदा सं., नियत तिथि, संक्षिप्त विवरण, परिमाण और बयाना राशि निम्नानुसार है: 1. 45243181ए, 21.02.2025, माइल्ड स्टील एन्क्लोजर 200 एम्पीयर, 130 वी डीसी के साथ बैटरी चार्जिंग यूनिट आदि, 31 अदद, रु. 1,25,840/-, 2. 47243113ए, 27.03.2025, एलएचबी कोचों के लिए रूफ माउंटेड एसी पैकेज यूनिट का माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर आदि, 50 अदद, रु. 1,17,410/-, 3. आईजी246834, 20.01.2025, रोटरी स्क्रू विद्युत रूप से चालित माइक्रोप्रोसेसर, 03 अदद, रु.1,75,780/-, 4. 38243349, 18.01.2025, कैसनब 22 बोगी के लिए बोलस्टर लाइनर आदि, 104520 अदद, रु.2,34,310/-, 5. 75245001, 21.01.2025, हाई रिजोल्यूशन प्रिंटेड विनाइल रैपिंग स्टिकर की आपूर्ति एवं फिटमेंट आदि, 73800 वर्गमीटर, रु.1,78,170/-, 6. एडी245834, 24.01.2025, एफडीएस सिस्टम का कंवर्शन किट आदि (वेबसाइट के अनुसार), 350 सेट, एफडीएस सिस्टम का कंवर्शन किट आदि (वेबसाइट के अनुसार), 400 सेट, रु.1,11,510/-, 7. 40241833, 19.02.2025, वेल्डिंग केबल, सिंगल कोर, रबर इंसुलेटेड, 95 वर्ग मिमी स्ट्रैंडेड एल्युमिनियम कंडक्टर आदि, 54900 मी., रु.1,34,750/-, 8. एचबी247254, 22.01.2025, आइटमों आदि के साथ आपातकालीन मेडिकल बॉक्स का क्रय, 66 अदद, रु.3,49,020/-, 9. 30243496बी, 22.01.2025, एक्सल बॉक्स के लिए रियर कवर, 3683 अदद, रु. 1,00,650/-, 10. 31245005, 22.01.2025, हाई एचपी ट्रैक्शन मोटर फूजी डिजाइन, 04 अदद, रु.2,41,190/-, 11. 33243060ए, 27.01.2025, फ्लेक्स बॉल केबल कम्प्लीट सेट (एंड कनेक्शन के साथ), 82 सेट रु. 3,89,940/-, 12. 33241493ए, 29.01.2025, पैसेंजर कोचों के लिए फ्रंटीयर प्रस्तुत एआर "एच" टाइप टाइट लॉक सीबीसी का नकल, 103 अदद, रु. 1,16,160/-, 13. 31245004, 14.02.2025, एयरोसोल आधारित फायर डिटेक्शन की आपूर्ति एवं स्थापना, 133 सेट रु.1,35,680/-, 14. 33243124डी, 05.03.2025, फुट स्टेप कम्प्लीट, 1800 अदद, रु.1,79,810/-, इच्छुक निविदाकार निविदाओं के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। द्रष्टव्य: प्रत्याशित बोलीदाता सभी अन्य निविदाओं और तत्पश्चात प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र में भाग लेने के लिए, www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं।

(PR-978) प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/गार्डेन रीच

# 34वें शहादत दिवस पर राज्यपाल ने रणधीर प्रसाद वर्मा को दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद के जांबाज एसपी अशोक चक्र शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा के 34 वें शहादत दिवस पर रणधीर वर्मा चौक में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में माननीय राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, माननीय राज्यसभा सदस्य दीपक प्रसाद, सांसद धनबाद ढुलू महतो, विधायक धनबाद राज सिन्हा, विधायक झरिया श्रीमती रागिनी सिंह, जिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमती शारदा सिंह, उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन सहित अन्य पदाधिकारियों ने शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर माननीय राज्यपाल ने कहा कि शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा के जीवन मूल्यों का आत्मसात करना चाहिए। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। माननीय राज्यपाल ने कहा कि शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा ने स्वामी विवेकानंद के संदेश को जीवंत रखा है। उनकी शहादत ने साबित किया है कि राष्ट्र सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जिस तरह से उन्होंने अदम्य साहस और समर्पण से अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए आतंकवादियों से मुकाबला कर उनके षड्यंत्र को नाकाम कर दिया, वह गौरवशाली इतिहास बनकर रह गया। माननीय राज्यपाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने भी बलिदानियों को राष्ट्र का गौरव बताया है। वहीं शहीद रणधीर वर्मा प्रसाद वर्मा मेमोरियल सोसायटी ने इतने सालों से उनकी शौर्य गाथा को जीवंत रखा है, यह अच्छी परंपरा है। यह युवाओं को हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा के सदस्य दीपक प्रकाश ने कहा कि शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा पूरे देश के लिए आदर्श है। उन्होंने अपनी जान की कुबार्नी देने में कदम पीछे नहीं हटाए। जब तक इतिहास रहेगा देश उनको याद करते रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा समाज की तकलीफ को अपनी तकलीफ समझते थे। उनके व्यक्तित्व में एक अधिकारी के साथ एक संवेदनशील इंसान भी था।समारोह को माननीय सांसद ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा, शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी सह पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर रीता वर्मा ने भी संबोधित किया। इससे पहले बैंक मोड़ थाना में सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, शहीद रणधीर वर्मा की धर्मपत्नी सह पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर रीता वर्मा, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, बैंक मोड़ थाना प्रभारी लव कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उल्लेखनीय है कि भारतीय पुलिस सेवा के जांबाज अधिकारी और धनबाद के 41वें पुलिस अधीक्षक शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा 06.08.1989 से 03.01.1991 तक धनबाद के एसपी रहे। उन्होंने 3 जनवरी 1991 को धनबाद के हीरापुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया को लूटने आए खालिस्तानी आतंकवादियों से जूझते हुए वीरगति को प्राप्त किया। महामहिम राष्ट्रपति ने उन्हें शौर्य, बहादुरी और बलिदान के लिए वीरता का सर्वोच्च पदक अशोक-चक से सम्मानित किया था।

## प्रधान जिला जज ने वृद्धाश्रम में बांटे कंबल व मिठाइयां



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार :** लातेहार के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह शुक्रवार को सदर प्रखंड के होटवाग स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने वृद्ध जनों के बीच कंबल व मिठाइयों का वितरण किया। उनका हालचाल जाना और नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार हमेशा आपके साथ है। आपकी हर तरह से मदद करने के लिए हम तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की मदद की जरूरत हो, तो प्राधिकार को आवेदन दें। आपकी सभी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जायेगा। प्रधान जिला जज ने आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को ठंड से बचने और नियमित भोजन करने तथा निश्चित अंतराल के बाद स्वास्थ्य की जांच कराने की सीख दी। वृद्धा आश्रम में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही मौके पर मौजूद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया को आश्रम के लोगों का विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया। मौके पर व्यवहार न्यायालय लातेहार के प्रभारी न्यायाधीश उत्कर्ष जैन भी मौजूद थे।

## कुम्हार बस्ती में भूधसान की घटना से आहत ग्रामीणों ने जमकर काटा बवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** बाघमारा अनुमंडल के रामकनाली ओपी अंतर्गत केशलपुर कुम्हार बस्ती के समीप जमीन का एक हिस्सा में भु-धसान होने से ग्रामीणों में भय का माहौल है,संसद रहे कि 18 दिसंबर को पुलिस जन शिकायत के दौरान ग्रामीणों ने अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की शिकायत की थी।घटना के बाद ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा। ग्रामीणों ने बताया कि बीसीसीएल के क्षेत्र -4 अंतर्गत संचालित अम्बे माइनिंग आउटसोर्सिंग प्रबंधक राणा चौधरी पर कई गम्भीर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि माईन्स में अनियमित हैबी ब्लास्टिंग से बस्ती पर खतरा मंडरा रहा है। जिसके कारण आज भूधसान हुआ है इसके दायरे में यह बस्ती कभी भी आ सकती है।अवैध कोयला खनन का अड्डा बना हुआ था,और उसपर ब्लास्टिंग होना जो भूधसान के खतरे को और भी बढ़ा रहा है।ग्रामीण समुचित पुनर्वास को लेकर के वर्षों से स्थानीय प्रबंधन से मांग की,पर आश्वासन के सिवा कुछ भी नही मिला। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि समुचित पुनर्वास को लेकर कोई ठोस नही उठाया गया तो हम ग्रामीण खनन कार्य को बंद कर देंगे। घटना के बाद रामकनाली ओपी सहित कई थानों की पुलिस व सीआईएसएफ बल मौके पर मौजूद रहे। रामकनाली ओपी प्रभारी ने ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याओं पर पहल करने एवम प्रबंधन से वार्ता कराने का आश्वासन दिया। तब जाकर ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ।

## डीवीसी ने तुबेद कोलियरी क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार :** लातेहार जिले में पिछले कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए डीवीसी से संचालित तुबेद कोलियरी प्रबंधन ने शुक्रवार को क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। प्रबंधन ने उरफ के तहत तुबेद कोल परियोजना क्षेत्र की नेवाड़ी पंचायत के जेरजेर टोला व धोबिया झारण गांव में 100 से ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया। कंपनी के उप महाप्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि इसके बाद तुबेद, नेवाड़ी, डीही और मंगरा आदि गांवों में भी कंबल का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि डीवीसी अपने सीएसआर दायित्वों के तहत नेवाड़ी और डीही पंचायत के जरूरतमंद व वृद्ध ग्रामीण महिलाएं, किसान व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रहा है। क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, खेल, स्वरोजगार, कृषि आदि के विकास के लिए निरंतर काम किया जा रहा है। मौके पर नेवाड़ी ग्राम पंचायत के मुखिया अमरेश उरांव समेत डीवीसी के कई पदाधिकारी मौजूद

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कसमार में 3 धान अधिप्राप्ति केंद्रों का किया उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** राज्य के मंत्री सह गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद ने शुक्रवार को कसमार प्रखंड में 3 धान अधिप्राप्ति केंद्रों का उद्घाटन किया। ये केंद्र प्रखंड के पिरगुल, बगदा व मधुकरपुर में खोले गए हैं। इस दौरान मंत्री ने पिरगुल में कड़ाके की ठंड में ठिठुर रहे दर्जनों गरीब बच्चों के बीच स्वेटर का भी वितरण किया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने किसानों को पैक्स का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र के संचालक यह सुनिश्चित करें कि किसान बिचौलियों की बजाय केंद्र में ही अपना धान बेचें। बिचौलिये किसानों के घरों में जाकर ओनेझपौने दाम में धान की खरीदारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई बिचौलिया किसान को ठग कर गलत तरीके से धान खरीदने की कोशिश करे, तो तुरंत सूचित। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी है। उन्होंने केंद्र संचालकों से कहा कि किसानों को पैक्स में धान बेचने के लिए प्रेरित करें। मौके पर कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति डे, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम, जिला सहकारिता पदाधिकारी शालिनी खलको, बीडीओ नम्रता जोशी, सीओ प्रवीण कुमार,प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रंजीत राणा, मुखिया सरिता देवी, राजेंद्र महतो, मनोज महतो, पंसस विनोद महतो, हेमंती देवी, पिरगुल पैक्स अध्यक्ष मोहन महतो, बगदा पैक्स अध्यक्ष छत्रु महतो, मधुकरपुर पैक्स अध्यक्ष गणेश नायक समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## सदर अस्पताल में डायलिसिस सेंटर का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** शुक्रवार को सदर अस्पताल रामगढ़ में डायलिसिस सेन्टर का उद्घाटन सह शुभारंभ माननीय सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र मनीष जयसवाल, माननीया विधायक, रामगढ़ विधानसभा ममता देवी, 20 श्रुत्री अध्यक्ष दिनेश मुण्डा, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, सिविल सर्जन डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद एवं उपाधीक्षक डॉ० ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से सदर अस्पताल रामगढ़ के परिसर में किया गया। माननीय सांसद, मनीष जयसवाल ने कहा कि डायलिसिस एक ऐसा प्रक्रिया है कि इसे सप्ताह में 2-3 बार किया जाता है जिसमें काफी खर्च होता है और ये खर्च गरीबो के लिए वहन कर पाना संभव नहीं है। सदर अस्पताल रामगढ़ में डायलिसिस सेवा की शुरूआत एक अच्छी पहल है जो हर गरीब के लिए संभव हो पायेगा।

माननीया विधायक, रामगढ़ विधानसभा ममता देवी ने कहा कि नव वर्ष के आगमन के साथ ही रामगढ़ जिला-वासियो को यह सौगात मिला। उन्होने कहा कि इसके वेहतर संचालन के लिए प्रशिक्षित चिकित्सक एवं तकनिशियन तथा अन्य सहयोगी मानवबल भी रखा जाना चाहिए साथ ही उन्होने सबसे सहयोग की भी अपील की। सिविल सर्जन रामगढ़ के द्वारा बताया गया कि हर वर्ग के लोगों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि डायलिसिस सेवा 247 चलाई जायेगी परन्तु अभी ये सिर्फ दिन में चलाया जायेगा। उप विकास आयुक्त ने कहा कि डायलिसिस सेवा के सूचारू रूप से संचालन के लिए जिला प्रशासन भी हर संभव सहयोग करेगा ताकि जिले कि आम जनता का यह सेवा असानी से उपलब्ध हो सके। सदर अस्पताल रामगढ़ में संचालित होने वाले इस डायलिसिस सेन्टर में इढछ एवं आयुष्मान में मरीजों को निःशुल्क उपचार किया जायेगा तथा अन्य मरीजों को सरकारी दर पर डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध रहेगी। किसी भी स्वस्थ शरीर में किडनी का काम होता है रक्त को साफ करना और शरीर में अतिरिक्त पानी को पेशाब के रूप में शरीर से बाहर निकालना किडनी शरीर में कुछ ऐसे भी पदार्थ बनाती है जो हमारे शरीर के सुचारू रूप से काम करने के लिए बहुत जरूरी होते है पर अगर किसी कारण किडनी अपना काम ठीक से नहीं कर पाती है तो डायलिसिस के माध्यम से वही काम किया जाता है। अगर किसी बीमारी के वजह से किडनी का फंक्शन मात्र 10 से 15 प्रतिशत ही रह गया है या किडनी कमजोर पड गई है तो ऐसे में किडनी शरीर से वेस्ट प्रोडक्ट जैसे कि यूरिया और अतिरिक्त पानी निकाल नहीं पाती है जिससे उल्टी होना, पूरे शरीर में सूजन होना और थकाना होना, जैसे दिखने लगते है जब किडनी इस तरह के कमजोर पड जाती है तब डायलिसिस कि जरूरत पडती है।

## एक नजर

### बाइक से गिरकर दो युवक घायल

**कोडरमा :** कोडरमा थाना अंतर्गत स्थित होली फैमिली अस्पताल के समीप शुक्रवार को सड़क दुर्घटना मे एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान तिलैया बस्ती निवासी मुकेश यादव के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार घायल युवक अपने रिश्तेदार कोडरमा की तरफ से अपने घर तिलैया बस्ती की ओर जा रहा था। इसी दौरान कोडरमा होली फैमिली अस्पताल के समीप अनियंत्रित होकर बाइक सवार युवक गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एम्बुलेंस की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी घटना में शुक्रवार की शाम जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढाब रोड में बाइक से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान सुरेश हेंब्रम (28) के रूप में हुई है। वह बंदर चौकवा गांव का रहने वाला है। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### कार के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत, 2 घायल

**बोकारो :** पेटरवार प्रखंड मुख्यालय से 300 मीटर दूर छोटानागपुर कोल्ड स्टोरेज के समीप एनएच 23 पर बेकाबू कार ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक पेटरवार के केवट टोला गांव निवासी नीतीश कुमार साव की मौत हो गई। जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए। घायलों में पेटरवार न्यू बस स्टैंड निवासी दीपक कुमार साव व विक्की कुमार साव शामिल हैं। दोनों के सिर में गहरी चोट है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद विक्की को बेहतर इलाज के लिए परिजन मुस्कान अस्पताल चास ले गए, जबकि दीपक कुमार साव को रांची के रिम्स भेजा गया। घटना गुरुवार रात करीब 9 बजे की बताई जाती है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच 23 को घटनास्थल के पास करीब दो घंटे तक जाम कर दिया। सूचना मिलते ही सीओ अशोक राम, थाना प्रभारी राजू मुंडा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। प्रखंड उपप्रमुख सीमा कुमारी, संजय गुप्ता समेत अन्य लोग परिजनों को ढांढस बंधा रहे थे।

### सभी अंचलों में 7 एवं 10 जनवरी को लगाया जायेगा विशेष कैंप

**पलामू :** जिले के सभी अंचलों में 7 और 10 जनवरी को लगान रसीद निर्गत करने में आ रही त्रुटियों के निराकरण को लेकर विशेष कैंप का आयोजन किया जायेगा। इस कैंप में आवेदकों से लगान रसीद निर्गत करने में आ रही त्रुटियों के निराकरण के लिए जरूरी कागजात के साथ आवेदन लिया जायेगा। वहीं प्राप्त सभी आवेदनों को कैंप में ही अंचल ऑपरेटर/सीएससी ऑपरेटर के द्वारा परिशोधन पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। इसके बाद सभी कागजातों की संपूर्ण जांचोप्रांत लगान रसीद निर्गत करने में आ रही त्रुटियों का निराकरण कर परिशोधन पोर्टल पर अपलोड भी किया जाएगा, ताकि आवेदक को अपना-अपना ऑनलाइन लगान रसीद कटवाने में सहूलियत हो सके। इस संबंध में जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने आमजनों से 7 व 10 जनवरी को लगान संबंधी कार्य को लेकर अपने स्थानीय अंचल कार्यालय में पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस कैंप के माध्यम से लगान रसीद से जुड़ी समस्या का ऑन स्पॉट परिशोधन पोर्टल पर एंट्री कर उसका निराकरण किया जाएगा। उन्होंने आमजनों से लगान रसीद से जुड़ी सभी प्रकार के आवश्यक डॉक्यूमेंट के साथ इस विशेष कैंप में भाग लेने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### टोटो ने 10 वर्षीय स्कूली बच्चे को मारी टक्कर



**धनबाद :** झरिया चार नंबर टैक्सी स्टैंड स्थित पुलिस चेकपोस्ट के समीप शुक्रवार को ई ( टोटो) रिक्शा संख्या जेएच 10 सीवी 8650 ने अपने चपेट मे एक 10 वर्षीय स्कूली बच्चे को ले लिया जिससे दाहिने पैर फैक्चर हो गई। घटना के बाद टोटो चालक भागने के फिराक में था जिसे स्थानीय लोगों ने धर दबोचा इसके अलावा मौजूद लोगों ने डाट फटकार करते हुए मारपीट किया।इधर घायल बच्चें ने अपनी पहचान चार नंबर टैक्सी स्टैंड निवासी गुड्डू साव का पुत्र आर्यन कुमार बताया जो सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे। जंहा टोटो रिक्शा का पिछला चक्का बच्चे के पांव मे चढ़ गया और बच्चा गंभीर रूप से चोटिल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आनन फानन में बच्चे के पिता ने स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे को झरिया के निजी हस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि उसके पांव की हड्डी टूट गई है, जिसके बाद बच्चे के परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद ले गए।इधर टोटो रिक्शा चालक की पहचान लोदना मोड़ अलमुनियम क्वाटर निवासी संतोष कुमार के रूप मे हुई है। जिसने अपनी गलती स्विकार करते हुए इलाज का खर्च देने को तैयार हुआ जिसके बाद मामला शांत हुआ। स्थानीय लोगों की माने तो झरिया क्षेत्र में इन दिनों टोटो रिक्सा चलाने वाले अधिकांश चालक नाबालिक है, जिसके कारण आए दिन छोटी बड़ी घटना घटते रहती है जिस पर पुलीस प्रशासन को जांच पड़ताल करनी चाहिए।

### सरोज महतो ने गरीबों के बीच किया कंबल का वितरण



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन हाकेदाग गांव में बूढ़े बुजुर्ग और गरीबों के बीच 200 कंबल का वितरण रविंद्र बेदिया,सुषेण बेदिया और सरोज कुमार महतो के द्वारा किया गया। मौके पर उन्होंने लोगों से अपील किया कि किसी प्रकार का नशा पान से दूर रहे ताकि स्वच्छ समाज का निर्माण हो सके और सहाय लोगों को जरुर मदद करें। बताते चलें कि ये लोग हर वर्ष असहायक लोगों के बीच कंबल का वितरण करते हैं ताकि ठंड से बचा जा सके। सरोज कुमार महतो भारतीय थल सेना में फिलहाल 2019 से सेवा दे रहे हैं और अपनी ओर से ठंड में कंबल का वितरण भी करते आ रहे हैं साथ ही गरीब बच्चों के बीच कॉपी किताब का वितरण भी करते रहे हैं ताकि उनकी पढ़ाई सुचारू ढंग से चल सके एवं और असहायक लोगों का जरूरत के मुताबिक मदद भी करते हैं।

### कोडरमा में 71 पोषण सखी को मिला नियुक्ति पत्र, सखियों में खुशी



**कोडरमा :** जिले के सतगावां प्रखंड शुक्रवार को प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय में पोषण सखियों के बीच 20 सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, जिप सदस्य नीतू कुमारी, प्रमुख ललिता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ओमप्रकाश बड़ाइक, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला की उपस्थिति में पुनर्बहाली नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। प्रखंड क्षेत्र में कुल 88 में से 71 पोषण सखी को पुनर्बहाली नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र पाकर प्रखंड के पोषण सखी ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को धन्यवाद देते हुए खुशी जाहिर की।उन्होंने सभी पोषण सखी बहनों से अपील करते हुए कहा कि आपको जो जिम्मेदारी दी गई है उसे ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाये। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी, लिपिक भारत किशोर महतो, पोषण सखी इंदु कुमारी, सुलेखा कुमारी, पम्मी कुमारी, ललिता कुमारी, अनु कुमारी, रफत जहां, पिंकी कुमारी, पूजा कुमारी, कविता कुमारी, बिंदु कुमारी आदि मौजूद थीं।

### सुकन्या फाउंडेशन ट्रस्ट ने मनायी सावित्री बाई फुले की जयंती



**बोकारो :** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट ने शुक्रवार को चास स्थित प्रधान कार्यालय में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई। संस्था के संस्थापक सह सचिव अमल दास ने सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर फूल-माल चढ़ाकर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि माता सावित्री बाई ने अपनी मेहनत व पति के सहयोग से महिलाओं के लिए देश में पहला स्कूल खोला था। इसीलिए उन्हें शिक्षा की माता कहा जाता है। उन्होंने लोगों से सावित्री बाई फुले के सिद्धांतों पर चलने की अपील की। मौके पर जिला प्रभारी अशोक दास, उप जिला प्रभारी श्रीकांत दास, ममता देवी, रेणुका बाउरी, डिम्पल देवी, लक्ष्मी कुमारी, पविता देवी, जमुना कुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### महुआडांड़ में बोलेरो व ट्रैक्टर में टक्कर, 4 लोग घायल

**लातेहार :** लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के अक्सी पुल के समीप गुरुवार की देर शाम एक बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रसत हो गया, जिसमें 4 लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, बोलेरो पर्यटन स्थल सुग्गा बांध की ओर से आ रही थी। तभी अक्सी पुल के समीप विपरित दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर से उसकी सीधी टक्कर हो गई। दुर्घटना में बोलेरो में सवार चार लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से सभी घायलों को महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ अमित खलखो सभी का प्राथमिक उपचार किया। घायलों में सुरेश्वर लोहरा, सचिन मुंडा, शंकर गोप व दीपक मिंज शामिल है। डॉक्टर ने सचिन मुंडा, शंकर गोप व दीपक मिंज की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर पुल के नीचे गिर गया।

# आखिर क्यों नहीं थम रहा रुपये में गिरावट का सिलसिला



डॉ. सत्यवान सौरभ

र्यात की तुलना में आयात में वृद्धि के कारण व्यापार घाटा बढ़ने से विदेशी मुद्रा का बहिर्वाह बढ़ता है, जिससे रुपया कमजोर होता है। कच्चे तेल और सोने के बढ़ते आयात के कारण 2022 में भारत का रिकॉर्ड व्यापार घाटा रुपये के मूल्यह्रास को बढ़ाता है। भारतीय रुपये में गिरावट बाहरी क्षेत्र की कमजोरियों के बीच मुद्रा स्थिरता बनाए रखने की चुनौतियों को रेखांकित करती है। मुद्रा मूल्य में उतार-चढ़ाव वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और पूंजी बहिर्वाह के साथ-साथ राजकोषीय घाटे जैसे घरेलू कारकों से उत्पन्न होते हैं। भारत के बाहरी लचीलेपन को बढ़ाने और इसकी अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए प्रभावी नीतिगत उपाय महत्त्वपूर्ण हैं...

सितंबर 2024 के शेयर शिखर के बाद निरंतर बहिर्वाह ने रुपये को कमजोर कर दिया क्योंकि निवेशक अमेरिकी ब्याज दरों में वृद्धि की अटकलों के बीच सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर चले गए। उच्च व्यापार घाटे जैसे व्यापार घाटे आयात पर बाहरी निर्भरता को उजागर करते हैं, विशेष रूप से ऊर्जा के लिए, रुपये की कमजोरी के दौरान चालू खाता घाटा बढ़ाते हैं। रुपये के अवमूल्यन के साथ भारत का कच्चे तेल का आयात बिल बढ़ गया, जिससे 2024 का व्यापार घाटा बढ़कर $75 बिलियन के करीब पहुँच गया।

टैरिफ की धमकियाँ और ब्रिक्स मुद्रा विवाद जैसी वैश्विक घटनाएँ भारत के बाहरी व्यापार और निवेश के लिए अनिश्चितताएँ पैदा करके अस्थिरता को बढ़ाती हैं। ब्रिक्स देशों की मुद्रा योजनाओं के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति की 2024 टैरिफ चेतावनी ने बाजार में बिकवाली को बढ़ावा दिया, जिससे भारत की बाहरी स्थिरता कमजोर हुई। रुपये को स्थिर करने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार पर भारी निर्भरता निरंतर वैश्विक बाजार अशांति के दौरान दीर्घकालिक मौद्रिक लचीलेपन को प्रतिबंधित करती है।

रुपये को वापस 85.53 पर लाने के लिए दिसम्बर 2024 में एक ही तिमाही में $20 बिलियन से अधिक के भंडार को समाप्त कर दिया। कमजोर रुपया घरेलू मौद्रिक नीतियों को प्रतिबंधित करता है, महंगे आयातों के माध्यम से मुद्रास्फीति को बढ़ाता है जबकि विकास सम्बंधी चिंताओं को दूर करने के लिए राजकोषीय स्थान को कम करता है। दिसम्बर 2024 में कच्चे तेल के आयात की लागत 15% बढ़ गई, जिससे नीति निर्माताओं पर मुद्रा प्रबंधन और राजकोषीय विस्तार रणनीतियों को प्रभावी ढंग से संतुलित करने का दबाव पड़ा।

टैरिफ या प्रतिबंध जैसे संरक्षणवादी व्यापार उपाय, व्यापार संतुलन को बाधित करके मुद्रा स्थिरता को कमजोर कर सकते हैं। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच राजनीतिक अस्थिरता या संघर्ष अस्थिरता पैदा करते हैं, जिससे सुरक्षित-पनाहगाह डॉलर की मांग बढ़ती है और उभरते बाजारों की मुद्राएँ कमजोर होती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया, जिससे भारत के आयात बिल पर दबाव पड़ा और रुपये का मूल्य कम हुआ। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में सख्त मौद्रिक नीतियों के कारण भारत से पूंजी का बहिर्वाह होता है, जिससे रुपये पर दबाव पड़ता है। 2022-23 में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दरों में बढ़ोतरी के कारण विदेशी पोर्टफोलियो का बहिर्वाह हुआ, जिससे रुपया कमजोर हुआ।

निर्यात की तुलना में आयात में वृद्धि के कारण व्यापार घाटा बढ़ने से विदेशी मुद्रा का बहिर्वाह बढ़ता है, जिससे रुपया कमजोर होता है। कच्चे तेल और सोने के बढ़ते आयात के कारण 2022 में भारत का रिकॉर्ड व्यापार घाटा रुपये के मूल्यह्रास को बढ़ाता है। उच्च घरेलू मुद्रास्फीति मुद्रा मूल्य को कम करती है, जिससे निर्यात कम प्रतिस्पर्धी हो जाता है और आयात महंगा हो जाता है। कच्चे तेल जैसे अलोचदार आयातों की बढ़ती कीमतों ने भारत के आयात बिलों को बढ़ा दिया, जिससे 2023 में रुपया कमजोर हो गया। घरेलू और विदेशी निवेश में गिरावट कमजोर आर्थिक विकास का संकेत देती है, जिससे मुद्रा प्रवाह हतोत्साहित होता है। 2024 में, कॉर्पोरेट प्रदर्शन में कमी और स्टॉक वैल्यूएशन में वृद्धि के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेश बहिर्वाह हुआ।



मुद्रा को स्थिर करने के लिए केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप विदेशी मुद्रा भंडार द्वारा सीमित हैं और केवल अस्थायी राहत प्रदान कर सकते हैं। दिसम्बर 2024 में आरबीआई के देर से हस्तक्षेप ने रुपये को अस्थायी रूप से 85.53 प्रति डॉलर पर स्थिर करने में कामयाबी हासिल की। राजकोषीय रूप से विवश सरकार बाहरी झटकों को प्रबंधित करने की अपनी क्षमता को कम करती है, जिससे मुद्रा स्थिरता में विश्वास कमजोर होता है। महामारी के दौरान भारत के रिकॉर्ड राजकोषीय घाटे ने बाहरी लचीलेपन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी उपायों को सीमित कर दिया। मुद्रा नीतियों पर सरकार का स्पष्ट रुख निवेशकों का विश्वास बढ़ाता है और सट्टा दबाव कम करता है। आरबीआई गवर्नर द्वारा 2024 में डी-डॉलराइजेशन को खारिज करने से बाजार आश्वस्त हुआ, जिससे रुपये के मूल्यह्रास की चिंताएँ अस्थायी रूप से कम हो गईं। ।

बाह्य लचीलेपन को मजबूत करने के उपाय हैं, निर्यात को बढ़ावा देना और विदेशी मुद्रा आय बढ़ाने और व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए मूल्यवर्धित विनिर्माण और सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करना। फार्मास्यूटिकल्स और आईटी जैसे क्षेत्रों को मजबूत करने से व्यापार घाटे को कम करने और रुपये को स्थिर करने में मदद मिल सकती है। विविध आपूर्तिकर्ताओं के साथ दीर्घकालिक समझौते कर-के अस्थिर कच्चे तेल और आवश्यक आयात पर निर्भरता कम करें। रूस और मध्य पूर्वी देशों से कच्चे तेल के आयात का विस्तार करने से 2023 में औसत तेल आयात लागत कम हो गई। प्रभावी मुद्रा स्थिरीकरण के लिए सॉवरेन वेल्थ फंड और सोने के संचय के माध्यम से मजबूत भंडार बनाएँ।

रिजर्व बैंक के अनुसार 2021 में $600 बिलियन के रिकॉर्ड विदेशी मुद्रा भंडार ने महामारी के दौरान अस्थिरता को प्रबंधित करने में मदद की। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को निपटाने, अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने और विनिमय दर जोखिमों को कम करने के लिए समझौतों में शामिल हों। भारत-रूस रुपया-रूबल व्यापार तंत्र ने रूस-यूक्रेन संकट के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम किया। मुद्रा जोखिमों से बचने के लिए अल्पकालिक बाहरी ऋण को कम करते हुए कम लागत और लंबी अवधि के उधार को प्राथमिकता दें।

भारत द्वारा सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड जारी करने में वृद्धि ने 2023 में पुनर्भुगतान अस्थिरता को कम करने के साथ स्थिर विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद की। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के आर्थिक लचीलेपन के लिए एक मजबूत बाहरी क्षेत्र महत्त्वपूर्ण है। निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर, विवेकपूर्ण राजकोषीय नीति सुनिश्चित करके, विदेशी मुद्रा भंडार में विविधता लाकर और रुपये में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर, भारत मुद्रा अस्थिरता को कम कर सकता है। संरचनात्मक सुधारों और वैश्विक आर्थिक एकीकरण पर जोर देने वाली एक दूरदर्शी रणनीति दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करेगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को मजबूत करेगी।

## संपादकीय

### आर्थिक चुनौतियों का होगा नया साल

बुधवार को जिस 2025 का आगाज हुआ है उसमें अनेक तरह की आर्थिक चुनौतियां होंगी। जिस तरह से महंगाई बढ़ी है तथा केन्द्र सरकार के पास उसे कम करने व लोगों को रोजगार देने की कोई ठोस योजना नहीं है, उससे साफ है कि आमजन के लिये यह साल पहले से कहीं अधिक कष्टप्रद होगा। वर्ष 2024 के आखिरी दिन कांग्रेस ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के जो आंकड़े उद्धृत किये हैं, वे भारतीय अर्थव्यवस्था की भयावह तस्वीर पेश करने के लिये काफी हैं। कहने को तो ये आंकड़े गोल्ड लोन लेकर अथवा गहने गिरवी रख या बेचकर घर चलाने के सम्बन्ध में हैं, जिसे एक तरह से सीमित विषय पर केन्द्रित कहा जा सकता है, परन्तु देश की जो सामाजिक व्यवस्था है उसमें घर खर्च चलाने के लिये सोना गिरवी रखना अथवा बेचना आम आदमी का अंतिम उपाय माना जाता है। ऐसा करना लोगों की बदहाली व मजबूरी का द्योतक है। असली बात यह है कि ऐसी तमाम परिस्थितियों को सिरे से खारिज करने की आदी भारतीय जनता पार्टी की सरकार यह नहीं बतलाती कि वह जनता को इस हालत से बाहर निकालने के लिये क्या करने जा रही है। कांग्रेस ने मंगलवार को आरबीआई के आंकड़ों का हवाला देते हुए एक्स पर पोस्ट कर बताया है कि 'देश की अर्थव्यवस्था डांवाडोल है। लोगों के पास कमाई के साधन नहीं हैं और उन्हें घर चलाने के लिये गहने गिरवी रखकर कर्ज लेना पड़ रहा है। इसके बाद भी स्थिति सुधर नहीं रही। वे कर्ज नहीं चुका पा रहे हैं।' बकौल कांग्रेस, आरबीआई ने जो तथ्य दिये हैं उनमें प्रमुख हैं-गोल्ड लोन के डिफाल्टर के मामले मार्च 2024 से जून 2024 तक 30 फीसदी बढ़ गये, कमर्शियल बैंकों में डिफाल्टर मामलों में 62 प्रतिशत का इजाफा तथा बीते वर्ष के पहले 7 महीनों में कर्ज लेने के मामलों में 50 प्रश की वृद्धि। कांग्रेस की इस बात में दम है कि, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आम जनता की परेशानियों से कोई फर्क नहीं पड़ रहा। वे देश की अर्थव्यवस्था को सम्भालने में पूरी तरह से नाकाम हो चुके हैं।' इसमें कोई शक नहीं कि सोना गिरवी रखना या बेचना माली हालत का सबसे बड़ा सूचकांक माना जाता है- फिर वह चाहे व्यक्ति हो या देश। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि देश की हालत बहुत खराब है। मुल्क की जो स्थिति हैं वह साफ बतला रही है कि यदि लोगों को सोना बेचना पड़ रहा है या वे उसे गिरवी रखकर घर का खर्च चला रहे हैं तो इसका अर्थ है कि उनकी आमदनी काफी घटी है। दूसरे, महंगाई का जो आलम है वह भी सर्वत्र दिख पड़ता है। साग-सब्जियों से लेकर खाने-पीने की वस्तुएं तथा तमाम उपभोक्ता सामग्रियां लगातार महंगी होती जा रही हैं। कोई भी ऐसा महीना नहीं आता जिसमें किसी भी वस्तु के दाम घटने की खबर मिलती हो। ऊपर से, तमाम तरह की सामग्रियां, सेवाएं या उत्पाद जीएसटी के दायरे में लाई जा चुकी हैं; और जो नहीं लाई गयी थीं, वे भी लाई जा रही हैं। यहां तक कि बहुत बुनियादी जरूरतों की सामग्रियों या सेवाएं तक लगातार महंगी होती जा रही हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, दवाएं, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस आदि शामिल हैं। यहां तक कि किसानों के लिये जरूरी कृषि उपयोगी वस्तुएं, उपकरण, खाद आदि सभी कुछ महंगा होता जा रहा है। वैसे भी मोदी सरकार का सारा ध्यान और अनुराग उच्च वर्गों के लिये हैं। सामान्य दर्जे की ट्रेनों की बजाये उसकी दिलचस्पी महंगी ट्रेनें (वंदे भारत, बुलेट ट्रेन आदि) चलाने में हैं। लोगों की जेब पर जिस तरह से बोझ बढ़ता जा रहा है उनके पास सोना गिरवी रखने या बेचने के अलावा और कोई उपाय नहीं रह जाता। हर किसी के पास इतनी जमा-पूंजी नहीं रहती कि वह वर्षों तक महंगाई को झेल सके। न ही हर किसी के पास जमीनें होती हैं। मकान सभी के लिये जरूरी होता है पर पाया गया है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान जनजीवन जैसा महंगा हुआ है, लोग मकान बेचकर छोटे शहरों या सस्ते आवासों वाली बस्तियों में जा रहे हैं।

## चिंतन-मनन

### मनुष्य को कर्मों का कर्ज चुकाना होगा

भगवान ने हमारे जीवन को पवित्र बनाने के लिए समय-समय पर जो उपदेश दिए हैं, वे शास्त्रों के रूप में हमारे सामने हैं। हमें यह जो मनुष्य भव मिला है, यदि कर्मों का कर्ज चुका दिया तो सीधे मोक्ष प्राप्त हो सकता है। मनुष्य को अपने कर्मों का भुगतान स्वयं करना पड़ता है। उपाध्याय प्रवर मूलमुनिजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कई भवों के बाद मनुष्य जन्म प्राप्त होता है। हम मनुष्य भव को सद्कार्यों में लगाकर जीवन का कल्याण कर सकते हैं। ऋषभमुनिजी ने कहा कि भगवान के शरीर में तीर्थंकर का शरीर सबसे श्रेष्ठ बना है। तीर्थंकरों के शरीर में सुगंध आती है जबकि भगवान के पास जाते ही समभाव आ जाता है। भगवान के 34 अतिशय का प्रभाव रहता है। भगवान का शरीर के प्रति राग नहीं रहता। केवलज्ञान ही पूर्ण ज्ञान रहता है। आत्मा ही गुरु है। आत्मा ही देव है।

# संघर्ष जीवन का मूल मंत्र है



किशन सनमुखदास भावनानी

मानव जीवन में संघर्ष, मेहनत, कौशलता यह तीन अस्त्र ऐसे हैं जो जीवन की सफलता के मूल मंत्र हैं इन तीन मंत्रों के बलपर हर मानव अपने जीवन रूपी गाड़ी को मंजिल तक पहुंचाने में कामयाब रहता है! क्योंकि आज के युग में सफलता प्राप्त करने के लिए संघर्ष की सीढ़ी पर चढ़ना होता है, हालांकि हो सकता है इस सीढ़ी से हम कई बार फिस्लें भी, परंतु यदि सफलता पाने का जज्बा और जांबाजी है तो हमें, फिसलकर फिर उठ खड़ा होकर सफलता की सीढ़ी पर चढ़ना होगा। इसे ही संघर्ष का नाम दिया गया है इससे हम जरूर सफलता की इस सीढ़ी के अंतिम पहिए तक पहुंचकर अपना,अपने कुल का और भारत का नाम रोशन करने में कामयाब होंगे। साथियों बात अगर हम चींटी से मेहनत, बगुले से तरकीब और मकड़ी से कारीगरी सीखने की करें तो, नन्हीं सी चींटी महीने भर मेहनत करती है और और साल भर आराम और निश्चिंतता से अपना जीवन जीती है। बिना मेहनत के जीवन खुशहाल और निश्चिंत नहीं बन सकता ये उस नन्हीं सी चींटी के जीवन की सीख है। वैसे तो बगुले को उसके ढोंग के लिए ही जाना जाता है मगर बगुले का वह ढोंग भी मनुष्य को एक बहुत बड़ी सीख दे जाता है। रास्ते बदलो पर लक्ष्य नहीं बदलो। कभी-कभी बहुत मेहनत के बाद भी कार्य सिद्ध नहीं हो पाता मगर वही कार्य कम मेहनत में भी सिद्ध हो सकता है, बस आपके पास उसकी तरकीब अथवा तरीका होना चाहिए। संसार में हर जीव अपने आवास और भोजन की व्यवस्था अपने ही तरीके से करता है लेकिन मकड़ियों द्वारा उनका जाल बनाना काफी रोचक और बेहद कठिन है उनसे इन इस कठिन परिस्थितियों में सफलता पाने का गुण सीखना है। साथियों बात अगर हम संघर्ष ने मेहनत की करें तो हमारे बड़े बुजुर्गों ने हमें बार-बार समझाया है कि देखो,यह चींटी कितनी बार दीवार पर चढ़ते हुए बार-बार गिरती है परंतु फिर उठ खड़ी होकर चढ़ती है, इससे सीखो!वाह! क्या बात है, इतनी बड़ी विशाल मानव काया के सामने चींटी का उदाहरण, संघर्ष और मेहनत के रूप में मानव के सामने सदियों से आता रहा है,जिससे हमें यह सीख मिलत है कि मानव से हजारों गुना छोटे जीव को भी निग्लेक्ट नहीं कर उससे सीखने, प्रेरणा लेने की सोच का भाव हृदय में रखना है, यही भाव आगे चलकर मानव को महामानव के रूप में परिवर्तित करता है। साथियों बात अगर हम अपने जीवन में संघर्ष की करें तो, नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है, चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है। मन का विश्वास रगों में साहस भरता है, चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना नहीं अखरता है। आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। जीवन संघर्ष का दूसरा नाम है।एक बात हमेशा याद रखिए, अपनी मंजिल का आधा रास्ता तय करने के बाद पीछे ना देखे बल्कि पूरे जुनून और विश्वास के साथ बाकी की आधी दूरी तय करें, बीच रास्ते से लौटने का कोई फायदा नहीं क्योंकि लौटने पर आपको उतनी ही दूरी तय करनी पड़ेगी जितनी दूरी तय करने पर आप लक्ष्य तक पहुँच सकते है। साथियों संघर्ष जीवन के उतार-चढ़ाव का अनुभव कराता है, अच्छे-बुरे का ज्ञान करवाता हैं, सतत सक्रिय रहना सिखाता है, समय की कीमत सिखाता है जिससे प्रेरित होकर हम सशक्तिकरण के साथ फिर से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होते है और जीवन जीने के सही तरीके को सीखते हैं। आगे बढ़कर भी अगर सफलता ना मिल पाई तो भी कोई बात नहीं कम से कम अनुभव तो नया होगा। बार-बार हार के भी हिम्मत के साथ अपने टारगेट की तरफ कदम बढ़ाना ही संघर्ष है। अपनी हर असफलता से कुछ सीखिए और निडरता के साथ संघर्ष का दामन थाम के मंजिल की ओर आगे बढ़िए।वसंघर्ष हमारे जीवन का सबसे बड़ा वरदान है और वो हमें सहनशील, संवेदनशील और देवतुल्य बनाता हैं।जब तक जीवन में संघर्ष नहीं होता तब तक जीवन जीने के अंदाज को, सच्ची खुशी को, आनंद को, सफलता को अनुभव भी नहीं कर सकते। जिस तरह बिना चोट के पत्थर भी भगवान नहीं होता। ठीक उसी तरह मनुष्य का जीवन भी संघर्ष की तपिश के बिना ना तो निखर सकता है, ना शिखर तक पहुँच सकता है और ना ही मनोवांछित सफलता पा सकता है। साथियों बात अगर हम मकड़ी से कारीगरी सीखने की करें तो यह उदाहरण भी हमें हमसे बड़े बुजुर्गों द्वारा पीढ़ियों से, दशकों से दिया जाता है कि देखो वह मकड़ी नें कैसा सुंदर आकार का जाल बनाया है, उसकी कलाकारी को देखो बस हमें आज उस मकड़ी की कला की कारीगरी को आज कौशलता का नाम देकर उसकी कारीगरी को अपने मानवीय मस्तिष्क में यह बात उतारनी है कि जब हम से हजारों गुणा छोटा जीव इतनीं सुंदर कारीगरी कर सकता है तो हम क्यों नहीं, बस! यह मानवीय सोच, मानवीय बौद्धिक क्षमता के कुछ स्तरपर बंद दरवाजों को खोलने का काम करती है और यह द्वार एक बार खुला तो फिर हुनर की लंबी उपलब्धियां हमारे पास होंगी और हम अपने कुल के साथ भारत माता का नाम वैश्विक स्तरपर ऊंचा करने में कामयाब कर सकेंगे। साथियों बात अगर हम कौशलता की करें तो, वर्तमान समय में कौशलता या कारीगरी या हुनर का नाम हम बहुत अधिक सुन रहे हैं।कौशलता विकास का नाम भारत सरकार के करीब-करीब हर मंत्रालय के कार्यक्रम की सूची में है और एक अलग से कौशलता विकास मंत्रालय भी बनाया गया है कुछ हफ्तों से देशभर में हुनर हाटों का आयोजन कर, हर मानव निर्मित कलाओं, वस्तुओं और सेवाओं का प्रदर्शन कर उनका वैश्विक विस्तार करने की रणनीतिक तैयारी की जा रही है जिसका परिणाम हम विजन 2047, विजन 5 ट्रिलियन डॉलर भारतीय अर्थव्यवस्था, नए भारत की गाथा, नया भारत सहित अनेक विजन हमने तैयार करके उसपर तीव्रता से आगे बढ़ रहे हैं जिसका दूरगामी परिणाम हम आने वाले वर्षों में जरूर देखेंगे। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि संघर्ष जीवन का मूलमंत्र है। संघर्ष ही जीवन है। आओ चींटी से मेहनत, बगुले से तरकीब और मकड़ी से कारीगरी की प्रेरणा से सीखकर अपना जीवन सवारें तथा संघर्ष सफल जीवन की कुंजी है, कल तभी अच्छा होगा जब हम उसके लिए आज से मेहनत करेंगे।

# अपनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी



रमेश सर्राफ धमोरा

कांग्रेस पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुले आम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस कर-के कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की हैं। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी अपनी सहमति जताई है। इससे इंडिया गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।

जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया है। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल ही उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने तो कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आम आदमी पार्टी कांग्रेस से खासी नाराज नजर आ रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह से चुनाव लड़ रही है उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी जीत तय मानकर आम आदमी पार्टी से गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। जिसके चलते आम आदमी पार्टी ने कई सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़कर 1.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। जबकि हरियाणा में कांग्रेस को 39.34 प्रतिशत वोट व भाजपा को 39.94 प्रतिशत वोट मिले थे। यदि हरियाणा में कांग्रेस आम आदमी पार्टी से समझौता करके चुनाव लड़ती तो निश्चय ही सरकार बन सकती थी। मगर कांग्रेस ने अवसर गवां दिया और वहां भाजपा ने आसानी से तीसरी बार पहले से भी अधिक बहुमत से सरकार बना ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में तो समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी थी। जबकि लोकसभा चुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मिलकर ही लड़ा था।

महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महा विकास अघाड़ी की करारी हार होने के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस ने हरियाणा में आप और समाजवादी पार्टी को सीट ना देकर गलती की थी। पार्टी के मुखपत्र सामना में भी लिखा गया कि कांग्रेस नेताओं के अति आत्मविश्वास और घमंड ने हरियाणा में हार के लिए भूमिका निभाई। पार्टी नेता संजय राउत ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को लगने लगा था कि वह अकेले ही जीत सकती है। इसलिए किसी को भी सत्ता में भागीदार बनाना उचित नहीं समझा था।

पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस कुल 329 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जिसमें से 145 सीटों पर बिना किसी गठबंधन की अकेले चुनाव लड़ी थी। जिसमें कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव जीती थी। कांग्रेस का बिना किसी दल से गठबंधन में जीत का रेशियो 25.52 प्रतिशत रहा था। जबकि कांग्रेस 184 सीटों पर साथी दलों से गठबंधन करके चुनाव लड़ी थी। इसमें कांग्रेस ने 62 सीट जीती थी और जीत का रेशियो 33.75 प्रतिशत रहा था। इस तरह से देखे तो कांग्रेस पार्टी को अकेले चुनाव लड़ने की बजाय गठबंधन साथियों की बदौलत बड़ी जीत हासिल हुई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 13 करोड़ 67 लाख 59 हजार 64 यानी 21.29 प्रतिशत वोट मिले थे। गठबंधन करने के कारण 2019 की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 1.91 प्रतिशत अधिक वोट मिले थे।

कांग्रेस पार्टी ने पंजाब, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में अपने बूते चुनाव लड़ा था। जबकि बिहार, गुजरात हरियाणा झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश में गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। अंडमान निकोबार दीप समूह, आंध्र प्रदेश, दादरा नगर हवेली व दमन दीव, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड ऐसे प्रदेश है जहां लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका था।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में लगा जहां उनकी सीटे 44 से घटकर 16 रह गई। महाराष्ट्र में कांग्रेस शिवसेना (यूबीटी) व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के साथ महाविकास अघाड़ी बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी। वहां कांग्रेस सबसे अधिक 101 सीटों पर चुनाव लड़ी जिसमें महज 16 सीट ही जीत पाई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 80 लाख 20 हजार 921 वोट मिले जो कुल मतदान का 12. 42 प्रतिशत थे। महाराष्ट्र में कांग्रेस की जीत का स्ट्राइक रेट 15.38 प्रतिशत ही रहा।

संसद का शीतकालीन सत्र का समापन हो चुका है। जिसमें अधिकांश समय कांग्रेस ने अदानी मुद्दे को लेकर संसद नहीं चलने दी। इससे संसद का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। इसको लेकर भी कांग्रेस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस, सपा ने कांग्रेस को घेरते हुये आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बहस नहीं होने देना चाहती है तथा सिर्फ अदानी मुद्दे को ही जिंदा रखे हुए हैं। यदि संसद चलती तो कई तरह के मुद्दों पर सरकार को घेरा जा सकता था। इंडिया अलायंस में जिस तरह की खटपट वर्तमान समय में चलने लगी है वह अलायंस के लिए शुभ नहीं मानी जा सकती है। अलायंस में शामिल दल ही विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व को नकारने लगे है इससे बुरी बात कांग्रेस पार्टी के लिए और क्या हो सकती है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से विपक्षी पार्टियों ने एकजुट होकर इंडिया गठबंधन बनाकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। वही गठबंधन अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जा रहा है।

आने वाले समय में दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने हैं। वहां भाजपा चुनाव जीतने की पूरी रणनीति बनाने में जुटी हुई है। आम आदमी पार्टी चाहती है कि वह दिल्ली की सत्ता पर फिर से काबिज हो। मगर कांग्रेस का रवैया देखकर आम आदमी पार्टी भी सकते में है। पार्टी के नेता कांग्रेस को वोट कटवा के रूप में देख रहे हैं तथा खुले आम भाजपा की बी टीम के रूप में काम करने का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की दो सूची जारी कर दी है। शेष सीटों पर भी जल्दी ही प्रत्याशियों के नाम घोषित करने की तैयारी चल रही है। यदि दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी पराजित हो जाती है तो इंडिया गठबंधन के ताबूत में वह आखरी कील साबित होगी।

कांग्रेस को यदि इंडिया गठबंधन को बचाना है तो अपने सहयोगी क्षेत्रीय दलों की भावनाओं को समझ कर फैसला करना होगा। तभी कांग्रेस अपने राजनीतिक वजूद को बचा पाएगी। इंडिया गठबंधन टूटने की स्थिति में कांग्रेस का भी कमजोर होना तय माना जा रहा है। क्योंकि कांग्रेस अकेले भाजपा से मुकाबला नहीं कर सकती है। गठबंधन के साथी दलों की मदद से ही कांग्रेस मजबूत हो सकेगी इस बात से कांग्रेस नेता भी अच्छे से वाकिफ है।

## एक नजर

### मुरहू में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**खूंटी :** जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को मुरहू थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वाहन जांच और जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों को गुलाब दे कर यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। लोगो को बताया गया कि वाहन से संबंधित सभी कागज दुरुस्त रखे तथा वैध लाइसेंस के साथ ही वाहन का परिचालन करें। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित की मदद करें। इस दौरान मुरहू थाना प्रभारी, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक निशांत रौशन सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### नकाबपोश अपराधियों ने व्यवसायी के घर से की लाखों की डकैती

**गिरिडीह :** जिले के बिरनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की अहले सुबह करीब तीन बजे हथियार बंद अपराधियों ने व्यवसायी सुरेश मोदी के घर धावा बोलकर डकैती की घटना को अंजाम दिया। घटना बिरनी के बिराजपुर चौक के समीप रहने वाले सुरेश मोदी और राजेश मोदी के घर पर हुई। मोदी बंधुओ के अनुसार सात की संख्या में आए नकाबपोश अपराधियों ने घर में घुसते ही गृह स्वामी सुरेश और उनके दोनों बेटे राजेश समेत घर की महिलाओं को पिस्तौल और धारदार हथियार का भय दिखाकर सबों को अपने कब्जे में किया। इस दौरान अपराधियों ने घर के एक एक कमरे को खंगाला, अलग अलग स्टील अलमारियों में रखे करीब आठ लाख के जेवर के साथ दो लाख नगद रुपए लूट लिए। घटना को अंजाम देने के क्रम में अपराधियों ने सुरेश, राजेश और घर की महिलाओं के मोबाइल भी जब्त कर लिया। हालाकि सुरेश मोदी का छोटा बेटा अपने मोबाइल बचाने में सफल रहा। अपराधी इस दौरान करीब 20 मिनट तक सुरेश मोदी और राजेश मोदी के घर पर तांडव मचाते रहे। और घटना को अंजाम देकर फरार हो गये । घटना के बाद गृहस्वामी ने घर में हुए डकैती की जानकारी पड़ोसियों को दिया। सुरेश के छोटे बेटे के मोबाइल से घटना की जानकारी बिरनी थाना पुलिस और एसडीपीओ धनंजय राम को दिया गया। मामले की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ धनंजय राम और अधिकारी बिराजपुर चौक पहुंचे और पिता पुत्र से घटना की पूरी जानकारी ली। घटना की जानकारी सुबह जब लोगो को मिला, तो काफी संख्या में पड़ोसी भी सुरेश मोदी के घर पहुंचे। इस बाबत बिरनी पुलिस ने कहा कि अपराधिक ठिकानों पर छापेमारी शुरू की गई है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### खुटरा मैदान में खेल महाकुंभ का होगा आयोजन

**कटकमसांडी :** कटकमसाडी प्रखंड क्षेत्र में नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा प्रखण्ड स्तरीय खेल कूद का आयोजन खुटरा खेल मैदान में दिनांक 05/01/2025 तक दो दिवसीय खेलकूद काआयोजन किया जाएगा। बालक वर्ग का कब्बड़ी, 200 मीटर रेस और रस्सी जंप, बालक वर्ग में फुटबॉल, 400मीटर रेस, बालक वर्ग में फुटबॉल मैच, लम्बी कूद का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के टीम भांग ले सकते है। जिसमे कटकमसाडी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से सैकड़ों बालक बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

# पुलिस के जागरूकता अभियान का दिखा असर ग्रामीण स्वयं नष्ट कर रहे हैं अफीम की फसल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** खूंटी जिले में अफीम की अवैध खेती और इसके दुष्परिणामों के खिलाफ जिला पुलिस की ओर से चलाये जा रहे अभियान का असर अब गांवों में देखने को मिल रहा है। गांव के लोग अब खुद कही अफीम की खेती को नष्ट करने लगे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को मुरहू थाना क्षेत्र के चमराटोली गांव के लगभग आठ एकड़ खेत में लगी अफीम की अवैध खेती को ट्रैक्टर से रौंदकर नष्ट कर दिया। जिला पुलिस के सहयोग से मुरहू पंचायत की मुखिया ज्योति डोडराय ग्राम प्रधान बाले पाहन और बबलू खान ने लोगों को अफीम की न करने और जो अवैध खेती है,उसे नष्ट करने के लिए प्रेरित किया। चमराटोली में शुक्रवार को ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जहां खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक, अंचलाधिकारी शंकर कुमार विद्यार्थी और थाना प्रभारी रामदेव यादव को भी बुलाया गया। बैठक में मुखिया ज्योति डोडाराय ने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस के जरिये अफीम के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान से प्रभावित होकर उन्होंने अफीम की फसलों को नष्ट करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीपीओ वरूण रजक ने कहा कि अफीम के कारण खूंटी जिला बदनाम हो रहा है। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती की शुरूआत हुई, तो लोग इसे काफी फायदेमंद समझने लगे और धीरे-धीरे गांव वाले इस अवैध खेती से जुड़ने लगे। उन्होंने कहा कि जब केस होता हे और जेल जाना पड़ता है, तो कोर्ट-कचहरी के चक्कर में अफीम की कमाई से अधिक पैसा खर्च हो जाता है। एसडीपीओ ने कहा कि अफीम की खेती से न सिर्फ जल, जंगल और जमीन बर्बाद हो रहे हैं, बल्कि मानव जीवन और भावी पीढ़ी का भी इससे नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए आप सभी अफीम की खेती को छोड़ें। सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी ने कहा कि अब सेटेलाइट के माध्यम से अफीम की अवैध खेती पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब तक खूंटी जिले में अफीम को लेकर सार सौ से अधिक मामले दर्ज हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग स्वयं अफीम की खेती को नष्ट कर रहे हैं,उनके खिलाफ कोई करवाई नहीं की जाएगी।

## गिरिडीह के कमल ज्वेलर्स से नकद सहित लाखों के जेवरात की चोरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गिरिडीह :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सिहाडीह में स्थित कमल ज्वेलर्स में बाते रात अपराधियों ने दुकान का शटर तोड़कर करीब दो लाख नकद सहित 15 लाख के सोने - चांदी के जेवरातों की चोरी की घटना को अंजाम दिया ।शुक्रवार दोपहर जब कमल ज्वेलर्स दुकान के मालिक मनोज स्वर्णकार के बेटे सतीश स्वर्णकार दुकान खोलने पहुंचे तो देखा दुकान का शटर पूरी तरह से डेमेज है। नीचे के हिस्से को तोड़कर अपराधी दुकान के भीतर घुसे और दुकान में रखा हुआ भारी भरकम आयरन चेस्ट गिरा दिया। दुकानदार मनोज स्वर्णकार और सतीश स्वर्णकार के अनुसार तिजोरी तोड़कर उसमें रखे करीब 13 -14 लाख रुपये की बेशकीमती सोने और चांदी के जेवरों की चोरी की है। जेवरों से भारी भरकम तिजोरी जमीन में गिराना एक दो लोगों के लिए संभव नहीं है। कई अपराधियों के जरिये घटना को अंजाम दिए जाने की बात दुकानदार के जरिये कही गयी। इसके अलावा दुकान के गल्ले में रखा करीब दो लाख नकद राशि भी चोर ले गये। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ जीत वाहन और मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच शुरू की है। पुलिस ने बताया कि अपराधियों तक पहुंचने के लिए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट का भी सहारा लिया जा रहा है। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस के मुताविक सभी संभावित स्तरों से घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

## भंडरिया में बाघ की दस्तक, भैंस गाय और बैल का किया शिकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** गढ़वा जिले के भंडरिया के जंगल में बाघ देखा गया है। बाघ लगातार मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है। इसके बाद इलाके के ग्रामीण दहशत के माहौल में हैं। बाघ को लेकर वन विभाग ने रमकंडा और भंडरिया में अलर्ट जारी कर दिया है। ग्रामीणों को जंगल में नहीं जाने की हिदायत दी है। हालांकि वन विभाग बाघ की तस्वीर या पगमार्क नहीं मिला है, लेकिन शिकार के तरीके से वन विभाग के अधिकारी भी इलाके में बाघ होने की बात मान रहे हैं। वन विभाग की टीम बाघ को ट्रैक करने के कोशिश में जुटी है। गुरुवार की रात बाघ ने एक भैंस और एक बैल को निशाना बनाया। भंडरिया वन क्षेत्र के रोदो जंगल में इंद्रदेव यादव की भैस को जख्मी कर दिया और रमकंडा के बलिगढ़ पंचायत के बैदेशी टोला में हुलास सिंह की गाय को मार डाला। रोदो गांव के ठेकही टोला निवासी इंद्रदेव यादव अपनी भैस को जंगल में चराने गया था। रात में जंगल में चर रही भैंस पर बाघ ने हमला कर दिया। दो दिन पहले भंडरिया के संगाली गांव के जंगल में बाघ के होने की बात ग्रामीणों ने कही थी। 13 नवंबर की रात बड़गड़ थाना क्षेत्र के बहेराखांड़ में मवेशी का शिकार कर बाघ भंडरिया क्षेत्र के जंगल से होते हुए नदी पार कर पलामू टाइगर रिजर्व एरिया में पहुंच गया था। इसकी पुष्टि वन विभाग और पीटीआर के अधिकारियों ने की थी। गढ़वा दक्षिणी वन क्षेत्र के डीएफओ इबिन बेनी अब्राहम ने कहा है कि ग्रामीण सावधान रहें। पशुओं को लेकर जंगल में ना जाएं। अंधेरा होने के पहले अपने घरों में रहे। मवेशियों का शिकार जिस तरह से किया गया है वह बाघ के इलाके में होने का इशारा कर रहा है।

## डीसी की अध्यक्षता में जिला सलाहकार एवं अनुश्रवण समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट(गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक(लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 के तहत जिला सलाहकार एवं जिला निरीक्षण व अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निदेर्शों की जानकारी लेते हुए सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों, अस्पतालों का औचक रूप से जांच कर संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड मशीनों का नवीनीकरण एवं नए अल्ट्रासाउंड मशीनों के स्थापन के संबंध में सम्पूर्ण जांच प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड केंद्र में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के रोस्टर की जांच करते हुए केंद्रों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन को किसी भी स्थिति में गर्भावस्था के दौरान लिंग जांच न हो यह सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, डॉ सुनील सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिदार्थ शंकर चौधरी के द्वारा उपायुक्त एवं समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी देने के क्रम में बताया गया की प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 49227 छात्र-छात्राओं ने ई कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण किया है। वहीं आईएनओ द्वारा 41786 छात्र-छात्राओं के आवेदनों को सत्यापित किया गया है जिसके उपरांत वर्तमान में 41786 बच्चों को छात्रवृत्ति हेतु अनुमोदन दिया जाना है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 26815 विद्यार्थियों द्वारा ई कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण किया गया था जिसके उपरांत आईएनओ द्वारा 26141 आवेदनों का सत्यापन किया गया वहीं पूर्व में समिति द्वारा 21427 आवेदनों को अनुमोदन दिया गया था जिसके उपरांत वर्तमान में 449 छात्र-छात्राओं को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु अनुमोदन दिया जाना है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ देने हेतु आवेदनों को स्वीकृति देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

## खूंटी में बीते वर्ष सड़क हादसों में 123 लोगों ने गंवाई जान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**खूंटी :** जिले में वर्ष 2024 में हुई सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों ने एक ओर जहां प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है, वहीं समाज के लिए भी ये आंकड़े डरावने लगने लगे है। बीते वर्ष खूंटी जिले में 123 लोगों ने वाहन दुर्घटना में जान गंवाई है। जिले में जितनी मौतें हार्ट अटैक या अन्य घातक बीमारियों से नहीं होती, उससे कहीं अधिक मौतें सड़क हादसों में हो रही है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला स्तर पर सड़क सुरक्षा समिति का गठन भी किया गया है। हर बार बैठक में सड़क हादसों को रोकने के उपायों पर चर्चा होती है और कुछ कार्य भी किये जाते हैं लेकिन हादसों का आंकड़ा घटने का नाम नहीं ले रहा है।

**नशा पान और बिला हेलमेट चलना सबसे बड़ा कारण**

खूंटी जिले में सड़क हादसों में मरने वालों में सबसे अधिक संख्या दो पहिया वाहन सवारों की है। समाज के अधिकतर लोगों का मानना है कि शराब का सेवन कर और बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन और बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाना हादसों में मौत का सबसे बड़ा कारण है। लोग अधिकतर शराब पीकर वाहन चलाते हैं और नियंत्रण खो देते हैं। इसको लेकर पुलिस समय-समय पर अभियान भी चलाती है। पुलिस बेथ एनालाइजर से वाहन चालकों की जांच करती है और शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाने पर कार्रवाई भी की जाती है लेकिन इसका कोई खास प्रभाव दिखता नहीं है। इसके अलावा सड़कों पर बने बड़े-बड़े गड्ढे भी सड़क हादसों का दावत देते हैं। अचानक ब्रेक लगाने के चक्कर में वाहन अनियंत्रित हो जाता है। साथ ही आधे-अधूरे सड़क निर्माण, यातायात नियमों का उल्लंघन, गलत पार्किंग, सार्वजनिक सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। तोरपा के रहने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक पंचम साहू कहते हैं कि सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण शराब, गांजा और भांग जैसे नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की शिकायतें अक्सर युवाओं में है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए। भाजपा नेता संतोष जायसवाल ने कहा कि नशापान कर और बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों पर पुलिस कड़ाई करे, तो हादसों में काफी कमी आ सकती है।

**53 लोगों ने की खुदकुशी**

जिले में खुदकुशी के आंकड़े भी डराने लगे हैं। बीते वर्ष जिले में 53 लोगों ने आत्महत्या कर ली। इनमें सबसे अधिक संख्या युवाओं की है। सामाजिक कार्यकर्ता काशीनाथ महतो कहते हैं कि खूंटी जिले में एक वर्ष में 53 लोगों की आत्महत्या के आंकड़े चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि खुदकुशी के पीछे कई जटिल कारण हैं। इनमें मानसिक स्वास्थ्य, शेक्षणिक दबाव, सामाजिक-आर्थिक समस्याएं, नशापान और घरेलू हिंसा आदि प्रमुख हैं। परीक्षा में सफलता का अधिक दबाव छात्र-छात्राओं को आत्महत्या की प्रवृत्ति को ढकेलता है। खूंटी के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी कहते हैं कि गरीबी, बेरोजगारी, सामाजिक भेदभाव, पारिवारिक तनाव और परीक्षा का दबाव के अलावा युवाओं के बीच इंटरनेट के उपोग में हो रही उल्लेखनीय वृद्धि भी खुदकुशी के कारण बन रहे हैं।

**हाथियों ने ली छह की जान**

खूंटी जिले में जंगली हााथियों का आतंक कोई नई बात नहीं है। पिछले चार-पांच दशकों से जिले के कर्रा, तोरपा, रनिया, मुरहू आदि प्रखंड में गजराजों के आतंक जारी है। बीते वर्ष हाथियों ने छह लोगों को कुचलकर मार डाला।


## संक्षिप्त खबरें

### सीआरपीएफ ने शहीद वाल्टर गुड़िया को दी श्रद्धांजलि



**खूंटी :** देश के लिए अपने प्राण देने वाले वाल्टर गुड़िया के शहादत दिवस के मौके पर सीआरपीएफ 94 बटालियन की ओर से उन्हें शुक्रवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बटालियन के उप कमांडेंट संतोष कुमार के ने तोरपा स्थित शहीद वाल्टर गुड़िया की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मौके पर उप कमांडेंट ने वीर नारी राहिल गुड़िया को शॉल और साड़ी देकर सम्मानित किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। मौके पर शहीद की पत्नी राहिल गुड़िया, उनके पुत्र विश गुड़िया, तोरपा के मुखिया जोन टोपनो, मार्शल मुंडू, सहित कई लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके पूर्व जीईएल चर्च दियांकेल के पादरी अमृत भेंगरा ने ईसाई रीति के अनुसार प्रार्थना की। इस संबंध में उप कमांडेंट ने बताया कि लोगों में देश भक्ति की भावना को बढ़ावा देने और देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देनेवाले शहीद नायकों की वीरता और बलिदान का सम्मान करने के लिए सीआरपीएफ इस तरह कार्यक्रमों का आयोजन करती है। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन तीन जनवरी 1988 को पंजाब में तैनाती के दौरान नक्सलियों से लोहा लेते हुए वाल्टर गुड़िया ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला का हुआ आयोजन



**रामगढ़ :** शुक्रवार को समाहरणालय, रामगढ़ के सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला का आयोजन किया गया। कर्मशाला का शुभारंभ उपायुक्त चंदन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कर्मशाला में परियोजना निदेशक, आत्मा, रामगढ़ द्वारा जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में सभी को जानकारी दी। कर्मशाला में उपायुक्त ने जिले के अलग अलग क्षेत्रों में एग्री स्मार्ट विलेज के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में प्रभावी तरीके से कार्य करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने जिले में कृषि के विकास को लेकर किसानों के लिए वृहद रूप से एक्सपोजर विजिट आयोजित करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने पीएम कुसुम योजना अंतर्गत प्रतिस्थापित किए जा रहे सोलर पंप सेट की जांच करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।कर्मशाला में जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी एवं उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो द्वारा भी कर्मियों को कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान किया गया। कर्मशाला के दौरान जिला उद्यान पदाधिकारी, रामगढ़ ने उद्यान विभाग के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कर्मशाला में सहायक भूमि संरक्षण का अधिकारी, रामगढ़ ने भूमि संरक्षण विभाग द्वारा चल रही योजनाओं की जानकारी दी। कर्मशाला में अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने विभाग से चल रही योजनाओं की जानकारी दी। कर्मशाला में तकनीकी सत्र चलाया गया। सत्र के दौरान केवीके बोकारो डॉ आदर्श श्रीवास्तव और मांडू के डॉ धर्मजीत खेरवार वैज्ञानिकों के द्वारा पौधा संरक्षण के विभिन्न विधियों की जानकारी दी। मत्स्य विभाग के पदाधिकारी द्वारा मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। कर्मशाला में जिला योजना पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक, प्रभारी मिट्टी जांच प्रयोगशाला, जिलें के सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम, जनसेवक, एटीएम, कृषि के अन्य अलाइड विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहें।

### टकरा गांव में समारोह पूर्वक मनाई गई मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती

**खूंटी :** महान हॉकी खिलाड़ी मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 122वीं जयंती शुक्रवार को उनके पैतृक गांव टकरा में समारोह पूर्वक मनाई गई। मौके पर खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा, खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा, तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार सहित विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनकी समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ ही गांव में अधिष्ठापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के योगदान और उनके प्रेरणादायक विचारों को साझा करते हुए कहा गया कि स्व जयपाल सिंह मुंडा आदिवासियों और झारखंड आंदोलन के सर्वोच्च नेता के साथ ही जाने-माने राजनीतिज्ञ, पत्रकार, लेखक, संपादक, शिक्षाविद और 1925 में ऑक्सफोर्ड ब्लू का खिताब पानेवाले एक मात्र अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी थे। लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलते हुए अपने गांव राज्य एवं देश के विकास में योगदान देने की अपील की गई। इस अवसर पर गांव के मैदान में फुटबॉल मैच का आयोजन कर विजेता एवं उपविजेता टीमों के बीच पुरस्कारों का वितरण किया गया। समारोह में आसपास गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला और पुरुष शामिल हुए।

### झारखंड आंदोलनकारी आज भी संघर्ष कर रहे हैं: विजय सिंह



**खूंटी :** कर्रा प्रखंड के जलटंडा स्टेडियम में शुक्रवार को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के जंयती पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला समिति की बैठक जिलाध्यक्ष विजय सिंह की अध्यक्षता में आोजित की गई। बैठक में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के जन्म दिन के अवसर पर उन्हें याद करते हुए तस्वीर माल्यार्पण किया गया और मारंग गोमके के बताये रास्ते चलने का संकल्प लिया गया। बैठक में भाग लेने के लिए सांसद और विधायक को भी निमंत्रण दिया गया था। उनके नहीं आने पर बैठक में रोषव्यक्त किया गया। आंदोलनकारियों ने कहा कि हमारी मांगें पूरी होने तक हमलोग आंदोलन करते रहेंगे। झारखंड अलग राज्य का सपना आज हम सभी आंदोलनकारियों को बलिदान से मिला है, पर आंदोलनकारी और उनका परिवार संघर्ष कर रहा है। बैठक में सचिव राजन कुजूर, अजय कुमार सिंह, सामुएल संगा, सूरज गोप, प्रेम प्रकाश हेरेंज, लालू मुंडा, भिमसेंट संगा, बलराम मांझी, विलिन पूर्ति, बुधन मिंज, सगीर अहमद, धामी धान, नवीन कुमार, लालसिंह मुंडा, मंगल मुंडा, सलीम संग आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### जनता दरबार लगाकर उपायुक्त आमजनों की समस्याओं से हुए अवगत

**साहिबगंज :** आमजन की सुनवाई में कोई पदाधिकारी कोताही न बरतें समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने उपस्थित गीता कुमारी, मेरी मेनका टुडू, ममता पासवान, पुष्पा कुमारी, सुनील मुर्मू, टुकटुकी देवी एवं अन्य लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके समाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित थे।

### ग्राम सभा कर अवैध रूप से लगी अफीम की खेती को किया नष्ट



**चांडिल :** पुलिस अधीक्षक सरायकेला-खरसावां के द्वारा चलाए जा रहे अफीम की अवैध खेती एवं विक्रय निषेध संबंधित जागरूकता अभियान से प्रभावित होकर शुक्रवार को कुचाई थाना अंतर्गत ग्राम मुटूगोड़ा, टोला गिरूपानी के लोगों के द्वारा ग्राम सभा कर अवैध रूप से लगे अफीम की खेती करीब 8 एकड़ में विनष्ट किया गया। साथ ही ग्राम सभा में इनके द्वारा आगे से अफीम की अवैध खेती नहीं करने का निर्णय लिया गया।

### अज्ञात शव की पहचान हजरत मन्नान अंसारी के रूप में हुई

**साहिबगंज/मंडरो :** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के गुटीबेड़ा मौजा के इंटरप्राइजेज खदान की कुछ दूरी पर मिली एक वृद्ध की लाश की शिनाख्त शुक्रवार को थाना प्रभारी रूपेश कुमार ने मृतक के परिजनों की पहचान पर की गई। जिसमें बताया गया कि हजरत मन्नान अंसारी इशीपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला था। वह विक्षिप्त अवस्था में हमेशा इधर-उधर विचरण करते रहता था। इसको लेकर एक जनवरी को इधर-उधर भ्रमण करने के दौरान उसकी शव की गुट्टी बीड़ा पहाड़ के समीप एक गड्ढे से बरामद की गई थी। इस संबंध में उसके परिजनों से पूछताछ में थाना प्रभारी रुपेश कुमार ने स्पष्ट किया कि यह व्यक्ति विचित्र था, एवं बिहार झारखंड के क्षेत्र में अभ्यास भ्रमण करता था। इससे स्पष्ट होता है की विक्षिप्त व्यक्ति किसी ऊंचे टीले से फिसल कर ही गिरा होगा। जिससे इसकी सर में चोट लगने के कारण मौत हुई होगी।

### चौकीदार बहाली के रिजल्ट में पारदर्शिता को लेकर अभ्यर्थियों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**जमशेदपुर :** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के युवाओं ने चौकीदार बहाली प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर शुक्रवार को अभ्यर्थियों ने उपायुक्त के नाम पर प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें 22 दिसंबर 2024 को ली गई लिखित परीक्षा के गुरुवार को जारी परिणाम में पारदर्शिता का घोर अभाव होने से अवगत कराया गया है। इस मौके पर अमल कुमार बेरा, श्रीकांत श्यामल, रवि शंकर प्रधान, मानस घोष आदि उपस्थित थे। परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी का आरोप अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा परिणाम में काफी गड़बड़ी है। जारी उत्तर पुस्तिका कुंजी के अनुसार सर्वाधिक नंबर होने के बावजूद भी जारी परीक्षा परिणाम में नाम नहीं है।

# सोनारी के ऑटो चालक सूरज प्रमाणिक हत्याकांड में तीन गिरफ्तार, भेजे गए जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** सोनारी थाना क्षेत्र के ऑटो चालक सूरज प्रमाणिक हत्याकांड का जिला पुलिस ने खुलासा कर दिया. शुक्रवार को इस मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या एक पुराने विवाद को लेकर की गई थी।



**पुराने विवाद को लेकर आरोपियों ने दी घटना को अंजाम**

**एसएसपी ने दी पूरे घटनाक्रम की जानकारी**

एसएसपी कार्यालय में मीडिया को एसएसपी कौशल किशोर ने बताया कि सूरज प्रमाणिक के साथ मनोज जायसवाल उर्फ मनोज पगली का पुराना विवाद था। मारपीट के दौरान मनोज ने सूरज की आंख फोड़ दी थी। सूरज ने भी मनोज के साथ मारपीट की थी। जिसके बाद मनोज ने सूरज को अपनी बस्ती में आने से मना किया था और बुरे अंजाम की चेतावनी दी थी। गाहे-बगाहे सूरज कारमेल स्कूल से सटे बस्ती में जाता था। यह देखने के बाद मनोज ने अपने अन्य साथियों पिंटू सिंह उर्फ प्रकाश कुमार सिंह और विकास सिंह उर्फ हेते को इसकी जानकारी दी तथा हत्या करने का प्लान बनाया। बृहस्पतिवार को सूरज प्रमाणिक कारमेल स्कूल के पास अपने ऑटो में बैठा था। उसी दौरान तीनों वहां पहुंच गए तथा उसे घेर लिया। उसके बाद मनोज ने उसे गोली मार दी।

**देसी पिस्टल, तीन गोली और स्कूटी बरामद**

छानबीन में यह बात सामने आई है कि विकास सिंह उर्फ हेते ने मनोज एवं उसके दोस्त पिंटू को पिस्टल उपलब्ध कराई थी। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त देसी पिस्टल, तीन गोली और स्कूटी बरामद कर ली है। वहीं तीनों आरोपियों को न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

## 18वां वार्षिक झारखंडी कला संस्कृति टुसू मेला का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** एनएच 33 किनारे स्थित देवघर पंचायत के भिलाईपहाड़ी हाट मैदान में 18 वां वार्षिक झारखंडी कला संस्कृति टुसू मेला का आयोजन 14 जनवरी को होगा। मेला में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन शामिल होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथियों में जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी, पोटका विधायक संजीव सरदार, बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार महंती, पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी, झामुमो के वरिष्ठ नेता सह पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार व सम्मानित अतिथि के रूप में जिला पार्षद प्रभावती दत्ता, मुखिया शशि सिंह सरदार, उप मुखिया श्रीमंत गौड़, पंसस अंगूरी गौड़ व बासंती सिंह आदि मौजूद रहेंगे। जानकारी देते हुए मेला के मुख्य आयोजनकर्ता सह झामुमो के जिला उपाध्यक्ष पिंटू दत्ता ने बताया कि टुसू में कुल 79 हजार का पुरस्कार रखा गया है। प्रथम स्थान से लेकर 12वें स्थान तक के टुसू दल को पुरस्कार दिया जाएगा। पहला पुरस्कार अजय गोराई के द्वारा 15,501 रुपए दिया जाएगा। मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में चांपा कुसुम झूमर संप्रदाय, नजरुल कल्चरल ग्रुप, पांशकुड़ा, पश्चिम बंगाल के द्वारा दिव्यांग कलाकारों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके अलावे मेले में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## विभागीय लापरवाही के कारण रखी हुई साइकिलें सड़ने के कगार पर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड मुख्यालय परिसर में महीनों से रखा हुआ सैकड़ो साइकिल विभागीय लापरवाही के कारण बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गया है। जानकार बताते हैं कि,जो साइकिल मुख्यालय परिसर में रखा गया है वह बरसात से पहले आया था जो कई महीना तक पानी में भीगता रहा, परंतु हैरानी की बात यह है कि बर्बाद होने के कगार पर पहुंच चुके इन सभी साइकिल को अभी तक पढ़ने वाले विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच वितरण नहीं किया गया। एक और जहां शैक्षणिक वित्तीय वर्ष समाप्त होने की और है, वैसे कई महीना से इन साइकिल का पड़ा रहना विभागीय लापरवाही को दशार्ता है। बरहरवा प्रखंड में बहुत दिनों से



प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का पद खाली पड़ा है, जो दूसरे प्रखंड के बीओ के भरोसे संचालित हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि प्रखंड संसाधन केंद्र के ओर से जिस विद्यालय ने अभी तक साइकिल का उठाव नहीं किया है उसे रिपोर्ट तलब किया गया है, एवं जो बच्चे साइकिल वितरण से छूटे हुए थे उनके बारे में रिपोर्ट मांगा गया है। पर विडंबा यह है कि अभी तक प्रखंड मुख्यालय में रखा हुआ साइकिल अब सड़ने के कगार पर पहुंच गया है। किस कारण से अभी तक छात्रों के बीच साइकिल का वितरण नहीं हो पाया इसके बारे में जब प्रखंड संसाधन केंद्र से संपर्क किया गया तो किसी भी पदाधिकारी ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया, पर सवाल यह उठता है कि क्या जो बच्चे अभी तक साइकिल से महरूम है उन्हें साइकिल मिल पाएगा भी या नहीं या आला अधिकारी को इसकी खबर भी है या नहीं यह जांच का विषय है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रोज ऐट रोड कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला परिवहन विभाग साहिबगंज के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में आज कार्यक्रम का आयोजन साहिबगंज जिले के सभी थाना क्षेत्र में किया गया। इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने वाले का सड़क सुरक्षा के प्रति व्यवहार को बदलना है जिसके लिए सभी वाहन चालकौ को गुलाब फुल एवं माला पहनाकर उन्हें जागरूक किया गया एवं बताया गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों एवं सेफ्टी उपकरण जैसे हेलमेट सीटबेट आदि के साथ सड़क परिवहन के नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटना से बचा एवं अपनेझ्रदूसरों का अनमोल जीवन को बचाया जा सके। इसके साथ चेतावनी भी दी गई कि आगे से सड़क सुरक्षा के मानक एवं सेफ्टी उपकरण का उपयोग के साथ नियमों का उल्लंघन करने पर एमवी एक्ट के अंतर्गत जुमार्ना लगाया जाएगा। साथ ही साथ हैंड बिल, बुकलेट, पंपलेट, एवं सभी योजनाओं के फॉर्म का वितरण किया गया। इस अवसर पर मोटरयान निरीक्षक अभिषेक मुंडा, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पाराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

## काशीडीह गांव में मनायी गयी सावित्रीबाई फुले की जयंती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** काशीडीह गांव में शुक्रवार को शहीद स्मारक समिति के तत्वावधान में देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले, झारखंड आंदोलन के जनक मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एवं झारखंड आंदोलनकारी शहीद रतिलाल महतो की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित करते हुए जयंती मनाई गई। संबोधित करते हुए विश्वनाथ महतो ने कहा कि आज का दिन काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन हमारे तीन महान व्यक्तियों का जन्म हुआ था। सावित्रीबाई फूले ने उस जमाने में सभी वर्ग और महिलाओं के लिए स्कूल की स्थापना की थी जब शूद्रों एवं महिलाओं को पढ़ने देना भी गलत समझा जाता था और पीछे बैठने के लिए भी मजबूर किया जाता था। सावित्रीबाई फूले ने तमाम बंधनों को तोड़ते हुए और यातनाओं को झेलते हुए न सिर्फ शूद्रों के लिए बल्कि समस्त समाज के लिए शिक्षा का द्वार खोल दिया। इसलिए समाज सदैव उनका ऋणी रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ने न सिर्फ अलग झारखंड राज्य की परिकल्पना की थी बल्कि उसे धरातल पर उतारने के लिए भी समस्त झारखंडियों को एकजुट किया था। उन्हीं परिकल्पना और संघर्ष का ही परिणाम है कि झारखंड एक अलग राज्य बना। अलग झारखंड राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मजदूर नेता शहीद रतिलाल महतो का भी आज जन्मदिन है। झारखंड आंदोलन के साथ-साथ वे ग्रामीण क्षेत्रों के उद्यमियों के यहां कार्यरत श्रमिकों के हक के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। धीरे-धीरे वे श्रमिकों के मसीहा के रूप में पहचाने गए, दुर्भाग्यवश कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा 1999 में उनकी हत्या कर दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्वानाथ महतो, अनिल बास्के, सुधांशु बानूआर, असित महतो, धीरेन महतो, श्रावण महतो, विश्वनाथ महतो एंव करमू महतो आदि शामिल थे।

# गुलाब का फूल भेंट कर बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को उनकी गलती का कराया गया एहसास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** सड़क सुरक्षा माह के तहत दिन शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी सरायकेला - खरसावां गिरजा शंकर महतो के द्वारा कान्द्र चौक पर बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर उन्हें उनकी गलतियों का आभाष दिलाते हुए भविष्य में बिना हेलमेट बाइक ड्राइविंग न करने की सलाह दी गई और उन्हें उन्मुख किया गया, वहीं दूसरी ओर मोटरसाइकिल में हेलमेट रहते हुए भी ड्राइविंग के दौरान हेलमेट के न प्रयोग करने पर उन्हें



चेतावनी दी गई और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुमार्ना के प्रावधान से उन्हें वाकिफ कराया गया। चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के प्रयोग पर ध्यान देते हुए चालकों को दुर्घटनाओं से अवगत कराया गया। बिना हेलमेट तकरीबन 80 बाइक सवारों को रोककर सड़क सुरक्षा के नियमों से उन्हें भली भांति अवगत कराया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी सरायकेला खरसावां गिरजा शंकर महतो एवं मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर रवि प्रसाद, दिलीप कुमार एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य शामिल थे। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि आजकल छोटे छोटे उम्र के बच्चे बिना ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट के ही वाहनों की ड्राइविंग करते हैं जो नियमानुसार अपराध है। इतना ही नहीं एक हाथ से बाइक की हैंडल और दूसरे हाथ में मोबाइल से बातें करते हुए भी उन्हें वाहनों की ड्राइविंग करते हुए देखा जाता है, जो दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण है। ड्राइविंग के दौरान हेडफोन पर गाने सुनना और बाइक चलाना दुर्घटनाओं को आमंत्रित करने जैसा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि जब तक उनके बच्चे निर्धारित उम्र के नहीं हो जाते, किसी भी सूरत में उनके हाथों में बाइक न दें। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के बाइक या चार पहिया वाहन या फिर अन्य तरह के वाहन परिचालन के लिए उन्हें प्रोत्साहित न करें। इस दौरान पुलिसकर्मियों, अधिवक्ताओं को भी बिना हेलमेट वाहन की ड्राइविंग पर टोका गया और सचेत किया गया। कई कमउम्र बच्चों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए आगे ऐसी गलती न दुहराने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड आंदोलनकारियों ने मनायी जयपाल सिंह मुंडा की जयंती



**पटमदा :** कमलपुर थाना के आन्दोलनकारियों ने माराग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जन्म जयंती के साथ साथ झारखंड आन्दोलन संघर्ष मोर्चा के स्थापना दिवस मनाया ।जानकारी देते हुए झारखंड आंदोलनकारी आनन्द महतो ने बताया जयपाल सिंह मुंडा के झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका रहा। इस दौरान कार्यक्रम में आनंद महतो, बंकबिहारी महतो, चितरंजन महतो, रमानाथ महतो,विश्वजीत महतो, अनिल वरण महतो, साधु चरण सिंह, तारा चांद महतो, संतोष महतो, विजय तिवारी,खगेन महतो, बृंदावन महतो, कालीचरण महतो, शिव लाल महतो, मदन चंद्र महतो, गुरुचरण माझी, जगदीश, कमल ,अभिलाष सहित कई आंदोलनकारी उपस्थित थे।

### कुकडू में जेएलकेएम ने लगाया जनता दरबार




**कुकडू :** झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा के सुप्रीमों टाइगर जयराम महतो जी के दिशानिर्देश से पूरे झारखण्ड राज्य के खछड्ट पूर्व विधायक प्रत्याशीयों को प्रत्येक सप्ताह विधानसभा स्तरीय जनता दरवार लगानी है जिसकी शुरूआत सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत ईचागढ़ विधानसभा के कुकडू प्रखण्ड से शुरू किया गया। इसमें खछड्ट प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ प्रखण्ड के समीप पूर्व विधायक प्रत्याशी सह केंद्रीय उपाध्यक्ष तरुण महतो ने विभिन्न समस्याओं के लेकर समाधान हेतु धरातल में शूरु कर लिया गया है। कुछ समस्याओं को लेकर त्वरित करवाई हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी महोदया को भी तरुण महतो द्वारा सूचित किया गया। जनता दरबार में जिलाध्यक्ष दीपक महतो, उपाध्यक्ष गुरुपद महतो, संगठन सचिव काशीनाथ महतो, प्रखण्ड अध्यक्ष पीताम्बर महतो, वरीय उपाध्यक्ष जीतेन महतो, उपाध्यक्ष नरोत्तम गोप और सम्मानित सदस्यों ने जनता दरबार में शामिल हुए।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई मासिक समीक्षा बैठक

**साहिबगंज/तालझारी :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, बच्चों का नियमित टीकाकरण, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, परिवार नियोजन, बाल मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर आदि मुद्दों पर चल रही गतिविधियों की समीक्षा का संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर डॉ रंजन कुमार ने बैठक में 5 जनवरी को होने वाले सर्वाइकल कैंसर एवं आज जांच स्क्रीनिंग को लेकर भी चर्चा किया गया। मौके पर बीपीएम विजय राम, अकाउंटेंट देवनारायण रविदास, सीएचओ राज मित्तल, बीटीटी अवधेश कुमार ठाकुर, सहिया साथी सहित अन्य मौजूद थे।

### विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को दिया गया प्रशिक्षण



**बरहरवा :** प्रखंड के तीन संकुल के विद्यालयों में कार्यरत रसोईया को बालक मध्य विद्यालय में एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में करीब 100 से अधिक विभिन्न स्कूलों के रसोईया की उपस्थित थी। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक उत्पल कुमार ने रसोईयाओं को बताया कि, खाना बनाते समय रसोईया ड्रेस कोड का अनुपालन करें यानि रसोईया को एप्रोन पहनकर खाना बनाना होगा, इतना ही नहीं अपने हाथ की साफ सफाई तथा अच्छी तरह से नाखून काटना होगा इसके आलावे खाना बनाने के दौरान रसोईया हाथ के उंगली में किसी प्रकार का नाखून पॉलिश नहीं करेगी, खाना बनाते समय रसोई घर के सभी दरवाजा खिड़की को खुला रखकर खाना बनाना होगा। इसके आलावे एमडीएम बनाने से संबंधित सभी प्रकार के तेल मसाला आदि के डिब्बे को साफ सफाई करना पड़ेगा एवं सभी मसाला को डिब्बे में बंद करके रखना होगा ऐसा नहीं करने पर रसोईया को जवाबदेही देना पड़ेगा। इसके आलावे जिस रसोई घर में खाना बनाया जाता है उसे नियमित रूप से साफ सफाई करना होगा। इन सारे बिंदुओं के आलावे और भी विभिन्न विषयों पर रसोईया को प्रशिक्षण दी गई। प्रखंड के विभिन्न भागों के संकुल में अगले 6 जनवरी तक प्रशिक्षण चलने की बात कही जा रही है। विभिन्न विद्यालय के ग्राम शिक्षा समिति ने विभाग के इस आदेश की सराहना की है।

### नेहा कालमंडे ने किशोरियों को कौशल विकास शिक्षा को लेकर किया जागरूक



**साहिबगंज/तालझारी :** ममता जागृती प्रोजेक्ट -3 के तहत शुक्रवार को किशोर-किशोरी को कौशल कक्षा के 4 कैम्पेन के द्वारा तालझारी प्रखण्ड के पंचायत के गावों में दिल्ली से आयी ममता जागृती की टीम नेहा कालमण्डे के द्वारा किशोर किशोरी को कौशल विकास शिक्षा को लेकर जागरूक किया गया। जिसमे बच्चों को बताया गया की शिक्षा और व्यवहार क्यों जरुरी है और ये बताया गया की शिक्षा हमारे जीवन में क्यों जरूरी है। साथ ही मोबाईल का उपयोग कैसे और कब करें आदि अनेक तरह से खेल कुद क्यों जरूरी है के बारे में जानकारी दी। खेल खेल के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया। मौके पर ममता संस्था के जिला कोर्डिनेटर राजवर्धन कुमार, प्रखण्ड कोर्डिनेटर कमलेश कुमार,ओआरडब्लु अजय कुमार, अनिता साहा, एवं संगीता हसन मौजुद थे।

# ब्रजेश ठाकुर की वजह से मंत्री को देना पड़ा इस्तीफा

## दो बार लड़ चुका है चुनाव:6 साल बाद स्वाधार कांड में हुआ बरी







**मुजफ्फरपुर।** स्वाधार गृहकांड में मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर समेत तीन आरोपियों को बरी कर दिया गया। बरी किए जाने वालों में ब्रजेश के अलावा शाइस्ता परवीन और कृष्णा कुमार शामिल हैं। स्पेशल SC-ST कोर्ट के जज अजय कुमार मल्ल ने मामले की सुनवाई की। इस मामले में पुलिस की ओर से आरोपियों के खिलाफ सबूत पेश नहीं किए गए। कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में ब्रजेश ठाकुर समेत 3 आरोपियों को बरी कर दिया।29 जुलाई 2018 को स्वाधार गृहकांड के तीनों आरोपियों पर 11 महिलाएं और 4 बच्चियों के अपहरण, हत्या जैसे धाराओं में महिला थाने में केस दर्ज किया गया था। इस मामले में सभी आरोपी दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्हें आज दिल्ली पुलिस की कस्टडी में मुजफ्फरपुर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से तीनों को बरी कर दिया गया।इस मामले में 11 नवंबर को ही अभियोजन और बचाव पक्ष के बीच बहस हो चुकी थी। पेशी के दौरान मुख्य आरोपी बृजेश ठाकुर ने अपने ऊपर लगे आरोप को गलत बताया था।1982 में ब्रजेश के पिता राधा मोहन ठाकुर ने एक अखबार की शुरूआत की थी। उन्होंने अखबार को माध्यम बनाकर मोटी कमाई की और पैसा रियल स्टेट में लगाया। इसके बाद राधा मोहन ने अखबार और रियल स्टेट का सारा काम ब्रजेश को सौंप दिया। 1987 में ब्रजेश ने अपना ध्यान रियल स्टेट से हटाकर एनजीओ में लगाया। ब्रजेश ने 1987 में सेवा संकल्प एवं विकास समिति के नाम से एनजीओ की स्थापना की थी। 2013 में इसी एनजीओ को बालिका गृह के रखरखाव की जिम्मेदारी मिली। इसके लिए सरकार से उसे सालाना 40 लाख रुपए मिलते थे। इसके अलावा वृद्धाश्रम, अल्पावास, खुला आश्रय और स्वाधार गृह के लिए भी टेंडर मिले थे। ब्रजेश को खुला आश्रय के लिए हर साल 16 लाख, वृद्धाश्रम के लिए 15 लाख और अल्पावास के लिए 19 लाख रुपए मिलते थे। 26 मई 2018 को टिस (टाटा ईंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंस) की ओर से बिहार सरकार को भेजी गई रिपोर्ट में मुजफ्फरपुर शेल्टर होम में दरिंदगी का खुलासा हुआ। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद ब्रजेश पर शिकंजा कसने लगा।

उससे जुड़े अफसर और नेताओं में हड़कंप मच गया। तत्कालीन समाज कल्याण मंत्री मंजू वर्मा के पति के साथ भी ब्रजेश ठाकुर का नाम जुड़ा। इसके बाद मंजू वर्मा को इस्तीफा देना पड़ा।

## राज्य में कार्बन फार्मिंग होगी, कंपनियां खरीदेंगी क्रेडिट

**पटना।** मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाने और किसानों की आय में इजाफा के लिए कार्बन फार्मिंग की जाएगी। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिषद कार्बन फार्मिंग पर रिसर्च कर रहा है। इसके तहत कृषि वैज्ञानिक मिट्टी में कार्बन क्रेडिट की क्षमता विकसित करने पर काम करेंगे। आईसीएआर पटना के निदेशक डॉ. अनूप दास ने बताया कि कार्बन फार्मिंग में हवा से कार्बन लेकर मिट्टी में डाला जाता है। मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाने के लिए पुआल के साथ जुताई करना, खेत की मल्चिंग करना, हल का इस्तेमाल कम करना और कृषि वानिकी को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ेगी, जिससे वह उपजाऊ होगी। इसके आधार पर किसानों को कार्बन क्रेडिट सर्टिफिकेट मिलेगा। कार्बन खरीदने वाली विदेशी कंपनियां किसानों से कार्बन क्रेडिट करेंगी। एक टन कार्बन पर एक क्रेडिट मिलेगा। इससे किसानों की आय बढ़ेगी। कंपनियां किसानों से कार्बन खरीदकर अंतरराष्ट्रीय मार्केट में यह दिखाएंगी कि उन्होंने कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में काम किया है और इससे किसानों के खेत संरक्षित होंगे। डॉ. दास के मुताबिक बिहार की मिट्टी में कार्बन की मात्रा .6 से .8 प्रतिशत है। सिर्फ कैमूर, जमुई और बांका की मिट्टी में ही .8 प्रतिशत तक कार्बन बचा है।

मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ने से फसल उत्पादकता बढ़ने के साथ सिंचाई की आवश्यकता कम होती है।

फसलों के उत्पादन के लिए मिट्टी में कार्बन होना जरूरी है।

## दादी के बयान पर 2 भाइयों पर खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप



**आरा।** भोजपुर के पवना थाना क्षेत्र के पहरपुर गांव में छात्रा की संदिहास्पद परिस्थिति में हुई मौत के मामले में प्राथमिकी करा दी गई हो गई है। मृतक छात्रा की दादी के बयान पर हुई प्राथमिकी में पहरपुर गांव निवासी युवक मनीष कुमार एवं उसके भाई रवि कुमार को नामजद आरोपित किया गया है। प्राथमिकी में खुदकुशी के लिए प्रेरित व मजबूर करने का आरोप लगाया है। मनीष पर आरोप है कि वह उनकी पोती को हमेशा तंग करता था।छेड़खानी की नीयत से पीछा करता था। उसके भाई पर गाली-गलौज करने का आरोप है। 15 वर्षीय मृत छात्रा पहरपुर गांव की निवासी थी। मृतका के शरीर पर कोई भी बाहरी जख्म नहीं पाया गया था। वह आठवीं कक्षा में पढ़ती थी। शव के पोस्टमार्टम के दौरान डाक्टर ने बिसरा प्रिर्जव कर दिया है। वैज्ञानिक विधि से भी जांच चल रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो लड़की और युवक दोनों पूर्व से परिचित थे। दोनों के बीच बातचीत भी होती थी। शुरूआती जांच में इस घटना को कथित रूप से प्रेम-प्रसंग से भी जोड़कर देखा जा रहा है। दूसरी ओर,पिटाई से घायल युवक के पिता राजेश यादव ने संबंधित थाना में मृत छात्रा के पिता संजय सिंह, दादा बीरबल यादव एवं भाई पवन कुमार के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई गई थी जिसके आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मृत छात्रा के दादा बीरबल यादव एवं भाई पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया था। घायल युवक के पिता ने पकड़कर घर में मारपीट करने का आरोप लगाया है। मालूम हो कि मंगलवार की रात छत पर संदिहास्पद हालत में पकड़े गए युवक की बेरहमी पूर्वक पिटाई कर दी गई थी। बाद में दूसरे दिन बुधवार को छात्रा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। एफएसएल की टीम ने घर पहुंच प्रदर्श जब्त किया था। पिटाई से घायल युवक मनीष कुमार पहरपुर गांव निवासी राजेश यादव का पुत्र है।

इलाज पटना में चल रहा है। 31 दिसंबर 2024 की देर रात छत पर लड़की से मिलने गए युवक मनीष की पिटाई कर दी गई थी।

## नहर में डूबने से 3 साल के मासूम की मौत

### -----खेलने के दौरान हादसा: घर से 500 मीटर दूर मिला शव-----





**मधेपुरा।** के भराही थाना क्षेत्र के सकरपुरा बेतौना गांव में गुरुवार की शाम दर्दनाक हादसा हुआ। तीन वर्षीय रोहन कुमार, जो नहर किनारे खेल रहा था, फिसलकर नहर में गिर गया। बच्चा पानी के तेज बहाव में बह गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतक रोहन कुमार सकरपुरा बेतौना वार्ड दो निवासी रंजीत ऋषिदेव का बेटा था। परिजनों ने बताया कि शाम करीब चार बजे रोहन घर के पास नहर किनारे खेल रहा था। अचानक पैर फिसलने से वह नहर में गिर गया और बहने लगा। नहर के ऊपर से गुजर रहे लोगों ने रोहन को पानी में बहते देखा और तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिवार और ग्रामीणों ने मिलकर रोहन को खोजने का प्रयास किया। करीब आधा किलोमीटर दूर से उसका शव निकाला गया। तब तक बहुत देर हो चुकी थी।परिवार में सबसे छोटा था रोहन रोहन अपने माता-पिता का सबसे छोटा बेटा था। उसके दो भाई और एक बहन हैं। माता-पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। घटना के बाद से परिवार सदमे में है और माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन से मदद की गुहार घटना की सूचना पाकर साहुगढ़-2 पंचायत के मुखिया मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने अपने एम्बुलेंस से शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचित किया। देर रात पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। मुखिया मुकेश कुमार ने बताया कि सकरपुरा बेतौना गांव के नहर किनारे करीब डेढ़ दर्जन महादलित परिवार रहते हैं, जिनके पास घर बनाने के लिए अपनी जमीन नहीं है। वे झोपड़ियां बनाकर गुजर-बसर कर रहे हैं। मुखिया ने जिला प्रशासन से अपील की है कि इन परिवारों को स्थायी जमीन और आवास उपलब्ध कराया जाए। मुआवजे की मांग मुखिया ने मृतक रोहन के परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह घटना प्रशासन की ओर से इन परिवारों की अनदेखी का परिणाम है। इस घटना से गांव में गमगीन माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नहर की सुरक्षा के उपाय करने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए त्वरित कदम उठाने की मांग की है।

## पत्नी बोली-पति के दोस्तों ने उनके साथ कुछ किया है

### दरभंगा का युवक मुंबई से लापता दोस्तों संग घर आने की बात कही थी



**दरभंगा।** के मब्बी थाना क्षेत्र के मखनाही गांव निवासी 35 वर्षीय जितेंद्र यादव बीते 27 दिसंबर से लापता है। जितेंद्र कुछ महीने से मुंबई में रहकर ड्राइवर का काम करता था। पत्नी सुनीता देवी का कहना है कि जितेंद्र के दोस्त गांव के ही सोनू सिंह और गौतम सिंह ने उसके साथ कोई घटना कर दी है। पत्नी का कहना है कि उसके पति ने 27 दिसंबर को फोन पर सुबह में बताया था कि रात में 11:30 बजे ट्रेन है। गौतम और सोनू के साथ हम भी घर आ रहे हैं, लेकिन अब तक उसका कुछ पता नहीं है। सुजीत यादव का कहना है कि गांव के ही सोनू सिंह और गौतम सिंह पूर्व से मुंबई के विक्रोली में रहकर काम करते हैं। इन्हीं दोनों ने जितेंद्र को 35 हजार की नौकरी लगवाने का झांसा देकर मुंबई बुलाया था। वहां जाने पर 22000 तनख्वाह पर ड्राइवर की नौकरी मिली। काम के दौरान ही जितेंद्र को पता चला कि उसके दोस्त 5000 उसे नौकरी लगवाने के लिए उसकी तनख्वाह से लेते हैं। इसी बात को लेकर जितेंद्र यादव, सोनू सिंह और गौतम सिंह के बीच झगड़ा शुरू हो गया। सोनू और गौतम जितेंद्र से अलग रहने लगे। जितेंद्र ड्राइवर का काम छोड़कर दूसरे जगह वेटर का काम करने लगा। 27 दिसंबर की सुबह घर आने की जानकारी फोन पर दी। उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। गौतम और सोनू तीन दिन पहले ही घर पहुंच चुके हैं। सोनू सिंह ने बताया कि वह मुंबई के विक्रोली में ही लिफ्ट ड्राइवर का काम करता है। गांव के ही साजन सिंह को छोड़ने शराब के नशे में वह गया था, उसके बाद मेरे पास वापस नहीं आया। वह शराब पीकर अक्सर हंगामा करता था। इसलिए मैंने उसे अपने रूम से भगा दिया था।

जितेंद्र हमेशा शराब के नशे में उल्टी सीधी हरकत और दुर्व्यवहार करता था। जिसकी वजह से उसकी पहली नौकरी से उसके मालिक ने उसे निकाल दिया।

वह दूसरी जगह जाकर काम करने लगा।

## संक्षिप्त डायरी

### महिला को बेहोश छोड़कर डॉक्टर फरार



**जहानाबाद।** के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही करने का मामला सामने आया है। डॉक्टर ने ऑपरेशन थिएटर में महिला को बेहोश करने के बाद ऑपरेशन करने से मना कर दिया और मरीज को बेहोशी की हालत में ही छोड़कर भाग गए। महिला नालंदा जिला के तेलहाड़ा थाना क्षेत्र के गंगा बिगहा की रहने वाली है। वहीं मायका पाली थाना क्षेत्र के नगवां गांव में है। महिला के पति मनीष कुमार ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रशासन की ओर से आपरेशन नहीं करने को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन से पहले सभी काम किया गया। ऑपरेशन थिएटर में ले जाकर बेहोशी का इंजेक्शन भी लगाया गया। इसके बाद बेहोशी की हालत में छोड़कर डॉक्टर निकल गए। मामले को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुभाष प्रसाद ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में एक भी सर्जन उपलब्ध नहीं है। सिविल सर्जन डॉक्टर राजेश कुमार को लिख कर भेजा गया था। उन्हीं के द्वारा ऑपरेशन किया जा रहा था। महिला को बेहोशी की हालत में छोड़ने को लेकर कहा कि महिला का वजन ज्यादा है। इसलिए ऑपरेशन नहीं किया गया होगा। इसकी जांच कराई जा रही है। लोगों ने डॉक्टर और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। राजेश कुमार

### पुलिस ने महिलाओं को जड़ा मुक्का लाठी से भी पीटा




**आरा।** भोजपुर में जमीन विवाद सुलझाने गई पुलिस पर घर के अंदर से पथराव किया गया। इसके बाद पुलिस ने घर का दरवाजा जेसीबी तोड़ा और अंदर घुसी। इस दौरान पुलिस ने घर में मौजूद महिलाओं को लाठी पीटा। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं के मुंह पर मुक्का भी जड़ा। बताया जाता है कि घर के अंदर जाने पर कुत्ते ने थानेदार को काट लिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। घटना गुरुवार की शाम पीरो थाना इलाके के वार्ड नंबर14 की है। पथराव में दो पुलिसकर्मियों और एक राहगीर को हल्की चोटें आई हैं। हंगामे के दौरान पीरो थानाध्यक्ष सुबोध कुमार को कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया। सभी का इलाज पीरो अस्पताल में कराया गया है। पीरो के सीओ लखेंद्र कुमार ने बताया कि 10 डिसमिल जमीन को लेकर दो रिश्तेदारों में काफी वक्त से विवाद चल रहा था। जमीन कलावती देवी से पीरो निवासी रामाधार प्रसाद ने खरीदी है, जिसका दाखिल खारिज भी हो चुका है। इस मामले में कलावती देवी के देवर त्रिवेणी प्रसाद और उनके परिवार के लोगों ने जमीन को अपना बताते हुए कोर्ट में केस किया था। कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया है। रामाधार प्रसाद ने जमीन का सीमांकन कराने के लिए आवेदन दिया था। उनके आवेदन पर गुरुवार को वे पुलिस बल के साथ जमीन का सीमांकन कराने गए थे। पुलिस की टीम जेसीबी और ट्रैक्टर पर ईंट समेत दीवार जोड़ने का अन्य सामान लेकर मौके पर पहुंची। त्रिवेणी प्रसाद का घर अंदर से बंद था। पुलिस के मुताबिक जब गेट को खोलने की कोशिश की गई तो पथराव शुरू कर दिया गया। इसके बाद पुलिस ने जेसीबी से मेन गेट को उखाड़ दिया और घर के अंदर गई। उसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया। पुलिस ने इस मामले में महिला समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है। सीओ ने जमीन का सीमांकन कर पुलिस टीम की मौजूदगी में वहां दीवार बनाकर घेराबंदी कराई। मौके पर करीब दो घंटे तक अफरा तफरी की स्थिति बनी रही। पीरो अनुमंडल के सीओ लखेंद्र कुमार ने बताया कि 'इस मामले में अलग अलग तीन प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस मामले में एक को अरेस्ट किया गया है।

### ठेकेदार को जहर दिया फिर हथौड़े से मार कर हत्या

**पटना।** पैसे के लेन-देन के विवाद में ठेकेदार अनुराग कुमार की हत्या कर दी गई। दूध में जहर देने के बाद हथौड़े और ईंट-पत्थर से कूच डाला। 32 साल के अनुराग का शव दीघा थाने के कुर्जी बालू पर मोहल्ले में किराया के मकान में रहने वाले अविनाश के फ्लैट में गुरुवार की शाम मिला। उनके अपहरण का केस कदमकुआं थाने में 31 दिसंबर को दर्ज किया गया था। ने अविनाश को गिरफ्तार कर लिया है। वह बेतिया के रामनगर का रहने वाला है। विधि व्यवस्था एसडीपीओ टू दिनेश पांडेय ने बताया कि पुलिस और परिजन सीसीटीवी कैमरा देखते हुए अविनाश के फ्लैट तक पहुंचे। ताला तोड़ा गया तो अनुराग का शव मिला। वहां से हथौड़ा और अन्य सामान बरामद किया गया है। आरोपी अविनाश पशुपालन विभाग में काम करता है। दीघा के थानेदार ने कहा कि अनुराग की हत्या का केस कदमकुआं थाने में दर्ज होगा। एक केस पहले से ही उस थाने में दर्ज है। अनुराग मोकामा के मराची थाने के जलालपुर गांव के रहने वाले थे। पहले पशुपालन विभाग में संविदा पर काम करते थे। अभी विभाग में ठेकेदारी करते थे। परिवार के साथ कदमकुआं के जगतनारायण रोड में गौतम कुमार के मकान में रहते थे। 30 दिसंबर को करीब 12:30 बजे बाइक से पशुपालन मंत्री रेणु देवी के यहां जाने की बात कहकर निकले थे। नहीं लौटे तो उनके भाई बिट्टू कुमार और पत्नी रेशमी कुमार ने कई बार मोबाइल पर कॉल किया।

## यूजी-पीजी के साथ स्किल बेस्ड और शॉर्ट टर्म कोर्स करने पर 50 प्रतिशत तक क्रेडिट जुड़ेगा



**पटना।** स्नातक-स्नातकोत्तर के दौरान स्किल बेस्ड और शॉर्ट टर्म कोर्स करने पर उसका 50 प्रतिशत तक क्रेडिट छात्र-छात्राओं के अंकपत्र में जुड़ेगा। यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए स्किल बेस्ड कोर्स और माइक्रो क्रेडेंशियल्स (शॉर्ट टर्म एड ऑन कोर्स) को प्रस्तावित किया है। साथ ही उसके कार्यान्वयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया और दिशा निर्देश जारी किए हैं। स्नातक और स्नातकोत्तर के दौरान छात्र-छात्राएं चाहें तो ये कोर्स साथ-साथ कर सकते हैं, जिसका उनकी डिग्री में भी लाभ होगा। इसमें कुल क्रेडिट का 50 प्रतिशत तक मुख्य अंकपत्र में जुड़ सकता है। वहीं स्किल विश्वविद्यालयों के मामले में 60 प्रतिशत तक क्रेडिट जुड़ सकता है। विशेष मामलों में यह सीमा 70 प्रतिशत तक बढ़ाई जा सकती है। माइक्रो क्रेडेंशियल्स (शॉर्ट टर्म कोर्स) उच्च शैक्षिक संस्थानों में एक नया और विकसित हो रहा कॉन्सेप्ट है, जिसका उद्देश्य छात्रों को विशिष्ट कौशल और ज्ञान प्रदान करना है। ये पाठ्यक्रम आमतौर पर कुछ सप्ताह या महीनों में पूरे किए जा सकते हैं और छात्रों को एक प्रमाणपत्र स्वास्थ्य नीति, शिक्षा और प्रशिक्षण, शिक्षा प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण और विकास, शिक्षा नीति, विशेष शिक्षा, शिक्षा अनुसंधान।

## जिसकी बाइक उसी पर लगाया चोरी का आरोप

### -----पुलिस ने पूछा- कागज कहां है? शख्स बोला- समय दीजिए-----






**भागलपुर।** 22 साल का मोहम्मद आसिफ गुरुवार दोपहर सिविल कोर्ट परिसर में बाइक के पास खड़ा था। इतने में पुलिस पहुंची और कहा कि बाइक के पास क्यों खड़े हो, आसिफ ने कहा कि मां अंदर गई है, मैं बाहर इंतजार कर रहा हूं। पुलिस ने कहा कि बाइक किसकी है, शख्स ने जवाब दिया कि मेरी है, कागज मेरे मां के नाम पर है। इतने में पुलिस ने कागजात दिखाने को कहा, तो आसिफ ने जवाब दिया कि समय दीजिए, कागजात घर पर है। आसिफ के इतना कहने के बाद पुलिस ने उस पर बाइक चोरी का इल्जाम लगा दिया और आसिफ को उठाकर थाने ले जाने लगी। करीब आधे घंटे तक कोर्ट परिसर में आसिफ और पुलिसकर्मियों के बीच धक्कामुक्की होती रही। आसिफ लगातार बताता रहा है कि बाइक मेरी है, मुझे थाने क्यों ले जा रहे हो, लेकिन पुलिस उसे धक्का देती रही, घसीटती रही और आखिरकार उसे उठाकर जीप में भर दिया और तिलकामांझी थाना ले आई। जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने आसिफ को थाने में करीब 6 घंटे तक बैठाकर रखा, इसके बाद बॉन्ड भरवा कर उसे छोड़ दिया। मामला तिलकामांझी थाना क्षेत्र के कचहरी चौक स्थित पेट्रोलपंप के पास सिविल कोर्ट परिसर की है। आसिफ की मां ने बताया कि मैं कोर्ट किसी काम से आई थी, जबकि मेरा बेटा मेरे साथ अपने दोस्त से मिलने आया था। मैं कोर्ट के अंदर ही थी, जैसे ही बाहर निकली तो लोगों ने बताया कि आपके बेटे को पुलिस उठा कर ले गई है। जब मैं थाने गई तो पूरा मामला पता चला। फिर पुलिस ने मुझे गाड़ी के कागजात दिखाने को कहा।आसिफ ने बताया कि वो हुसैनाबाद का रहने वाला है। उसके पिता का नाम खुर्शीद, जबकि मां का नाम नजमा है। बाइक मां के ही नाम पर रजिस्टर्ड है। उसने बताया कि गुरुवार को किसी काम से मैं मां को बाइक पर बैठाकर सिविल कोर्ट गया था। मां ने कहा कि तुम बाहर इंतजार करो, मैं अंदर से काम निपटा कर आती हूं। फिर मां कोर्ट के अंदर चली गई और मैं कोर्ट कैंपस में ही अपनी बाइक के पास खड़ा रहा। आसिफ के मुताबिक, मैं अपनी ही बाइक पर बैठा था, इतने में तिलकामांझी थाने की गश्ती गाड़ी कोर्ट परिसर के अंदर पहुंची। मुझे बाइक पर बैठा देखा, तो दो तीन पुलिसकर्मी मेरे पास आए और पूछा कि बाइक किसकी है।



# शरद केलकर ने संजय लीला भंसाली को बताया परफेक्शनिस्ट



एक्टर शरद केलकर ने हाल ही में संजय लीला भंसाली के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि भंसाली के साथ काम करना किसी चुनौती से कम नहीं है, क्योंकि वह अपने काम में पूरी तरह से परफेक्शन चाहते हैं। इसके लिए वह अमिताभ बच्चन जैसे बड़े एक्टर से भी कई बार शॉट्स के लिए टेक्स लेने में बिल्कुल संकोच नहीं करेंगे। हिंदी रश के साथ एक इंटरव्यू में शरद केलकर ने कहा, 'संजय लीला भंसाली सर के साथ काम करना काफी चुनौती से भरा होता है। वह एक्टर से पूरी तरह मेहनत करवाते हैं और जो उन्हें चाहिए होता है, वो हासिल करके ही रहते हैं। शरद की मानें तो हर फिल्म को लेकर भंसाली का एक नजरिया होता है। वह फिल्म को अपने दिमाग में पहले से ही बना लेते हैं, और अगर कोई गलती होती है, तो वह उसे फिर से ठीक कर लेते हैं। वह थोड़ा परफेक्शनिस्ट हैं। उनके दिमाग में यह साफ होता है कि किरदार क्या करेंगे और उनकी सीमा क्या होगी। वह आपको अपनी सोच के करीब लाने के लिए बहुत मेहनत कराते हैं। कभी-कभी यह दबाव कुछ लोगों को परेशान कर सकता है, जबकि कुछ इसे पसंद करते हैं। शरद ने आगे कहा, 'भंसाली सर अमिताभ जी से भी जितने चाहे उतने टेक्स ले सकते हैं। अगर उन्हें अच्छा नहीं लगता तो वह मना भी कर सकते हैं। वह अपने काम को लेकर एकदम सख्त हैं।

'गोलियों की रासलीला रामलीला' में आए थे नजर शरद केलकर फिल्म 'गोलियों की रासलीला रामलीला' में नजर आए थे। एक इंटव्यू में उन्होंने बताया था कि जब उन्होंने फिल्म का सेट देखा था तब वह चौंक गए थे और सोचते थे कि इतने पैसे क्यों खर्च किया जा रहे हैं। मॉडलिंग से की थी करियर की शुरुआत शरद ने साल 2004 में ग्रासिम मिस्टर इंडिया कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया था। इससे पहले शरद फिटनेस ट्रेनर हुआ करते थे। इस कॉन्टेस्ट में शरद फाइनलिस्ट रहे थे, जिसके बाद उन्हें दूरदर्शन के शो आक्रोश में कास्ट कर लिया गया था।





# कीर्ति सुरेश को बेबी जॉन के लिए सामंथा ने की थी सिफारिश

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और साउथ अभिनेत्री कीर्ति सुरेश पहली बार फिल्म बेबी जॉन में स्क्रीन शेयर करते नजर आए। वैसे तो यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पा रही है, लेकिन इस फिल्म को जिसकी रीमेक बनाया गया यानी थेरी ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। बेबी जॉन की अभिनेत्री कीर्ति ने खुलासा किया की उन्हें इस फिल्म के लिए किसी खास शख्स ने रिकमेंड किया था और इस फिल्म को लेकर वह डरी हुई थीं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान, कीर्ति सुरेश ने खुलासा किया है कि सामंथा रूथ प्रभु ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म बेबी जॉन के लिए उनकी सिफारिश की थी। यह फिल्म एटली की तमिल ब्लॉकबस्टर थेरी की रीमेक है, जिसमें मूल रूप से दलपति विजय और सामंथा रुथ प्रभु ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बेबी जॉन में, कीर्ति ने वह भूमिका निभाई जो मूल रूप से सामंथा ने निभाई थी। एक इंटरव्यू के दौरान बेबी जॉन के लिए कीर्ति ने उनका नाम सुझाने के लिए सामंथा के प्रति आभार व्यक्त किया। कीर्ति ने कहा, जब यह हो रहा था, तब शायद वह मेरे बारे में सोच रही थी। यही बात वरुण धवन ने मुझे बताई थी। मैं इसके लिए जितना भी आभारी रहूं, कम है। सामंथा ने कहा कि कीर्ति इस किरदार को बखूबी निभा पाएगी। आगे कीर्ति ने कहा, तमिल में थेरी में उनका अभिनय मेरे पसंदीदा में से एक है। ईमानदारी से कहूं तो मैं इस फिल्म को लेकर बहुत डरी हुई थी।

आगे कीर्ति ने कहा, मुझे याद है कि उन्होंने जब बेबी जॉन का ट्रेलर देखने के बाद इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की थी, जिसमें उन्होंने लिखा था, मैं इसे किसी और के साथ शेयर नहीं करती, लेकिन आपके साथ करती। यह बहुत प्यारा था और मेरे लिए बहुत मायने रखता था। मैं इससे बेहतर बॉलीवुड डेब्यू की उम्मीद नहीं कर सकती थी। यह उन किरदारों में से एक है, जिन्हें मैं वाकई पसंद करती हूं और मुझे खुशी है कि मुझे इसे हिंदी में निभाने का मौका मिला। बेबी जॉन कीर्ति सुरेश की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म है। भले ही फिल्म दर्शकों को प्रभावित करने में विफल रही हो, लेकिन कलीज निर्देशित इस फिल्म में कीर्ति सुरेश के अभिनय को कई लोगों ने काफी पसंद किया है। फिल्म में कीर्ति ने मीरा का किरदार निभाया है।



# मलाइका अरोड़ा ने बीते साल को लेकर कही अपनी बात

मलाइका अरोड़ा साल 2024 में अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहीं। पहले उनका अर्जुन कपूर से ब्रेकअप हुआ फिर अभिनेत्री के पिता का निधन हो गया। सोशल मीडिया पर मलाइका ने एक पोस्ट कर बताया कि उनका साल काफी कठिन रहा। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से मलाइका अरोड़ा ने पोस्ट साझा की है। उन्होंने बताया कि ये साल उनके लिए कितना मुश्किल रहा। पोस्ट साझा कर मलाइका ने लिखा- साल 2024, मैं तुमसे नफरत नहीं करती लेकिन तुम बहुत मुश्किल रहे। बहुत सी चुनौतियां, बहुत सारे बदलाव और बहुत सारी सीख। तुमने मुझे दिखाया कि जीवन कैसे बदलता है। पलक झपकते ही जीवन में कितने बदलाव आ जाते हैं। मुझे लगता है मुझे खुद पर और भरोसा करना चाहिए। इस साल ने मुझे बताया कि मेरी मानसिक, शारीरिक और इमोशनल हेल्थ मेरे लिए कितनी जरूरी है।

## ऐसा सोचती हैं मलाइका

पोस्ट में लिखा, इस दौरान और भी बहुत सारी चीजें हैं, जिन्हें मुझे समझना होगा लेकिन मुझे लगता है, समय के साथ चीजें और समझ में आने लगेंगी। चीजों के होने की कुछ न कुछ वजह होती है, मैं इस बात को पूरी तरह से मानती हूं। बता दें कि मलाइका और अर्जुन कपूर ने काफी समय तक एक दूसरे को डेट किया। दोनों ने साथ में कई सारी तस्वीरें भी साझा की। वहीं, मई में खबरें आई कि दोनों ने अपने रास्ते बदल लिए हैं। वे नहीं चाहते थे कि उनके रिश्ते को लेकर कोई बात करे। ब्रेकअप की खबरों के बीच ही अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल मेहता का निधन हो गया। इस दौरान बॉलीवुड के कई बड़े सितारों को मलाइका के घर जाकर उनसे मिलते देखा गया। मलाइका अरोड़ा की वर्कफ्रंट की बात करें तो वे रियलिटी शो मूविंग इन विद मलाइका में देखा गया था। वहीं, अर्जुन कपूर को सिंघम अगेन में डेंजर लंका के किरदार में देखा जाएगा।



# धूता के बाद इस सुपर नैचुरल फिल्म में नजर आएंगे नागा चैतन्य?

साउथ अभिनेता नागा चैतन्य फिल्म धूता में नजर आए थे। फिल्म धूता ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म 1 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म को प्रंशसक की साकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इस हॉरर फिल्म के अलावा नागा एक और हॉटट फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म को विरुपाक्ष के निर्देशक कार्तिक वर्मा दंडू निर्देशित करेंगे।

## हॉरर फिल्म में नजर आएंगे नागा चैतन्य

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 2023 में प्रीमियर होने वाली अमेजन प्राइम सीरीज धूता के बाद, नागा चैतन्य एक धासूं सुपरनैचुरल थ्रिलर जॉनर की फिल्म में नजर आने वाले हैं। नागा चैतन्य विरुपाक्ष फेम कार्तिक वर्मा दंडू के निर्देशन में एक और सुपरनैचुरल थ्रिलर पर काम कर रहे हैं।

## फिल्म को लेकर चल रही है बातचीत

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चै की फिल्म निर्माताओं के बीच बातचीत चल रही है। इस सुपरनैचुरल थ्रिलर के लिए अर्का मीडिया वर्क्स में बाहुबली के निर्माता इस रोमांचक प्रोजेक्ट को फंड करेंगे। हालांकि, नागा चैतन्य ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अगर यह प्रोजेक्ट फाइनल हो जाता है, तो यह 2025 की दूसरी छमाही में यह फिल्म फ्लोर पर आ जाएगी।

## आने वाली फिल्म

हाल ही में अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला के साथ एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंधने वाले नागा चैतन्य को अगली बार भावनात्मक समुद्र तटीय प्रेम कहानी थंडेल में देखा जाएगा। इस फिल्म में नागा के साथ साई पल्लवी नजर आएंगी। नागा चैतन्य फिल्म थंडेल में एक मछुआरे की भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह पहली बार है, जब वह एक ग्रामीण किरदार निभा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अल्लू अरविंद ने इस फिल्म का निर्माण 60 करोड़ रुपये के बजट पर किया है। ऐसा माना जा रहा है कि यह नागा चैतन्य की अब तक की किसी भी फिल्म का सबसे बड़ा बजट है। यह फिल्म 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# क्या सुजॉय घोष की अगली फिल्म में काम नहीं कर रहे हैं शाहिद?



सुजॉय घोष को लेकर बीते लंबे समय से खबरें थीं कि वो शाहरुख खान और उनकी बेटी सुहाना खान की आगामी फिल्म किंग का निर्देशन करेंगे। हालांकि, बीते दिन जानकारी मिली कि फिल्म के निर्देशन की कमान सिद्धार्थ आनंद को सौंपी गई है। वहीं, किंग से बाहर होने के बाद ही एक और खबर वायरल हुई थी कि सुजॉय ने अपने नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो वह एक थ्रिलर प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। साथ ही मुख्य भूमिका के लिए इस बॉलीवुड स्टार के साथ बातचीत भी चल रही है और इसमें शाहिद कपूर का नाम सामने आया था। हालांकि, यह खबर पूरी तरह से गलत है।

## शाहिद की टीम ने किया इनकार

इस खबर को लेकर जब शाहिद की टीम से बात की तो उन्होंने इस खबर से पूरी तरह से इनकार कर दिया। टीम ने बताया कि अभिनेता ऐसी किसी भी फिल्म में काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे में वायरल हो रही खबरें पूरी तरह से गलत हैं और बिना किसी आधार पर चर्चा में चल रही हैं।

## इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं शाहिद

शाहिद इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म देवा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस फिल्म के साथ शाहिद एक बार स्क्रीन पर दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। इस फिल्म को रोशन एंड्रयूज ने निर्देशित किया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म में शाहिद एकदम अलग अवतार में नजर आएंगे। फैंस भी फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# पलक तिवारी की डेटिंग लाइफ पर मां श्वेता ने दिया जवाब -वो हर तीसरे लड़के को डेट करती है

अफवाह है कि पलक तिवारी सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान को डेट कर रही हैं। उनके लगातार एक साथ दिखने से इन अफवाहों को हवा मिली। वहीं, बेटी की डेटिंग की रिपोर्ट्स पर अब खुद मां श्वेता तिवारी ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। साथ ही खुलासा किया कि इन सबका उन पर कैसा प्रभाव पड़ता है।

जब श्वेता तिवारी से बेटी पलक तिवारी की डेटिंग अफवाहों पर उनके विचार पूछे गए, तो उन्होंने कहा, अफवाहें अब मुझे परेशान नहीं करती, पिछले कुछ वर्षों में मुझे एहसास हुआ है कि लोगों की याददाश्त केवल चार घंटे तक रहती है। उसके बाद वे समाचार भूल जाएंगे, तो चिंता क्यों करें? अफवाहों के मुताबिक, मेरी बेटी हर तीसरे लड़के को डेट कर रही है और मैं हर साल शादी कर रही हूं।

## ट्रोल्स को दिया करारा जवाब

श्वेता तिवारी ने अपनी बात में जोड़ा, इंटरनेट के अनुसार, मैं पहले ही तीन बार शादी कर चुकी हूं। ये चीजें अब मुझे प्रभावित नहीं करती, पहले करती थी जब सोशल मीडिया नहीं था और कुछ पत्रकार फिल्मी हस्तियों के बारे में अच्छा लिखना बिल्कुल पसंद नहीं करते थे। मनोरंजन जगत की हस्तियों के बारे में नकारात्मकता बिकती है। उस युग से निपटने के बाद, इसका मुझ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

## बेटी की ट्रोलिंग से होता है दुख

बेटी पलक की ट्रोलिंग पर अपना दुख जाहिर करते हुए श्वेता तिवारी ने कहा, यह मुझे कभी-कभी डराता है। पलक चाहे कैसी भी दिखती हो लेकिन वो बहुत मासूम है। वो लोगों को जवाब देना नहीं जानती है। ट्रोलिंग का ये युग काफी बदसूरत हो गया है। लोगों ने उसे नीचे खींचने की कोशिश की है, लेकिन वह कमेंट्स नहीं पढ़ती है। हालांकि, जब वो ट्रोल होती है तो इसका मुझ पर असर पड़ता है।

## श्वेता-पलक का वर्कफंट

श्वेता तिवारी को कसौटी जिंदगी की, परवरिश और बेगुसराय जैसे पॉपुलर टीवी शोज में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। वहीं, पलक की बात करें तो उन्होंने सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। फिल्म में शहनाज गिल, राघव जुयाल, पूजा हेगड़े और सिद्धार्थ निगम भी हैं। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रही। वह अगली बार हॉरर-कॉमेडी द वर्जिन ट्री में दिखाई देंगी। फिल्म में संजय दत्त, मौनी रॉय और सनी सिंह भी हैं और इसके 2025 में रिलीज होने की उम्मीद है।

# कल्कि एडी 2898 में कृष्ण के किरदार में नजर आएंगे ये अभिनेता





नाग अश्विन-प्रभास की फिल्म भारतीय ब्लॉकबस्टर फिल्म कल्कि 2898 एडी फिल्म को फैंस ने बहुत पसंद किया है। इस फिल्म के पहले हिस्से के बाद दूसरे हिस्से में भगवान कृष्ण की छवि के रूप में दिखने वाले सितारों के नाम सामने आए हैं। आइए आपको बताते हैं कल्कि एडी 2989 के दूसरे हिस्से में कौन से सितारे नजर आने वाले हैं। इन सितारों के नाम को लेकर हुई चर्चाखबरों की मानें तो यह भूमिका अभिनेता कृष्ण कुमार बालासुब्रमण्यम द्वारा निभाई गई थी, जो सोरारई पोटरु में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते हैं। कृष्ण की भूमिका भूमिका निभाने के लिए संभावित अभिनेताओं के रूप में महेश बाबू और नानी जैसे नाम सामने आए।

## नाग अश्विन ने बताया किसे बनाएंगे कृष्ण

नाग अश्विन ने इसको लेकर कहा, मैं कल्कि में भगवान कृष्ण का चेहरा पहले हिस्से में नहीं दिखाना चाहता था। उन्होंने कहा कि मुझे लगता था कि फिल्म काफी अच्छा कलेक्शन कर सकता है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी शानदार प्रदर्शन कर चुकी है। खबरों की मानें तो महेश बाबू ने फिलहाल इस फिल्म के लिए काम करना अभी शुरू नहीं किया है। नाग अश्विन ने कहा, मुझे महेश बाबू काफी पसंद हैं। ये परिस्थिति बहुत अच्छे हैं। मैं उन्हें श्री कृष्ण के रूप में देख भी लिया था। उन्होंने कहा कि कल्कि एडी 2898 में प्रभास, कमल हसन, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण जैसे बड़े सितारों के लिया था।

# बुमराह की कप्तानी में उतरी भारतीय टीम पहली पारी में 185 रनों पर सिमटी

## ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर 9 रन बनाये

**सिडनी (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट में उतरी भारतीय टीम एक बार फिर मेजबान गेंदबाजों का सामना नहीं कर पायी और अपनी पहली पारी में 185 रनों पर ही सिमट गयी। ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये, वहीं अन्य बल्लेबाज सस्ते में ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल समाप्त तक अपनी पहली पारी में तीन ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर 9 रन बना लिए थे। उस्मान ख्वाजा केवल 2 रन पर ही पेवेलियन लौट गये जबकि सैम कोनस्टास 7 रन बनाकर खेल रहे थे।

वहीं आज सुबह भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया पर वह सही साबित नहीं हुआ। भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने शुरुआती दो विकेट केवल 17 रनों पर ही खो दिये। भारतीय टीम की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये। सलामी बल्लेबाजों के साथ-साथ कोहली और जडेजा जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी रन नहीं बना पाये। भारत की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 10 रनों पर ही आउट हो गये। इसके बाद केएल राहुल के उम्मीद थी पर वह केवल 4 रन ही बना पाये। शुभमन गिल ने इस मैच में वापसी करते हुए केवल 20 रन बनाये। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी 17 रन ही बना पाये। ऋषभ ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये। वहीं रविंद्र जडेजा 26 रनों पर आउट हुए। पिछले मैच में शतक लगाने वाले नितीश रेड्डी शून्य पर ही आउट हो गये। वाशिंगटन सुंदर ने 14 जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 2 रन बनाये। बुमराह 17 गेंद पर 22 रन बनाकर आउट। बुमराह ने 3 चौके और 1 छक्का लगाया। मोहम्मद सिराज 17 रन बनाकर नाबाद रहे। मेजबान कंगारुओं की ओर से स्कॉट बोलैंड ने 4, मिचेल स्टार्क ने 3, पैट कमिंस ने 2 और नाथन लियोन ने 1 विकेट लिया। भारतीय टीम की अंतिम 11 में रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल और चोटिल आकाशदीप की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को मौका मिला। इस मैच में भारतीय टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने आराम लिया। जिस कारण बुमराह को कप्तानी दी गयी थी। इस मैच में शुभमन गिल की अंतिम एकादश में जगह मिली है जबकि तेज गेंदबाज कृष्णा को पहली बारी सीरीज में खेलने का अवसर मिला है। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ने एक बदलाव के तहत ही मिचेल मार्श की जगह ब्यू वेबस्टर को शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया ने ऑलराउंडर वेबस्टर को खराब फॉर्म में चल रहे मिचेल मार्श की जगह शामिल किया गया है। वेबस्टर ने इस मैच से पदार्पण किया। उन्हें पूर्व क्रिकेटर मार्क वॉ ने टेस्ट कैप सौंपी।



# रोहित भारतीय क्रिकेट के इतिहास में टीम से बाहर होने वाले पहले कप्तान बने



**सिडनी (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के अंतिम मैच में जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में उतरी। इस मैच में नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने आराम का फैसला किया। रोहित अब ऐसे पहले कप्तान हो गये हैं जिन्हें अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली है। भारतीय क्रिकेट में कई बार सीरीज में कप्तान बदले हैं पर टीम में रहते हुए अंतिम ग्यारह से बाहर रहने का ये पहला मामला है। वहीं विश्व क्रिकेट की बात करें तो चौथी बार ऐसा हुआ है।

इससे पहले किसी कप्तान को अंतिम ग्यारह से बाहर करने का पहला मामला 1974 की एशेज सीरीज में आया था। उस समय इंग्लैंड के माइक डेनेस चौथे टेस्ट से बाहर रहे थे और उनकी जगह जॉन एडरिच को कप्तानी दी गयी थी पर अगले टेस्ट में उनकी वापसी हो गयी थी जबकि रोहित के मामले में ऐसा नहीं हो सकता। साल 2014 के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऐसा पहली बार हुआ है। अंतिम बार पाकिस्तान के मिस्बाह उल हक ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के बीच बाहर होने का फैसला किया था, उनकी जगह शाहिद अफरीदी को टीम का कप्तान बनाया गया था।

उसी साल दिनेश चंडीमल भी सेमीफाइनल और फाइनल सहित टी20 वर्ल्ड कप के अंतिम तीन मैचों के लिए श्रीलंकाई लाइन-अप से बाहर रहे थ और तब लसिथ मलिंगा ने तब कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी और टीम को पहला टी20 वर्ल्ड कप खिताब जिताया था।

# कोहली के कैच पर उठा विवाद, नॉट आउट दिये गये



**सिडनी (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के खिलाफ सिडनी टेस्ट मैच में पहली ही गेंद पर आउट की अपील की गयी हालांकि कोहली को आउट नहीं दिया गया। इसपर काफी विवाद भी हुआ। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और इरफान पठान ने जहां अंपायर के इस फैसले को सही बताया। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने इसे गलत बताया। कोहली के आउट होने का रिव्यू भी लिया गया।

इस कैच पर की गयी अपील को टीवी अंपायर ने समीक्षा के बाद खारिज कर दिया। उनका कहना था कि गेंद जमीन से लग गयी थी। इसके बाद इस फैसले पर विवाद हो गया। जहां गावस्कर और पठान ने विराट को नॉटआउट बताया। वहीं इंग्लैंड के माइकल वॉन और ऑस्ट्रेलिया के जस्टिन लैंगर का कहना है कि विराट आउट हैं क्योंकि गेंद सीधे स्मिथ के हाथ में पहुंची थी।

इरफान पठान ने सोशल मीडिया लिखा, 'कोहली नाट आउट थे। अंपायर ने उन्हें आउट न देकर सही किया।' वहीं वॉन ने कहा कि स्मिथ की उंगली गेंद के नीचे थ। इसलिए विराट कोहली आउट थे।' लैंगर का मानना है कि विराट निश्चित रूप से आउट थे। स्मिथ की उंगली गेंद के नीचे थी। इस में रोहित शर्मा का आराम देकर जसप्रीत बुमराह को कप्तानी दी गयी। इस मैच में शुभमन गिल को अंतिम एकादश में जगह मिली है जबकि तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को सीरीज में पहली बार अवसर मिला है।

# मैं मानसिक रूप से ठीक नहीं था... सिडनी टेस्ट में आया ऋषभ पंत का बड़ा बयान

**सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** सिडनी में अंतिम टेस्ट के पहले दिन भारतीय बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने पारी के दौरान बरते अधिक रक्षात्मक दृष्टिकोण पर बात की। उन्होंने कहा कि कभी-कभी किसी को 'समझदारी से क्रिकेट' खेलने की जरूरत होती है। आज विकेट बल्लेबाजों के लिए मददगार नहीं था इसलिए उन्हें अपने स्वाभाविक खेल पर लगाम लगानी पड़ी। सिडनी टेस्ट के पहले दिन भारत के लिए बल्लेबाजी इकाई के रूप में एक और निराशाजनक दिन रहा क्योंकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने एक बार फिर अपने विकेट खराब शॉट के कारण गंवा दिए। स्कॉट बोलैंड (4/31) ने भारत को परेशान किया, जबकि ऋषभ ने 98 गेंदों में 3 चौकों और 1 छक्के की मदद से 40 रन बनाए। अपनी पारी के दौरान पंत को कई शारीरिक चोटें भी लगीं।


पंत ने पोस्ट-डे प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपनी पारी के बारे में बात करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि इस पारी में मैं उस मानसिक स्थिति में नहीं था, जहां मैं खेल की कमान संभालना चाहता था, क्योंकि विकेट बहुत ज्यादा हिल रहा था। और जिस तरह की स्थिति में हम थे और अंदर खेलते हुए मुझे लगा कि मैं थोड़ा रक्षात्मक क्रिकेट खेल सकता हूं। हां, आक्रमण करने का एक समय होता है, लेकिन जब आपको अंदर से ऐसा महसूस करना होता है। मैं पहले से यह नहीं सोच सकता कि मैं इस तरह से खेलूंगा, खेल ने मुझे उस दिन जो भी करने के लिए कहा, मैं वही करने की कोशिश करता हूं और यही मेरी मानसिकता थी।




पंत ने कहा कि बल्लेबाजी करते समय अपने साहसी स्ट्रोकप्ले पर जीवित रहने को प्राथमिकता देना थोड़ा मुश्किल है। पंत ने कहा कि इस पारी में 50-50 प्रतिशत संभावना थी जिसे मैं शुरू में भुना सकता था, लेकिन कभी-कभी आपको अधिक सुरक्षित क्रिकेट खेलना होता है, विशेषकर जिस तरह से (एससीजी) विकेट व्यवहार कर रहा था, हम जानते थे कि अगर हमें यहां एक और विकेट मिल गया तो हम जल्दी-जल्दी दो-तीन विकेट खो सकते हैं, इसलिए जिस तरह से मैं खेल रहा था उसके पीछे यही विचार था और पिछले मैच में हमारे सामने जिस तरह का लक्ष्य था, उसमें कुछ खास करने को नहीं था, मुझे लगता है कि मुझे उसी तरह (रक्षात्मक) खेलना था, इसलिए मुझे लगता है कि मैं जिस तरह से खेल रहा हूं, वह ठीक है। इस बीजीटी के दौरान अब तक 5 मैचों और 8 पारियों में पंत ने 48.62 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 24.25 की औसत से 194 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 40 रहा है।

# सिडनी के परिणाम पर टिकीं डब्लयूटीसी फाइनल के लिए भारत की संभावनएं

सिडनी। भारतीय टीम के विश्व विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) फाइनल की संभावनाएं अब सिडनी टेस्ट पर ही अधारित हैं। अगर भारतीय टीम ये मैच हारती है तो उसके फाइनल में पहुंचने की सभी संभावनएं समाप्त हो जाएंगी। वहीं अगर वह जीतती है तो दौड़ में बनी रहेगी पर उसे अन्य टीमों के परिणामों पर भी आधारित होनो होगा। इस मैदान पर भारतीय टी को अब तक 13 मैचों में से केवल एक बार ही जीत मिली है। वहीं उसे पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जबकि सात मैच ड्रॉ रहे। भारतीय टीम को एकमात्र जीत जनवरी 1978 में मिली तब बिशन सिंह बेदी कप्तान थे। उस मैच में ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 131 रन पर आउट करने के बाद गुंडप्पा विश्वनाथ और करसन घावरी के अर्धशतकों की सहायता से भारत ने 265 रन की बढ़त बना ली। इसके बाद, इरापल्ली प्रसन्ना के चार विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया टीम अपनी दूसरी पारी में 263 रन पर आउट हो गई। पहली पारी में भागवत चन्द्रशेखर और बेदी ने क्रमश: चार और तीन विकेट लिए थे। वहीं इस सीरीज की बात करें तो पर्थ में 295 रनों की बड़ी जीत के बाद भारतीय टी को 1-0 की बढ़त के साथ मिल गयी थी पर टीम उसे बरकरार नहीं रख पायी। एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीतकर सीरीज बराबर कि फिर ब्रिस्बेन टेस्ट बराबरी पर रहा जबकि मेलबर्न में भारतीय टीम को हार झेलनी पड़ी। बॉर्डर गावस्कर सीरीज अभी 2-1 से फिलहाल ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है पर अगर भारतीय टीम मैच जीतती है और सीरीज ड्रॉ रहती है भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी की दौड़ में बनी रहेगी



# एक पारी के बल पर ही पहचान नहीं बना सकते कोंस्टास : कैरी



सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने कहा है कि युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास को ये नहीं समझना चाहिये कि केवल एक पारी के बल पर ही वह भविष्य के मैचों के लिए अपनी पहचान नहीं बना सकते। कैरी ने कहा कि कोंस्टास को लगातार रन बनाने होंगे। कोंस्टास ने अपने पदार्पण मैच में ही तेजी से खेलते हुए अर्धशतक लगाया था जिसके बाद से ही वह बेहद खुश हैं। उससे वह मंत्रमुग्ध थे, लेकिन उन्हें लगता है कि यह पारी भविष्य के मैचों के लिए उनकी पहचान नहीं बनेगी। कोंस्टास ने एमसीजी में 65 गेंद पर 60 रन की आकर्षक पारी खेली और इस दौरान भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के गेंदों को भी अच्छे से खेला। कोंस्टास को पहले तीन मैच में असफल रहने वाले नाथन मैकस्वीनी की जगह टीम में लिया गया और उन्होंने आते ही आक्रामक रुख अपनाया पर कैरी ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि यह 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज हर मैच में इतना आक्रामक प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा, 'वह जो ऊर्जा लेकर आए, वह कुछ अलग थी। शायद इतने अंतर की उम्मीद नहीं थी, लेकिन उन्होंने क्रिकेट की एक ऐसी शैली को अपनाया जो शायद भारत के लिए भी नई थी। कैरी ने कहा, 'हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि वह आगे कैसे खेलते हैं। मुझे नहीं लगता कि यह हर टेस्ट मैच के लिए उनकी पहचान बन जाएगी। लेकिन शुरू में कुछ आक्रामकता अपनाना अच्छा है जिसकी हमें कमी खल रही थी। उन्होंने कहा कि पहले तीन टेस्ट मैचों में मैकस्वीनी और उस्मान ख्वाजा की सलामी जोड़ी ने मुश्किल हालातों में अच्छा काम किया था हालांकि मैकस्वीनी बड़े स्कोर नहीं बना पाये।

# खेल रत्न पुरस्कार सबसे बड़ी उपलब्धि लेकिन काफी कुछ हासिल करना बाकी: हरमनप्रीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक के बाद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने जाने से उत्साहित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनकी 'शानदार' यात्रा की मान्यता है जिसमें उन्हें भविष्य में बहुत कुछ हासिल करना है। पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज के विश्व चैंपियन डी गुकेश, हरमनप्रीत और पैरालंपिक ऊंची कूद के स्वर्ण विजेता प्रवीण कुमार को खेल मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को 2024 मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना है। हरमनप्रीत ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। ऐसा लगता है कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा है। मुझे इतना बड़ा पुरस्कार और मान्यता मिल रही है।

पेरिस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल करने वाले इस 28 साल के खिलाड़ी का करियर उपलब्धियों से भरा रहा है। वह पेरिस से पहले तोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के भी सदस्य थे। उन्होंने 2016 में जूनियर विश्व कप में स्वर्ण, राष्ट्रमंडल खेलों में रजत, एशियाई खेलों में स्वर्ण और कांस्य के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी में दो रजत पदक जीते है। हरमनप्रीत ने पिछले वर्ष सहित तीन बार एफआईएच साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है। वह हालांकि इन उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं है और अभी करियर में काफी कुछ हासिल करना चाहते हैं।



हरमनप्रीत ने कहा कि अपनी पूरी यात्रा में मैंने बहुत कुछ सीखा है, मैंने जीत और हार सहित कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मुझे हालांकि लगता है कि आप केवल उन अनुभवों से सीखते हैं। पहले दिन से मेरी मानसिकता खुद को बेहतर करने की रही है। पंजाब के अमृतसर के टिम्मोवाल गांव में किसान परिवार में जन्मे हरमनप्रीत का अंतरराष्ट्रीय करियर 2014 में शुरू हुआ था। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय टीम के साथी खिलाड़ियों को दिया। भारतीय कप्तान ने कहा कि हम जो भी हासिल कर रहे हैं वह एक टीम के रूप में कर रहे हैं। मेरी यात्रा बहुत दिलचस्प रही है, मुझे व्यक्तिगत मान्यताएं और पुरस्कार मिल रहे हैं लेकिन यह केवल मेरे साथी खिलाड़ियों के कारण संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि मैंने अब तक की अपनी यात्रा का भरपूर आनंद लिया है। मैंने बहुत मेहनत की है और मैंने अब तक जो भी हासिल किया है, उससे मैं खुश हूं।

भारतीय हॉकी टीम की रक्षापंक्ति के इस खिलाड़ी की नजर अब विश्व कप में पदक जीतने पर है। विश्व कप का आयोजन अगले साल बेल्जियम में होगा। हरमनप्रीत ने कहा कि निश्चित रूप से मेरा मुख्य लक्ष्य विश्व कप होगा क्योंकि लंबे समय से हमने विश्व कप में कोई पदक नहीं जीता है। लेकिन ऐसा नहीं है कि अपने जीवन में सब कुछ हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि हमने ओलंपिक में लगातार पदक जीते हैं लेकिन हमारा अगला लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और सभी प्रमुख टूर्नामेंट जीतना होगा। यह चरण दर चरण प्रक्रिया है और हम एक टीम के रूप में अपने लक्ष्य हासिल करना चाहेंगे।

हरमनप्रीत वर्तमान में राउरकेला में चल रही हॉकी इंडिया लीग में पंजाब के सूरमा हॉकी क्लब का नेतृत्व कर रहे हैं। सूरमा हॉकी क्लब ने अब तक दो मैच खेले हैं, जिसमें एक में जीत और एक में हार मिली है। उन्होंने कहा कि हर टीम के लिए शुरुआत में एकजुट होना और समझ के साथ सामंजस्य बनाना कठिन होगा। हम कल का मैच हार गए लेकिन इसमें भी हमारे लिए कई सकारात्मक चीजें रही।

# ब्रिस्बेन इंटरनेशनल : नोवाक जोकोविच को राइली ओपेल्का ने हराया



ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया)। नोवाक जोकोविच को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां राइली ओपेल्का के खिलाफ सीधे सेटों में 6-7, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। अमेरिका के ओपेल्का ने 16 ऐस लगाकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। सैंतीस साल के जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी के लिए इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की शुरुआत 12 जनवरी से होगी और जोकोविच इसके 10 बार के चैम्पियन रहे हैं। ओपेल्का ने फरवरी 2022 में सर्वश्रेष्ठ करियर रैंकिंग 17 हासिल की है। कूल्हे की सर्जरी के कारण खेल से दूर रहने के कारण उनकी मौजूदा रैंकिंग 293 है। ओपेल्का के सामने सेमीफाइनल में जी. एमपेत्शी पेरीकार्ड की चुनौती होगी। पेरीकार्ड ने याकूब मेनसिक को 7-5, 7-6 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में जिरी लेहेका का मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। लेहेका ने निकोलस जैरी को 6-4, 6-4 से हराया और जॉर्डन थॉम्पसन के रिटायर होने पर दिमित्रोव ने अंतिम चार में जगह पक्की की। खेल रोके जाते समय दिमित्रोव 6-1, 2-1 से आगे थे।

# भारत-पाक मैचों का इंतजार सभी को रहता है : वाटसन



सिडनी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा है भारतीय टीम का चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नही जाना निराशाजनक है पर इस टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को फार्म हासिल करने का अवसर मिल जाएगा। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के अपने मुकाबले दुबई में खेलेगी। वाटसन ने यहां चैम्पियंस ट्रॉफी टूर के दौरान कहा, 'यह बदकिस्मती की बात है कि ऐसे हालात बने हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत-पाकिस्तान मैचों का सभी को इंतजार रहता है। जब भी वे एक दूसरे के खिलाफ खेलते हैं तो उन मुकाबलों में जबरदस्त रोमांच रहता है। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं जा रही है पर इसमें कोई कुछ नहीं कर सकता है। वाटसन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी दो एकदिवसीय विश्व कप के बीच चार साल के अंतर को को कम करने का अच्छा रास्ता है। उन्होंने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट है क्योंकि एकदिवसीय विश्व कप चार साल में एक बार होता है। यह उस इंतजार को कम करता है और इससे इससे टेस्ट क्रिकेट और टी20 के बीच संतुलन बनता है। ।एकदिवसीय क्रिकेट को इस तरह के टूर्नामेंट से ऊर्जा मिलती रहती है क्योंकि यह काफी अच्छा प्रारूप है। वाटसन ने कहा, 'हम टी20 के बाद भी एकदिवसीय क्रिकेट को बनाये रखना चाहते हैं, इसलिए चैम्पियंस ट्रॉफी अहम है। इसमें सिर्फ 8 टीमें खेलती है और हर गेंद महत्वपूर्ण होती है। इसमें आपको लगातार अच्छा खेलना होता है वरना बाहर होने का खतरा बना रहता है। भारतीय टीम ने साल 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी पर उस समय विराट कोहली और रोहित शर्मा अच्छे फार्म में थे। अभी होनो ही खराब दौर से गुजर रहे हैं। वाटसन ने कहा कि यह चिंता की बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि खराब दौर विराट और रोहित के प्रभाव पर कोई असर डालेगा। दुबई में हालात अलग होंगे और एकदिवसीय में वे खुलकर खेल सकेंगे। कोहली वैसे भी एकदिवसीय में अन्य प्रारुपों से बेहतर खेलते हैं। ।वाटसन ने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी में रोहित के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में होने की संभावना है। ।

# हॉकी कैलेंडर व्यस्त होने से नहीं शुरु कर पा रहे चैंपियंस ट्रॉफी -इकराम

राउरकेला। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) अध्यक्ष दातो तैय्यब इकराम ने कहा है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी को फिर से शुरु करने के पक्ष में हैं पर पहले से ही व्यस्त अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में इस टूर्नामेंट के लिए समय देखना सबसे कठिन हो रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी साल 1978 में शुरु होने के बाद से ही हर वर्ष होती थी पर साल 2014 में यह दो साल में एक बार हो गयी। यह टूर्नामेंट एक समय हॉकी की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में से एक था पर बाद में इसे बंद करना पड़ा। इसका अंतिम चरण 2018 में आयोजित कराया गया था। एफआईएच प्रमुख ने कहा 'हम इस बात से मना नहीं कर रहे हैं कि चैंपियंस ट्रॉफी या इसी तरह के किसी टूर्नामेंट को फिर से शुरू किया जा सकता है पर हमें कैलेंडर में जगह देखने की जरूरत है जब इससे कराया जा सके। उन्होंने खिलाड़ियों के व्यस्त कार्यक्रम और उनके कार्यभार को ध्यान में रखते हुए ज्यादा टूर्नामेंटों की जगह पर बेहतर और अधिक रोमांचक टूर्नामेंट शुरू करने की जरुरत बतायी। इकराम ने हॉकी की वैश्विक पहुंच का विस्तार करने और शीर्ष नौ टीमों के अलावा अन्य देशों के लिए मौका प्रदान करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, 'पहले हमारे पास दूसरे दर्जे के देशों के लिए कुछ नही था। वहीं अब शीर्ष नौ-10 देशों के बाद हमने अगले आठ देशों के लिए नेशन्स कप शुरू किया है। एफआईएच के लिए मेरा लक्ष्य है कि शीर्ष 35 देश एफआईएच टूर्नामेंट में शामिल हों। उन्होंने एलीट और उभरते हॉकी देशों के बीच के अंतर को दूर करने पर भी बल दिया। इकराम ने कहा, 'अंतर पाटने का एकमात्र तरीका है कि हमें अन्य देशों को भी शामिल करना होगा। इसलिए समस्या यह होगी कि आपका कैलेंडर अधिक भरा होगा। एफआईएच का एक प्रमुख टूर्नामेंट प्रो लीग 2019 से चल रहा है। इसी को लेकर इकराम ने 'प्रो लीग कनेक्ट नाम की एक नयी परियोजना के शुरू होने की घोषणा की जिसका उद्देश्य शीर्ष हॉकी देशों के बाहर के देशों को शामिल करना है।

# ज्यादा पैरा खिलाड़ियों को खेल रत्न मिलते देखना अच्छा होता: प्रवीण कुमार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऊंची कूद के पैरा एथलीट प्रवीण कुमार पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक की बदौलत चार ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार विजेताओं में शामिल होने से खुश हैं और उनका कहना है कि और ज्यादा पैरा खिलाड़ियों का देश के इस सर्वोच्च खेल सम्मान के लिए चयन किया जाता तो उन्हें और अधिक खुशी होती।

प्रवीण के अलावा दो ओलंपिक पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश और पेरिस खेलों के कांस्य विजेता पुरुष हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ खेल रत्न से सम्मानित किया जाएगा। तोक्यो ओलंपिक के अपने कांस्य को पेरिस में स्वर्ण में बदलने वाले तीरंदाज हरविंदर सिंह जैसे कुछ पैरा खिलाड़ियों ने खेल रत्न के लिए विचार नहीं किए जाने पर निराशा व्यक्त की है। पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर 29 पदक हासिल किये जिसमें सात स्वर्ण शामिल हैं।

प्रवीण ने साक्षात्कार में कहा कि अगर पेरिस ओलंपिक के कुछ पदक विजेताओं को भी खेल रत्न मिलता तो उन्हें खुशी होती लेकिन उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, 'मैं उनसे सिर्फ इतना कहूंगा कि हिम्मत नहीं हारें और अच्छा प्रदर्शन करते रहें। पैरा खेलों को सिर्फ एक खेल रत्न दिया गया है और यह संख्या और होनी चाहिए थी। मुझे अच्छा लगता अगर दो-तीन और पैरा खिलाड़ियों को खेल रत्न दिया जाता।'

21 वर्षीय प्रवीण के पैरों में जन्म से विकृति थी जिसके कारण उनके दोनों पैर कमजोर थे। उनका एक पैर छोटा है जिससे उन्हें नियमित फिजियोथेरेपी की जरूरत थी। उनके पिता उनका सबसे बड़े सहारा बने। प्रवीण ने कहा कि वह हमेशा सक्षम खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करना चाहते थे जबकि उन्हें अच्छी तरह से पता था कि यह 'बहुत कठिन काम' होगा। उन्होंने पेरिस में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक को स्वर्ण पदक में तब्दील किया।

नई दिल्ली के साउथ में रहने वाले प्रवीण जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सात से आठ घंटे ट्रेनिंग करते हैं और अब उन्हें साल के अंत में राजधानी में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने की उम्मीद है। प्रवीण ने कहा, 'ओलंपिक में सफलता हासिल करना और अपनी सफलता के लिए खेल रत्न पुरस्कार मिलने पर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। यह मेरे लिए सपने का सच होना है। यह पुरस्कार मुझे विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेरे घरेलू मैदान में स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रेरित करेगा।'



## एक नजर

### दिल्ली की हवा फिर हुई बेहद खराब, ग्रैप3 की पाबंदियां लागू

**नई दिल्ली** : राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गया है। शुक्रवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 370 के पार दर्ज किया गया। इसे देखते हुए केंद्रीय प्रदूषण निगरानी संस्था वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप)3 की पाबंदियां तुरंत प्रभाव से लागू करने का फैसला किया है। ग्रैप 3 की पाबंदियां लागू होते ही दिल्ली में निर्माण और तोड़फोड़ गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। सीएक्यूएम के आदेश के मुताबिक नियमों के अनुसार जब एक्यूआई 350 के पार चला जाता है तो ग्रैप-3 की पाबंदियां लगाई जाती हैं। एक्यूआई के 400 के पार पर ग्रैप चार की पाबंदियां लागू की जाती हैं। शुक्रवार को सीएक्यूएम की उपसमिति की आपात बैठक की गई, जिसमें ग्रैप-3 को लागू करने का फैसला किया गया। ग्रैप 1 और 2 की पाबंदियां पहले से ही लागू हैं। ग्रैप के तीसरे चरण के तहत एनसीआर राज्यों से सभी अंतरराज्यीय बसों (इलेक्ट्रिक, सीएनजी और बीएस-6 डीजल वाहनों को छोड़कर) अन्य बसें दिल्ली में प्रवेश नहीं कर पाएंगी।

### ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन की बांध परियोजना पर भारत ने जताई चिंता

**नई दिल्ली** : भारत ने चीन की ओर से ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपरी हिस्से में जल विद्युत परियोजना से जुड़े बांध बनाने के प्रस्ताव पर चिंता व्यक्त की है तथा अक्साई चिन में नई प्रशासनिक इकाई बनाए जाने पर सख्त विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि विदेश मंत्रालय ने चीन के स्वायत्त तिब्बती क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाए जाने की रिपोर्ट पर गौर किया है। नदी के निकले क्षेत्र के देश के रूप में जल उपयोग के बारे में भारत के निश्चित अधिकार हैं। जिन्हें हमने राजनीतिक और विशेषज्ञ स्तर पर बार-बार उठाया है। हमने चीन को अपने विचार और चिंताओं से अवगत कराया है। प्रवक्ता ने कहा कि इस परियोजना के संबंध में पारदर्शिता बरती जानी चाहिए तथा नदी के निचले इलाकों के प्रवाह मार्ग वाले देशों के साथ विचार विमर्श किया जाना चाहिए। भारत ने चीन से आग्रह किया है कि वह ब्रह्मपुत्र के निचले इलाके में आने वाले देश के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करे तथा ऊपरी भाग पर ऐसी गतिविधि से परहेज करे जिससे नदी का प्रवाह प्रभावित होता हो। प्रवक्ता ने कहा कि हम स्थिति पर निगरानी रखे हुए हैं तथा अपने हितों की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय करेंगे।

### अमेरिका और द. कोरिया के बीच शीर्ष राजनयिक वार्ता छह जनवरी को

**सियोल** : दक्षिण कोरिया में मची राजनीतिक उथल-पुथल के बीच छह जनवरी को महत्वपूर्ण राजनयिक वार्ता होने जा रही है। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को संवाददाताओं को भेजे संक्षिप्त संदेश में कहा कि विदेश मंत्री चो ताए-यूल छह जनवरी को सियोल में द्विपक्षीय वार्ता के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से आमने-सामने मुलाकात करेंगे। द कोरिया टाइम्स के अनुसार, दोनों के बीच गठबंधन, उत्तर कोरिया और अन्य मुद्दों पर बातचीत होने की संभावना है। यह राजनयिक वार्ता अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक येओल को लेकर मचे घमासान के बीच होगी। ब्लिंकन के रविवार से सियोल की दो दिवसीय यात्रा शुरू करने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष द्विपक्षीय गठबंधन, जापान, उत्तर कोरिया से जुड़े त्रिपक्षीय सहयोग और क्षेत्रीय और अन्य वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

# गाजा में इजराइली हमलों में तीन बच्चों सहित 18 लोगों की मौत

एजेंसी



**गाजा** : गाजा पट्टी पर इजराइली हमले में तीन बच्चे और हमास संचालित पुलिस बल के दो उच्चाधिकारियों समेत 18 लोग मारे गए। फिलिस्तीनी और अस्पताल के अधिकारियों ने गुरुवार शाम को यह जानकारी दी। इजराइल की सेना ने दक्षिणी गाजा में अल-मवासी के तथाकथित ₹मानवीय क्षेत्र₹ पर बमबारी की, जिसमें 18 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। जबकि अन्य हमले पूरे पट्टी में जारी हैं। इजराइल द्वारा मानवीय क्षेत्र घोषित किए गए मुवासी नाम के इलाके में लगाए गए एक टेंट (तंबू) पर गुरुवार सुबह हमला किया गया। इस इलाके में लगाए गए तंबुओं में हजारों विस्थापित लोग ठंड और बरसात से बचने के लिए रह रहे हैं। हालांकि बारिश और ठंड की वजह से गाजा में हाइपोथर्मिया से 8 शिशुओं की मौत हो चुकी है। वहीं, इजराइली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने हमास को चेतावनी दी है कि अगर उसने उनके देश पर हमले नहीं रोके और गाजा में बंदियों को रिहा नहीं किया, तो उन पर अभूतपूर्व ताकत से और हमला किया जाएगा। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजराइल के हमले में गाजा में 45,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए और एक लाख से अधिक लोग घायल हुए हैं। उनका कहना है कि मरने वालों में आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। अधिकारी अपनी संख्या में नागरिकों और लड़ाकों के बीच अंतर नहीं करते हैं। उल्लेखनीय है कि युद्ध की शुरूआत हमास के नेतृत्व वाले उग्रवादियों के 07 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमले से हुई थी। उन्होंने लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और लगभग 250 लोगों का अपहरण कर लिया था।

## मेडिकल कोर्स की सीटों को खाली नहीं रखा जा सकता : सुप्रीम कोर्ट


एजेंसी



**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मेडिकल कोर्स की सीटों को खाली नहीं रखा जा सकता है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वो राज्य सरकारों और सभी संबंधित पक्षों के साथ बैठक कर इस मसले पर गठित कमेटी की अनुशंसाओं पर विचार करें। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल, 2023 में मेडिकल कोर्सेस में सुपर स्पेशियलिटी की 1003 सीटें खाली रखने पर चिंता जताई थीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एक तरफ सुपर स्पेशियलिटी डॉक्टरों की कमी है तो दूसरी तरफ ये सीटें खाली रह गई हैं। उसके बाद केंद्र सरकार ने इस मसले पर स्वास्थ्य महानिदेशक की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने का सुझाव दिया था, जिसमें राज्यों और निजी कॉलेजों के प्रतिनिधि भी शामिल हों। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि संबंधित कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। केंद्र सरकार ने कहा कि कमेटी की अनुशंसाओं पर सभी पक्षों की राय ली जानी चाहिए। उसके बाद कोर्ट ने केंद्र को इस संबंध में जरूरी कदम उठाने को कहा और मामले की सुनवाई अप्रैल तक के लिए टाल दी।

## जम्मू-कश्मीर में अभी भी सामान्य स्थिति पूरी तरह से बहाल नहीं : मुख्यमंत्री

एजेंसी



**श्रीनगर** : मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में अभी भी सामान्य स्थिति पूरी तरह से बहाल नहीं हुई है। आतंकी हमले होते रहने के बीच शांति स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने उन अफवाहों को भी खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि जम्मू-कश्मीर का नाम बदलकर कश्यप किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। अब्दुल्ला की यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 ने कश्मीर के युवाओं के मन में अलगाववाद के बीज बोए थे और नरेन्द्र मोदी सरकार ने न केवल घाटी में आतंकवाद को खत्म किया है, बल्कि आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को भी खत्म किया है। अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा कि मैं शाह के बयान पर कुछ नहीं कहना चाहता, लेकिन आज भी कुछ जगहों से हमले होने की खबरें आती हैं। जम्मू-कश्मीर में आज भी सामान्य स्थिति पूरी तरह से बहाल नहीं हुई है। यह एक प्रक्रिया है और हमें देखना होगा कि आने वाले दिनों में क्या होता है। मुख्यमंत्री ने उन अफवाहों को भी खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि जम्मू-कश्मीर का नाम बदलकर कश्यप किया जा रहा है। ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है और वैसे भी यह जम्मू-कश्मीर सरकार की सहमति के बिना नहीं हो सकता। बर्फबारी के पूवार्नुमान के मद्देनजर सरकार की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि प्रशासन इससे निपटने के लिए तैयार है। अगर पिछली बार कोई कमी रही होगी तो हम इस बार उसे ठीक कर लेंगे। घाटी में बिजली आपूर्ति की स्थिति के बारे में पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल बिजली की स्थिति पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर है। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती हो रही है, लेकिन लोगों को तय समय के अनुसार बिजली उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। जब सिस्टम में कोई समस्या होती है तो उसे जल्द से जल्द ठीक किया जाता है।

## हमारी काम करने वाली सरकार है, शिलान्यास करने वाली नहीं : अरविंद केजरीवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली** : आम आदमी पार्टी संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज संवाददाता सम्मेलन में थोड़ा असहज नजर आए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिल्ली में विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को अपने कटु वचनों से तार-तार करने की कोशिश की। केजरीवाल ने तल्ख लहजे में कहा कि आज प्रधानमंत्री करीब 43 मिनट के भाषण में से 39 मिनट दिल्ली के लोगों और उनके द्वारा चुनी गई सरकार के बारे में बोले। 2015 में दिल्ली के लोगों ने दिल्ली के लिए दो सरकारें चुनी थीं। दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं है, इसलिए कुछ मुद्दे केंद्र और कुछ दिल्ली सरकार के अधीन आते हैं। उसे अब 10 साल हो गए। दिल्ली सरकार ने इस 10 साल में कितने काम किए, अगर हम गिनाएं तो तीन घंटे भी कम पड़ जाएंगे। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि इस दौरान केंद्र सरकार ने एक भी ऐसा काम नहीं किया, जो प्रधानमंत्री आज अपने भाषण में गिनाकर गए होते। अगर वो दस साल में काम किए होते तो काम गिनाते। 2020 में प्रधानमंत्री ने दिल्ली के लोगों से कई वादे किए थे। उन्होंने भाजपा का संकल्प पत्र दिखाते हुए कहा कि उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कह गए थे कि 2022 तक दिल्ली में सभी को पक्के मकान बनाकर दे दिए जाएंगे। इस दौरान आज 1700 मकान की चाबियां दीं और इससे पहले कालका जी में 3000 मकानों की चाबियां दी हैं। पांच साल में यहीं मकान बनाए हैं। दिल्ली में 4 लाख झुग्गियां है, 15 लाख लोगों को मकान चाहिए लेकिन कुल 4700 मकान दिए गए हैं। केजरीवाल ने चुटकी लेते हुए कहा कि 2030 तक इस गति से फिर 1700 मकान ही बना पाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कालकाजी में जो मकान मिले हैं, वहां नारकीय हालत है। न पेयजल है न सीवर। आज प्रधानमंत्री ने तीन कालेजों की नींव रखी है। इस दौरान दिल्ली सरकार 22 हजार क्लासरूम बना दिए, तीन नए विवि, 11 नए वोकेशनल कालेज, 6 विवि कैम्पस बना दिए। हमारी काम करने वाली सरकार है, शिलान्यास करने वाली नहीं। पांच नए अस्पताल बनाए। मोहल्ला क्लीनिक बनाए। केंद्र सरकार के पास अकूत धन और पॉवर है। केंद्र सरकार दिल्ली सरकार से बड़ी लाइन खींच देती।

## कालकाजी क्षेत्र से आतिशी के मुकाबले कांग्रेस ने अलका लांबा को बनाया उम्मीदवार


एजेंसी



**नई दिल्ली** : दिल्ली विधानसभा चुनाव में कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कांग्रेस ने अलका लांबा को मैदान में उतारा है। शुक्रवार को यहां अलका लांबा के नाम की घोषणा कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की मंजूरी मिलने के बाद पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने की है। कांग्रेस नेता अलका लांबा नई दिल्ली की रहने वाली हैं। मौजूदा समय में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने 1990 के दशक में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन से अपनी छात्र राजनीति की शुरूआत की थी। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के अध्यक्ष के रूप में चुनी गई थीं। वर्ष 2002 में अलका लांबा को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। अलका लांबा ने दिसंबर 2013 में कांग्रेस छोड़ दी और अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं। दिल्ली में 2015 के विधानसभा चुनाव में वह दिल्ली के चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुनी गईं। वर्ष 2019 में आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देकर उन्होंने फिर कांग्रेस का हाथ थामा। वर्ष 2020 में उन्होंने कांग्रेस की टिकट पर चांदनी चौक से चुनाव लड़ा, लेकिन वो हार गईं। कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की अलका लांबा के सामने आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी हैं।

# अमेरिका के फुलर्टन शहर में विमान गोदाम से टकराया, दो की मौत,18 झुलसे

एजेंसी



**वाशिंगटन** : दक्षिणी कैलिफोर्निया के फुलर्टन शहर में गुरुवार को हुए विमान हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम 18 झुलस गए। बताया गया कि एक छोटा विमान व्यावसायिक गोदाम की छत से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान आग लग गई। गोदाम से 100 लोगों को सुरक्षित निकालकर बचा लिया गया। लॉस एंजिल्स टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, फुलर्टन पुलिस के प्रवक्ता क्रिस्टी वेल्स ने बताया कि पुलिस को गुरुवार दोपहर 2:09 बजे ऑरेंज काउंटी के फुलर्टन शहर में हुए विमान हादसे की सूचना मिली। दमकलकर्मियों और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बुझाई और आसपास के भवनों को खाली कराया। आग ने एक गोदाम को नुकसान पहुंचाया। गोदाम में सिलाई मशीनें और कपड़े का स्टॉक रखा हुआ था। यह हादसा फुलर्टन म्यूनिसिपल हवाई अड्डे से लगभग आधा मील दूर हुआ। झुलसे लोगों के इलाज के लिए पास में ही व्यवस्था की गई। दुर्घटनाग्रस्त विमान की पहचान एकल इंजन वैन के आरवी-10 के रूप में की गई है। फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइट अवेयर के डेटा से पता चला कि यह विमान दोपहर 2:07 बजे छोटे हवाई अड्डे से निकल रहा था। हवाई यातायात नियंत्रण टॉवर से प्राप्त ऑडियो के अनुसार विमान ने फुलर्टन हवाई अड्डे से उड़ान भरी ही थी कि पायलट ने घोषणा की कि तत्काल लैंडिंग की आवश्यकता है। ऑडियो में, पायलट शुरू में कहता है कि वह रन-वे 6 पर उतरने जा रहा है। इस कारण हवाई यातायात नियंत्रक को दूसरे विमान को उस क्षेत्र से दूर जाने के लिए कहना पड़ा। इसके बाद हवाई यातायात नियंत्रक पायलट को बताता है कि लैंडिंग के लिए रन-वे 6 या 24 में से कोई एक खाली है। फिर पायलट कहता है कि वह रन-वे 24 पर उतरने जा रहा है। एक मिनट से भी कम समय के बाद पायलट कहता है ओह माय गॉड। इसके बाद उसकी आवाज शांत हो जाती है। यह विमान हंटिंगटन बीच निवासी के नाम पर पंजीकृत है। यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि दुर्घटना के समय वह विमान में थे या नहीं। फुलर्टन के मेयर फ्रेड जंग का कहना है कि दुर्घटना के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है।


## संक्षिप्त खबरें

### अजय कुमार भल्ला ने ली मणिपुर के राज्यपाल पद की शपथ



**इंफाल** : केन्द्रीय गृह सचिव रह चुके अजय कुमार भल्ला ने शुक्रवार को मणिपुर के 19वें राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण कर ली। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भल्ला को मणिपुर राइफल्स के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। राजभवन में आयोजित शपथग्रहण समारोह में मणिपुर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी. कृष्णकुमार ने अजय कुमार भल्ला को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि असम-मेघालय कैडर के 1984 बैच के आईएएस अधिकारी अजय कुमार भल्ला पंजाब के जालंधर से आते हैं। अजय भल्ला, हाल ही में केंद्रीय गृह सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं और अब मणिपुर में राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे। वे लक्ष्मण प्रसाद आचार्य की जगह लेंगे। केंद्रीय गृह सचिव के रूप में भल्ला का कार्यकाल अगस्त 2024 में खत्म हुआ। उन्होंने अगस्त 2019 में गृह सचिव के रूप में पदभार संभाला था और इस पद पर उनका कार्यकाल सबसे लंबा रहा। केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर भल्ला ने देश के सुरक्षा, आंतरिक मामलों और कई संवेदनशील मामलों में महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे। भल्ला की नियुक्ति ऐसे समय में मणिपुर के राज्यपाल के रूप में हुई है, पूरा राज्य जातीय हिंसा से प्रभावित है। आईएएस अधिकारी (सेवानिवृत्त) भल्ला को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया था।

### बांग्लादेश के सेनाध्यक्ष ने खालिदा जिया से की मुलाकात



**ढाका** : बांग्लादेश के सेनाध्यक्ष जनरल वेकर-उज-जमान ने रात को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष खालिदा जिया से मुलाकात की। बीएनपी मीडिया सेल के सदस्य सायरुल कबीर खान ने कहा, सेना प्रमुख अपनी पत्नी के साथ बीती रात करीब साढ़े आठ बजे बीएनपी प्रमुख के गुलशन निवास फिरोजा पहुंचे। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र की खबर के अनुसार खालिदा जिया के सुरक्षा मामलों के सलाहकार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) फजले इलाही अकबर ने सेना प्रमुख और उनकी पत्नी का स्वागत किया। सायरुल ने कहा कि 40 मिनट की शिष्टाचार मुलाकात के दौरान चर्चा मुख्य रूप से पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के स्वास्थ्य के इर्द-गिर्द घूमती रही। उन्होंने कहा कि सेना प्रमुख ने खालिदा का हालचाल पूछा और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### ऑपरेशन डेमो के अंतिम रिहर्सल में दो मरीन कमांडो हवा में टकराए, समुद्र में गिरे



**नई दिल्ली** : विशाखापट्टनम के आरके बीच पर 04 जनवरी को होने वाले ऑपरेशन डेमो के लिए भारतीय नौसेना पूरी तरह से तैयार हैं। अंतिम रिहर्सल के दौरान दो मरीन कमांडो की हवा में टक्कर हो गई, जिसके बाद वे समुद्र में गिर गए। बाद में नौसेना की नाव ने दोनों मार्कोस कमांडो को बचा लिया। परिचालन प्रदर्शन में युद्धपोतों, पनडुब्बियों, विमानों, नौसेना बैंड की रोमांचक और सुव्यवस्थित श्रृंखला के माध्यम से भारतीय नौसेना की अत्याधुनिक क्षमताओं को दिखाया जाएगा। भारतीय नौसेना 04 जनवरी को विशाखापट्टनम के खूबसूरत आरके बीच पर एक भव्य परिचालन प्रदर्शन के साथ आंध्र प्रदेश के नागरिकों को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने इस महत्वपूर्ण नौसेना कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की मेजबानी पूर्वी नौसेना कमान के कमांडिंग-इन-चीफ फ्लैग ऑफिसर वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर करेंगे। तैयारियों के लिए पूर्वी नौसेना कमान, राज्य सरकार और शहर प्रशासन के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्थल सर्वेक्षण और समन्वय बैठकें की हैं। ऑपरेशन डेमो का रिहर्सल करने का प्रारंभिक कार्यक्रम 28 और 29 दिसंबर को किया जा चुका है, जबकि फाइनल रिहर्सल कार्यक्रम 02 जनवरी की शाम को रखा गया, ताकि 04 जनवरी का प्रदर्शन सुनिश्चित किया जा सके। आम लोगों को भी फाइनल रिहर्सल देखने के लिए आरके बीच पर आमंत्रित किया गया। हजारों फीट की ऊंचाई से कॉम्बैट फ्री फॉल के दौरान आरके बीच पर 2 मार्कोस कमांडो की हवा में टक्कर हो गई और वे पैराशूट में उलझ कर समुद्र में जा गिरे। ऑपरेशन डेमो की रिहर्सल के दौरान हुई इस दुर्घटना पर सतर्क नौसेना की नाव ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों मार्कोस कमांडो को बचा लिया।

### भाजपा ने डीएमके सरकार पर साधा निशाना संविधान की अनदेखी का लगाया आरोप

**नई दिल्ली** : तमिलनाडु में यौन उत्पीड़न की घटना के विरोध में प्रदर्शन करने उतरी भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तमिलनाडु पुलिस की इस कार्रवाई पर हमला बोलते हुए भाजपा प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि यह घटना बताती है कि कैसे राज्य सरकार अपराधियों के साथ खड़ी है। अन्ना विश्वविद्यालय में एक छात्रा के साथ बलात्कार किया गया। वह न्याय की मांग कर रही है, लेकिन क्योंकि बलात्कारी डीएमके का कार्यकर्ता है, इसलिए पुलिस और सरकार उसे छुपाने में व्यस्त हैं। राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि आज इस क्रूर घटना के विरोध में भाजपा एक जुलूस निकालना चाहती थी लेकिन महिला मोर्चा के कार्यकताओं को आज गिरफ्तार कर लिया गया है। यह पार्टी कार्यकताओं और महिला मोर्चा के संवैधानिक अधिकार का पूर्ण उल्लंघन है। भाजपा विरोध प्रदर्शन कर पीड़ित छात्रा के लिए न्याय की मांग कर रही है। साफ है राज्य सरकार अपराधियों को बचाने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि इस घटना का मुख्य आरोपित ज्ञानशेखरन का डीएमके के आला नेताओं से संबंध है। इसलिए इसे बचाने में राज्य सरकार जुटी हुई है। उन्होंने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इनकी पार्टियां राजनीतिक लाभ के लिए संविधान की अनदेखी करने से भी नहीं चूकतीं। संविधान की भावना और शब्दों का पालन नहीं करती हैं। इस युवा लड़की के साथ अन्ना विश्वविद्यालय में बलात्कार किया गया लेकिन उसे न्याय नहीं मिला। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा वीर सावरकर कॉलेज की आधारशिला रखे जाने के कांग्रेस के विरोध के सवाल पर भाजपा नेता चंद्रशेखर ने कहा कि यह पार्टी भारत के इतिहास को नहीं समझती है। कांग्रेस को लगता है कि भारत का इतिहास केवल जवाहरलाल नेहरू तक ही सीमित है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902